

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 15 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष -9 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-317 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 फरवरी 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### खनिज विभाग के दफ्तर पर ईडी का छापा

**कोरबा,15 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में ईडीकी टीम एक के बाद एक छापेमारी कर रही है. इसी बीच एक बार फिर ईडी की टीम कोरबा कलेक्ट्रेट स्थित खनिज विभाग के दफ्तर पहुंची है, जहां दस्तावेज खंगाल रही है. बताया जा रहा है कि कलेक्ट्रेट स्थित खनिज विभाग के अलग-अलग कमरों में ईडी की टीम दस्तावेज खंगाल रही है. मिली जानकारी के मुताबिक ईडी की टीम में आठ सदस्य शामिल हैं. इस छापेमारी को कोल लेवी मामले में चल रही जांच से जोड़कर देखा जा रहा है. ईडी की टीम के पहुंचने से प्रशासनिक अमले में खलबली मच गई है.

### आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आया जवान

**नारायणपुर,15 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आईटीबीपी का एक जवान आ गया। जवान का नाम मनोज यादव बताया जा रहा है। जवान को मामूली चोटें आईं हैं। जिसे साथी जवान मौके से निकालने की कोशिशों में लगे हुए हैं। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान यह घटना हुई है। मामला जिले के धनोरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, रोज की तरह बुधवार को भी आईटीबीपी के जवान इलाके की सर्चिंग पर निकले हुए थे। धनोरा इलाके के जंगल में सर्चिंग के दौरान मनोज यादव का पैर प्रेशर आईईडी की चपेट में आ गया। जिससे जोर का धमका हुआ। आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से जवान के पैरों में चोटें आईं हैं। बताया जा रहा है कि, साथी जवान घायल को मौके से निकालने की कोशिश कर रहे हैं। बताया जा रहा है सर्चिंग के दौरान एक जिंदा आईईडी भी बरामद की गई है। जिसे मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया गया है। जवान अब भी घटना स्थल पर ही मौजूद हैं। इलाके की सर्चिंग की जा रही है। दरअसल, जिस इलाके में जवान सर्चिंग कर रहे हैं वह धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यहां सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के मंसूबे से माओवादी कई आईईडीको वहां प्लांट कर रखा है।

### अयोध्या में राम प्रतिमा के लिए और शिलाएं लाई जाएंगी

**अयोध्या 15 फरवरी,** ।उत्तर प्रदेश के अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर के लिए भगवान राम की मूर्ति को तराशने के लिए और चट्टानों को लाए जाने की संभावना है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सचिव चंपत राय ने कहा, हम चट्टानों का तकनीकी अध्ययन करेंगे ताकि यह जांचा जा सके कि परिवहन के दौरान इन्हें कोई नुकसान, मलिनकिरण या डेंट नहीं हुआ है। यदि ऐसा है, तो ये चट्टानें किसी काम की नहीं होंगी। हम जल्द ही इस उद्देश्य के लिए इसी तरह की तीन और चट्टानें ला रहे हैं।

राम मंदिर ट्रस्ट ने कहा कि वे इस उद्देश्य के लिए अलग-अलग जगहों से इसी तरह की तीन और शिलाएं लाएंगे।

राय ने कहा, अयोध्या में शालिग्राम शिलाओं को भेजना नेपाल के संतों का निर्णय था। इन शिलाओं को राम जन्मभूमि के परिसर के अंदर नहीं ले जाया गया है और विश्व हिंदू परिषद के एक स्थल राम सेवक पुरम में रखा गया है।

इससे पहले, ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा था कि वीएचपी के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल, इसके राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पंकज के नेतृत्व में, 25 जनवरी को नेपाल के मस्तंग जिले से रवाना हुए शिलाओं के साथ आया था और 2 फरवरी की देर रात अयोध्या पहुंचा था,

# राजधानी में प्रेमिका की गला काटकर हत्या

## बिलासपुर में पति ने पत्नी का काट दिया पंजा

**रायपुर/बिलासपुर,15 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी और न्यायधानी में दो अलग-अलग बड़ी वारदातें हुई हैं. रायपुर में एक सनकी प्रेमी ने अपनी प्रेमिका का गला काटकर मौत के घाट उतार दिया.



आरोपी

वहीं बिलासपुर में एक सनकी पति ने अपनी पत्नी का पंजा काट दिया. इलाके में सनसनी फैल गई है. दरअसल, राजधानी में मुर्रा भट्ठी इलाके में प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर दी. आरोपी प्रेमी ने प्रेमिका का सिर धड़ से अलग कर दिया है. आरोपी प्रेमी मोहम्मद सुलतान को गिरफ्तार कर लिया है. प्रेमिका इमराना की मौके पर मौत हो गई है.जानकारी के अनुसार आरोपी और महिला एक ही बिरयानी सेंटर में दो ढाई साल पहले मिले थे, जहां दोनों के बीच आपस में बातचीत शुरू हुई और बातचीत के बाद दोनों में प्रेम प्रसंग चला. इसके बाद आज सुबह युवक महिला के घर पहुंचा और वह उससे पुराने पैसे की बात करने लगा. युवक का कहना था कि वह 8 महीने से खुद का बिरयानी सेंटर चला रहा था, जिसमें उसको नुकसान हुआ है. महिला ने युवक को पैसे देने से मना कर दिया. इसी बात पर विवाद हुआ और युवक ने महिला की हत्या कर दी.महिला के दो बच्चे हैं, जिसमें से एक की शादी देखने के लिए कुछ दिन पहले वह यूपी गई हुई थी. वहीं पति नारायणपुर में लगे मेले में बच्ची के साथ गया हुआ है. आगे पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि हत्या की सूचना प्राप्त हुई है. आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी और मृतका के बीच पिछले लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा था. प्रथम दृष्टया आपसी विवाद को लेकर हत्या करना समझ आ रहा है. आरोपी के विरुद्ध हत्या की धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है.

### न्यायधानी में हैवान पति की करतूत

इधर बिलासपुर कोर्ट में केस करने पर पति ने पत्नी के हाथ का पंजा काट दिया. पति द्वारा लड़ाई झगड़ा करने से परेशान पत्नी 1 साल से मायके में रह रही थी. रात में घर का दरवाजा तोड़कर पति ने धारदार हथियार से हमला किया. कोटा थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम कसियाकला का मामला है.

# फेसबुक पर युवती ने प्रेम जाल में फंसाकर की 7 लाख की ठगी

**कवर्धा,15 फरवरी।** फेसबुक पर प्रेम जाल में फंसकर युवक ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। फेसबुक पर युवती ने युवक को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर पहले दोस्ती की फिर प्रेम जाल में फंसाकर कई झूठे सपने दिखाकर 17 लाख रूपए की आनलाइन ठगी की घटना को अंजाम दिया। मामला चौकी दामापुर, थाना कुण्डा क्षेत्र का है।




मिली जानकारी के अनुसार थाना कुण्डा, ग्राम जैतपुरी निवासी हिमांशु यदू (24 वर्ष) को 30 जनवरी 2022 को फेसबुक में एक युवती का फ्रेंड रिक्वेस्ट आया। फेसबुक प्रोफाइल में पुलिस ड्रेस में युवती दिखी तो युव?क इस रिक्वेस्ट को एक्सेप्ट करता है। फिर दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। बातचीत के दौरान युवती ने बताया मेरा मुड ठीक नहीं है। 4 माह से सैलेरी नही आई है, इनक्वायरी चल रही है। एक को सूट कर दिया था इसी इनक्वायरी में कोर्ट आई हूं। युवती ने बताया कि मेरा घर का नाम नेहा कानिटकर है। बातचीत लगभग 2-3 बजे रात तक चली। युवक उस उस युवती पर विश्वास करने लगा फिर वाट्सअप के जरिए वीडियो कॉल से भी बातचीत होने लगी। इसके बाद युवती युवक को प्रेम जाल में फंसाने लगी। युवती ने कहा कि शादी करूंगी, अच्छा इन्सान मिला है, कहने लगी आई लाईक यू। इस प्रकार युवक मोह जाल में पूरी तरह फंस गया और युवती की बातों पर विश्वास करने लगा। युवती ने अपने प्रेम जाल में फंसाकर बिजनेस बढ़ाने और फुड इंस्पेक्टर की नौकरी लगाने का भी लालच दिया। इसके बाद युवती लगातार उससे पैसा मांगती रही। युवक भी झांसे में आकर युवती के खाते में पैसा ट्रांसफर करता रहा। इस प्रकार युवक 17 लाख 51 हजार रूपए युवती को भेज दिए। जब युवक ने पैसे वापस करने की मांग की तो कहा की जो करना है कर लो रूपये नहीं मिलेगा। युवक ने अब पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की जांच में जुट गई है।



# अब जोरा में होगी कांग्रेस की आमसभा

## देखने पहुंचे पवन बंसल, शैलजा और सीएम बघेल

**रायपुर,15 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

26 फरवरी को कांग्रेस के राष्ट्रीय महाधिवेशन के अंतिम दिन होने वाली बड़ी जनसभा अब कृषि महाविद्यालय के सामने स्थित जोरा के खाली मैदान में होगी। यह सभा पहले पुरखौती मुक्तांगन के पास स्थित मैदान में प्रस्तावित थी। आयोजन समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पवन बंसल, तारिक अनवर, प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नया मैदान देखकर इसको फाइनल किया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन बंसल और तारिक अनवर सुबह रायपुर पहुंच गए। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया। वहां से उनको वीआईपी रोड स्थित एक होटल ले जाया गया है। वहां से आयोजन की तैयारियों के संबंध में बातचीत के बाद सभी लोग आयोजन स्थल मेला ग्राउंड नवा रायपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, डॉ. शिव डहरिया भी उनके साथ हो लिए।

बताया जा रहा है, मेला ग्राउंड में मुख्य डोम का ढांचा खड़ा करने का काम जारी है। उसके अलावा जनसभा के लिए अलग से तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन समिति यहां की तैयारियां देख रही है। वे वहां ठेकेदारों से बात करने। यहीं पर आयोजन समिति को पूरी व्यवस्था के संबंध में एक प्रजेंटेशन भी दिया गया। इसमें मुख्य मंच, डोम, किचन, प्रसाधन, परिवहन, पार्किंग, सुरक्षा और रहवास से जुड़ी व्यवस्था की डिटेल होगी। वहां से सभी लोग जोरा पहुंचे। यहां कृषि महाविद्यालय के सामने ट्रेजर आइलैंड के पास स्थित मैदान में जनसभा की व्यवस्था देखी। बताया जा रहा है, शहर से नजदीक और हाइवे के पास होने की वजह से इसको जनसभा के लिए चुना गया है। बताया जा रहा है, आयोजन समिति आवास व्यवस्था देखने भी जाएगी। विस्तृत बातचीत के बाद बंसल और अनवर शाम को दिल्ली लौट जाएंगे। कांग्रेस का राष्ट्रीय महाधिवेशन 24 से 26 फरवरी तक होगा।

### 12 से 14 हजार लोगों के लिए विशाल डोम

इस अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत देशभर के 12 से 14 हजार से कांग्रेसी शामिल होने वाले हैं। इनके रुकने के लिए नवा रायपुर के मेला ग्राउंड में एक विशाल डोम बनाया जा रहा है। लगभग 60 एकड़ में फैले इस मैदान में ही महाधिवेशन होना है। देश भर से आने वाले पदाधिकारियों और नेताओं की बैठकें इसी विशाल डोम में होनी हैं। अधिवेशन के लिए वहीं पर किचन तैयार किया जाएगा। जहां से सभी के लिए चाय-नाश्ते से लेकर भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

### मेफेयर से लेकर हाउसिंग बोर्ड के फ्लैट तक में व्यवस्था

देश भर से आ रहे कांग्रेस नेताओं और प्रतिनिधियों को ठहराने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए तीन तरह की व्यवस्था की जा रही है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका, मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे वरिष्ठतम नेताओं को नवा रायपुर के रिसॉर्ट में ठहराने की योजना है। दूसरे नेताओं के लिए नवा रायपुर, रायपुर और भिलाई के होटलों को बुक किया जा रहा है। सभी होटलों से महाधिवेशन की तारीखों पर बुकिंग का ब्यौरा जुटाया जा चुका है। बताया जा रहा है, अधिकतर होटलों को चार दिनों के लिए बुक किया गया है। वहीं नवा रायपुर में हाउसिंग बोर्ड और क्रेडाई के खाली फ्लैट में भी रहने की व्यवस्था की जा रही है। ऐसे करीब 700 फ्लैट में पंखा, कूलर, बिस्तर और अस्थायी फर्नीचर की व्यवस्था की जा रही है।

### नक्सली अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे

जिस बीबीसी के लिए कभी प्रधानमंत्री जी स्वयं कहते थे कि जो बीबीसी कह दे उसे सत्य मानो, आज उस पर इनकम टैक्स का छापा डालकर आवाज दबाना चाह रहे हैं।

भाजपा की सरकार में आदिवासियों की हजारों हेक्टेयर जमीन छीनी गयी। हमने आदिवासियों की जमीन वापस करने का काम किया

नक्सली अब कमजोर पड़ रहे हैं इसलिए अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं, भाजपा इसकी आड़ में राजनीतिक लाभ लेना चाहती है।

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन हब बनने को भारत तैयार

**नई दिल्ली,15 फरवरी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, यूके के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूके के व्यापार सचिव केमी बडेनोच सहित विश्व नेताओं ने एयरबस और बोइंग से 470 विमानों की खरीद के लिए एयर इंडिया के बहु-अरब डॉलर के सौदे की सराहना की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने एक आभासी कार्यक्रम में एयर इंडिया-एयरबस सौदे का स्वागत किया और कहा कि यह एयरोस्पेस क्षेत्र में एक नई सफलता है।जो बाइडेन ने रेखांकित किया कि कैसे एयर इंडिया-बोइंग सौदा 44 राज्यों में दस लाख से अधिक अमेरिकी नौकरियों का समर्थन करेगा, और एयर इंडिया को भारत में हवाई परिवहन की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के बढ़ते विमानन क्षेत्र को 15 साल में 2,000 से अधिक विमानों की जरूरत होगी। एयर इंडिया ने आखिरी बार 111 विमानों की खरीद का ऑर्डर 2005 में दिया था। तब 68 विमानों का ऑर्डर बोइंग को और 43 का एयरबस को दिया गया था। भारत सरकार नागरिक उड्डयन सेक्टर को मजबूत करने पर खास ध्यान दे रही है। पिछले आठ वर्षों में भारत में हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 147 हो गई है। इससे लोगों के आर्थिक और समाजिक विकास को बढ़ावा मिल रहा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने एयर इंडिया बोइंग डील को परस्पर लाभकारी सहयोग का श्रेष्ठ उदाहरण बताया, जिससे दोनों देशों में रोजगार के नए मौके पैदा होंगे। भारत में सिविल एविएशन के विस्तार का जिक्र कर मोदी ने बोइंग और अन्य कंपनियों को भारत आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका के बेहतर होते रिश्तों पर संतोष जताया। भारत की अध्यक्षता में त्20 की सफलता के लिए भी दोनों देश काम करेंगे। इससे पहले बाइडन ने कहा कि एयर इंडिया 34 अरब डॉलर में बोइंग से 220 विमान खरीदेगी। इसके अलावा 70 और विमान खरीदने का विकल्प होगा। यूके के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने एयर इंडिया, एयरबस और रोल्स-रॉयस के बीच ÷ऐतिहासिक÷ सौदे की सराहना की और कहा कि यह दर्शाता है कि यूके के संपन्न एयरोस्पेस क्षेत्र के लिए आकाश की सीमा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह सौदा वेल्स और डर्बीशायर में अत्यधिक कुशल नौकरियों का समर्थन करेगा और निर्यात को बढ़ावा देने और अर्थव्यवस्था को विकसित करने में मदद करेगा. टाटा समूह एयरबस से 250 विमान खरीदेगा, जो इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा विमानन सौदा है17 साल में यह पहला मौका है, जब एयर इंडिया विमान खरीदने का ऑर्डर जा रही है। टाटा समूह के स्वामित्व में एयर इंडिया का यह पहला ऑर्डर होगा।इसके तहत एयर इंडिया फ्रांस की एयरबस से 40 बड़े आकार के ए350 विमान और 210 छोटे आकार के ए 320 विमान खरीदेगी। पहला विमान इसी साल मिल जाएगा।



# मेला स्थल में टूटे शौचालय के दरवाजे

■ संबंधित विभाग लोगों के साथ कर रहे भद्दा मजाक

■ एस डी ओ साहब फोन उठाना उचित नहीं समझते

**राजिम,15 फरवरी**

पूरे मेला क्षेत्र में अवस्थाओं का आलम है। शौचालय मनुष्य की महती जरूरत होती है इस पर विभाग को संवेदनशील होना चाहिए लेकिन पीएचई विभाग ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर संगम नदी में शौचालय खड़ा तो कर दिए परंतु रखरखाव नहीं होने से स्थिति खतरनाक हो गई है। महोत्सव मंच जाने के नदी मार्ग पर निर्मित शौचालय का हाल बेहाल है। इस जगह के शौचालय में आधे से ज्यादा दरवाजा ही टूटा हुआ है आधे दरवाजा में नीचे का हिस्सा ही आउट हो गया है अब शौच के लिए जैसे ही बैठते हैं पूरा दर्शन हो जाएगा।यह आम जनता के साथ भद्दा मजाक जैसी स्थिति निर्मित कर रही है। कहीं पर दरवाजा टूटा है तो कहीं पर संकल नहीं है तो कहीं पर और कुछ है। प्रतिदिन इनके साफ सफाई नहीं होने से जिंदगी में ही बैठने के लिए मजबूरी हो गई है। जिसके कारण लोग शौच नहीं कर पा रहे थे। गंदगी का ऐसा आलम दिखाई दे रहा था जिसे बयां कर पाना अत्यंत मुश्किल है यही स्थिति पूरे मेला क्षेत्र की बनी हुई है और विभागीय अधिकारी से लेकर जिम्मेदार कर्मचारी नदारद है जिसका ही खामियाजा आम श्रद्धालुओं को भुगतना पड़ रहा है प्रदेश सरकार ने भारी भरकम राशि लोगों के मूलभूत सुविधाओं के लिए खर्च कर रहे है पर शासन के अधिकारी कर्मचारी ही जानबूझकर लापरवाही बरत रहे हैं जबकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसलिए छत्तीसगढ़ शासन करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत किया है लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते आम जनता अत्यंत परेशान हैं। मेला क्षेत्र में सरकार की पहली प्राथमिकता पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय को दुरुस्त करने की है लेकिन यहां पर शौचालय की अव्यवस्था को देखकर इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभाग कितना गंभीर है

***संबंधित विभाग के अधिकारी को जानकारी के लिए फोन किया गया पर फोन की घंटी बजने के बाद भी फोन उठाना उचित नहीं समझा*** ।

# विधायक विक्रम मंडावी पर लगाया नक्सलियों से साठगांठ का आरोप

**बीजापुर,15 फरवरी।** बस्तर में 3 भाजपा नेताओं की हत्या के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है. इसी बीच युवा आयोग के पूर्व सदस्य अजय सिंह ने अपने भांजे भाजपा जिला उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ विधायक विक्रम मण्डावी पर गंभीर आरोप लगाया है. अजय और रायडू ने अपने बयान में विधायक पर नक्सलियों से साठगांठ और चुनाव से पहले साजिश के तहत हत्या करवाने की आशंका जाहिर की है. उन्होंने कहा कि, भविष्य में विधायक विक्रम के रहते कोई भी जनहानि होती है तो इसके लिए विधायक और स्थानीय पुलिस प्रशासन सीधे तौर पर जिम्मेदार होगी. अजय का कहना है कि, कांग्रेस छोड़ भाजपा ज्वाइन करने



के बाद से रायडू की सुरक्षा को राजनीतिक दबाब में हटा दिया गया. इसके बाद गत वर्ष पुलिस मुख्यालय से रायडू की जान को नक्सलियों से खतरा बताते हुए फिर से सुरक्षा देने के आदेश जारी हुए, जिस पर अमल नहीं हुआ. इसी वर्ष महज सप्ताह भर सुरक्षा देने के बाद दोबारा सुरक्षा हटा दी गई, जिससे साफ प्रतीत होता है कि, राजनीतिक दबाब में रायडू की सुरक्षा को हटा कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है. इधर बीजेपी नेता रायडू ने भी अजय के आरोपों को सही ठहराते अपनी जान को खतरा बताया है. रायडू के मुताबिक चुनाव से पहले विधायक उनकी हत्या करवा सकते हैं. रायडू ने आरोप लगाया कि, विधायक विक्रम के नक्सलियों से पुराने संबंध है. नक्सलियों के मददगार के रूप में विधायक रहे हैं. विधायक केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी के जांच के दायरे में है. इधर अपने ऊपर लगे गंभीर आरोपों का खंडन विधायक ने किया है.

### यूपी के पूर्व मंत्री को मिली सात दिन की पैरोल

**लखनऊ 15 फरवरी,** । इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति को सात दिन की पैरोल दी है। बलात्कार के आरोपी प्रजापति को 5 मार्च को होने वाली अपनी बेटी की शादी में शामिल होने के लिए राहत दी गई है। इससे पहले गायत्री ने 56 दिनों की अल्पकालिक जमानत के लिए आवेदन किया था।

# अब पालघर में 'श्रद्धा' जैसा मर्डर

**पालघर 15 फरवरी,** । दिल्ली में हुए श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड जैसा मामला मुंबई में भी सामने आया है। यहां पालघर के तुलिंज इलाके में लिव-इन में रह रहे एक युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या कर उसकी लाश पलंग के अंदर छिपा दी। आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक युवक और उसकी प्रेमिका के बीच काफी झगड़े होते थे। ऐसे ही एक आपसी विवाद के बाद गुस्से में आरोपी ने लड़की की हत्या कर दी और उसकी लाश अपने कमरे के बेड बॉक्स में छिपा दी। आरोपी को रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों ने मध्य प्रदेश के नागदा में एक ट्रेन से पकड़ा। तुलिंज थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेंद्र नागरकर ने इस हत्याकांड के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया, 'हमारे पुलिस स्टेशन में एक मर्डर का मामला दर्ज हुआ है। मेघा (37), जो पेशे से एक नर्स थी, सोमवार को तुलिंज इलाके में अपने किराए के घर में मृत पाई गई, जब अंदर से दुर्गंध आने लगी और पड़ोसियों ने पुलिस को सूचित किया। उसका शव पलंग के अंदर गद्दे में लिपटा मिला। पिछले सप्ताह किसी समय उसकी हत्या किए जाने का संदेह है। आरोपी को पकड़ लिया गया है। उसने पूछताछ में बताया कि वह और लड़की तुलिंज में लिव-इन में रहते थे। दोनों के बीच आए दिन झगड़े होते थे। एक ऐसे ही आपसी विवाद के बाद आरोपी ने गुस्से में आकर अपनी प्रेमिका मेघा की हत्या कर दी और शव को पलंग के अंदर डाल दिया।

## एक नजर

### महिला की लाश मिली,शव पीएम के लिए भेजा

**भिलाई, 15 फरवरी।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र ग्राम अकोली दुर्गा मंच के समीप रहने वाली महिला माधुरी रावत फांसी पर लटकी मिली उसकी हत्या की गई है या आत्म हत्या पोस्टमार्टम के बाद इसका खुलासा होगा बता दें कि बलदाऊ यादव की पहली पत्नी साल भर पहले उसे छोड़ कर भाग गई है वहीं जिस महिला की हत्या या आत्महत्या हुई है, इस महिला से 25 दिन पूर्व शादी की थी। आत्महत्या बताया जा रहा है पुलिस गंभीरता व तत्परता से जांच कर रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धमधा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया है। शव पोस्टमार्टम के लिए धमधा भेज दिया है।

### छत्तीसगढ़ राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर:मूलचंद शर्मा

**साजा, 15 फरवरी।** पूर्व बीजेपी मंडल



अध्यक्ष एवं वरिष्ठ बीजेपी नेता मूलचंद शर्मा ने कांग्रेस के विकास के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की सिर्फ विकास कार्यों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है और शासन की योजनाओं का लाभ लोगो को मिल नही पा रही है । गांवों में अवेध शराब की बिक्री बढ़ी हुई है । पीएम आवास के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में करोड़ो लोग साढ़े 4 सालो से कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण इंतजार कर रहे है । झोपड़ी में रहने को मजबूर रहना पड़ रहा है । शहरों में भी जो निर्माण हो रहे है उसमे भ्रष्टाचार समाया हुआ है साथ ही गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य जारी है । लोग चुनाव का इंतजार कर रहे है और जनता ने मन बना लिया है की साजा और छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनानी है ।

### सेल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में 463.54 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ किया दर्ज

**भिलाई, 15 फरवरी।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने मौजूदा वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही के दौरान अब तक का सबसे अच्छा त्रैमासिक कच्चे इस्पात का उत्पादन हासिल किया है। कंपनी हाल के महीनों में कच्चे इस्पात के उत्पादन में लगातार वृद्धि कर रही है। वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में बिक्री की मात्रा में भी पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वृद्धि देखी गई। पूरी दुनिया में चुनौतीपूर्ण वैश्विक स्थिति और आर्थिक परिदृश्य का स्टील की कीमतों पर असर पड़ा, जिससे स्टील निर्माताओं के मार्जिन प्रभावित हुए। हालांकि, बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में पूंजीगत व्यय बढ़ने पर सरकार के ध्यान की वजह से, घरेलू इस्पात खपत में लघु से मध्यम अवधि में वृद्धि की उम्मीद है।

### शौचालय की स्वच्छता के लिए किया जागरूक



**भिलाई, 15 फरवरी।** नगर पालिका परिषद जामुल मे 2.0 कैम्पेन के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जैसे लोगों मे सार्वजनिक शौचालयों व सामुदायिक शौचालयों मे स्वछता के प्रति भागीदारी बढ़ाना क्तक्रकोड के माध्यम से फीडबैक लिया जाना शौचालय के उपयोग मे आ रही स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय स्वास्थ्य, गरिमा, गोपनीयता और शिक्षा के लिए अति आवश्यक हैं स्वच्छ भारत मिशन, ने सुरक्षित पहुंच प्रदान करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है लेकिन इस उपलब्धि को बनाए रखना महत्वपूर्ण व्यवहारों को अपनाना और भी महत्वपूर्ण है, सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों में सुधार पर जोर देने के साथ टॉयलेट 2.0 अभियान सुरक्षित स्वच्छता बनाए रखने का समग्र लक्ष्य है।दिक्कतों को सुधारना, शौचालयों मे साबुन टावेल व विभिन्न आवश्यक रेट्रोफ़िटिंग के कार्य आदि प्रयास समर्थन व यूनिसेफ की सहायता से मुख्य नगर पालिका अधिकारी जामुल जे.पी. बंजारे जी, सहायक अभियंता दिनेश नेताम जी ओर जिला समन्वयक के नेतृत्व मे आयोजित किया जा रहा है।

### नेहरू आर्ट गैलरी में निधी जैन की चित्रकला प्रदर्शनी उद्घाटित

**भिलाई, 15 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा सिविक सेंटर, इंदिरा प्लेस में स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में 12 फरवरी 2023 को इस्पात नगरी की कलाकार सुश्री निधी जैन द्वारा निर्मित चित्रों की एकल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 फरवरी 2023 को प्रातः 11 बजे संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एवं बीई) श्री संजय धर ने महाप्रबंधक (कार्मिक - खदान) श्री एस के सोनी और कलाकार के परिजनों की उपस्थिति में किया।परम्परागत रूप से दीप प्रज्वलित करके प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद मुख्य अतिथि श्री संजय धर ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और पेन्टिंग की विभिन्न स्टाइलों को देखा। कलाकार निधी जैन ने चित्रों में रंगों का संयोजन और बनाने की स्टाइल का विवरण बताया। इस प्रदर्शनी में कलाकार श्रीमति निधी जैन द्वारा निर्मित लगभग 80 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है।

# सफाई का ठेका लेने ठेकेदार रमन को झूठा शपथ पत्र देना पड़ा भारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली, 15 फरवरी।** झूठा शपथ पत्र देकर रिसाली निगम क्षेत्र के लिए सफाई का ठेका लेने वाले ठेकेदार पीवी रमन को भारी पड़ गया। रिसाली नगर निगम की हुई एमआईसी की बैठक में रमन के सफाई ठेका को निरस्त कर दिया गया और अब उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। ज्ञातव्य हो कि गत सप्ताह रिसाली नगर निगम के विशेष सामान्य सभा में रमन द्वारा सफाई का ठेका लेने के लिए झूठा शपथ पत्र देकर सफाई का ठेका लिये जाने का मामला भाजपा के प्रखर पार्षद धर्मेन्द्र भगत सहित अन्य भाजपा पार्षदों द्वारा बड़े ही जोर शोर से उठाया गया और रमन के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने पर अड़े रहे, इसके बाद सभापति केशव बंछोर द्वारा इसकी जांच के लिए एक समिति गठित की गई थी और उस समिति की रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की बात कही गई थी। अब निगम की जांच समिति द्वारा मामले की जांच के दौरान ठेका हथियाने झूठा शपथ पत्र दिये जाने की बात सही निकली। अब उसके बाद रिसाली महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने सफाई ठेका अंततः निरस्त कर दिया। उक्त निर्णय आयुक्त आशीष देवांगन द्वारा गठित जांच टीम के प्रतिवेदन के आधार पर लिया गया। रिसाली निगम के सफाई ठेका पर सामान्य सभा में गहमागहमी होने के बाद मंगलवार को महापौर परिषद के सदस्यों ने मामले का पटाक्षेप कर दिया। जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ कि सफाई ठेका लेने ठेकेदार पी.वी.रमन ने अपने शपथ पत्र में इस बात का उल्लेख नहीं किया है कि उसका नाम धमतरी निगम ने काली सूची में शामिल किया है। महापौर परिषद के सदस्यों ने इसे गंभीर आरोप मानते हुए ठेका ही निरस्त कर दिया। महापौर परिषद की बैठक में महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, परिषद के सदस्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनूप डे, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, सनीर साहू, ईश्वरी साहू, परमेश्वर कुमार, आयुक्त आशीष देवांगन व विभाग प्रमुख उपस्थित थे। झूठा शपथ पत्र प्रस्तुत करने के मामले को महापौर परिषद के सदस्यों ने गंभीर माना। परिषद के सदस्यों ने कहा कि ठेकेदार ने निगम प्रशासन को गुमराह कर ठेका हासिल किया है। जानकारी छिपाने और झूठा शपथ पत्र देने के मामले में अपराध दर्ज कराया जाए। अब वार्ड पार्षद अपने निधि का उपयोग वार्ड की सुरक्षा के लिए भी कर सकते हैं। पार्षद अपनी निधि से अपने वार्ड में सी.सी. टीवी लगवा सकते हैं। इस कार्य की स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। पाइप लाइन से रसोई गैस सप्लाई करने की कार्य योजना को अंततः महापौर परिषद के सदस्यों ने हरी झंडी दे दी है। उक्त कार्य रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित कर पूर्ण कराया जाएगा। इस कार्य का आरंभ करने से पहले एजेंसी को समस्त प्रकार के अनापत्ति प्रमाण पत्र लाकर निगम में पहले प्रस्तुत करना होगा। साथ ही गैस तैयार करने निगम के गोबर खरीदी केन्द्र से निर्धारित दर पर गोबर खरीदना अनिवार्य होगा।

## विधायक प्रतिनिधि ने विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 15 फरवरी।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्री कला में विधायक पंडरिया ममता मनोज चंद्राकर के मद से लगभग आधा करोड़ से भी ऊपर से होने वाले विकास कार्यों की भूमिपूजन व लोकार्पण विधायक प्रतिनिधि द्वारा किया गया । मंगलवार को ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह, एव बसंत उत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण एव विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ सम्मान समारोह एवं बसंत उत्सव कार्यक्रम के भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर अध्यक्षता जलेश्वर चंद्राकर सरपंच पेंड्रीकला विशिष्ट अतिथि श्री मनोहर चंद्राकर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति हरिशंकर चंद्राकर पूर्व सरपंच पेंड्रीकला



रामनाथ कुर्रे अध्यक्ष गौठान के साथ ही साथ अरविंद चंद्राकर सुरेश चंद्राकर के आतिथ्य में कार्यक्रम का भव्य आगाज हुआ इस कार्यक्रम में पंचायत एवं विद्यालय विभाग के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त किए एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान भी किया गया जिसमें पुरुषोत्तम चंद्राकर डी लिट की मानद उपाधि भूगोल उदयराम चंद्राकर सहायक संचालक सुकूतराम चंद्राकर बाबूलाल चंद्राकर स्वर्गीय महेश चंद्राकर स्वर्गीय रमाशंकर राजपूत राम कुमार गुप्ता स्वर्गीय रामस्वरूप चंद्राकर जंगबाज सैनिक भुनेश्वर सिंह चौहान ज्ञान सारथी पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों का प्रतीक चिन्ह साल श्रीफल डायरी एवं कलम देकर व बैच लगाकर सम्मान किया गया वही कार्यक्रम के माध्यम से विधायक प्रतिनिधि के द्वारा 25 लाख से निर्मित होने वाली अमृत तालाब 20 लाख का सी सी रोड 10 लाख का नाली निर्माण एवं 5 लाख से निर्मित होने वाली पटेल समाज के लिए सामुदायिक भवन की अहाता व भवन का भूमि पूजन किया गया वहीं पर प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पेंड्रीकला हेतु 10 लाख से निर्मित मंच का एवं लोकार्पण किया गया कार्यक्रम को प्राथमिक एवं माध्यमिक के नन्हे नन्हे बालक बालिकाओं ने अपने नन्हे नन्हे ताल कदमों के झंनकाकर से अद्भुत छटा बिखेरी कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर लगातार प्रस्तुति दी गई मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छोटे-छोटे बच्चों को मंचीय कार्यक्रम देकर हम उनके प्रतिभा को सामने लाकर झिझक दूर करते हैं जिससे निश्चित ही वे क्लास रूम में निर्भीकता पूर्वक अपने बातों एवं भावनाओं को शिक्षकों से साझा करने में सफल होते हैं इससे उनकी ज्ञान की कुंजी खुल जाती है इस आयोजन में पेंड्रीकला के साथ ही साथ आसपास के मितानिनो को साड़ी देकर सम्मान किया गया संकुल समन्वयक विष्णु चंद्राकर एवं समिति प्रबंधक अजय चंद्राकर का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामनिहोरा चंद्रवंशी एवं भुवनेश्वर सिंह चौहान के द्वारा किया गया दर्शकों ने सम्मान राशि देकर बच्चों के कार्यक्रम को सराहा एव होशला अफजाई की ।

## सूने मकानों को निशाना बना चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार



**भिलाई, 15 फरवरी।** स्मृति नगर चौकी पुलिस ने सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर तीन चोरियों का खुलासा किया है एक चोर को पुलिस ने पकड़ा तो दूसरे ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस रिमांड लेकर आरोपी से चोरी के सोने- चांदी के जेवरात जब्त किये गए हैं। स्मृति नगर चौकी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि 12 फरवरी की रात 9.15 से 9.45 के बीच अज्ञात चोर ने प्रार्थी राजदत्त गजभिए के घर में घुसकर चोरी का प्रयास किया कुछ नहीं मिलने पर दूसरे घर में घुस गया। प्रार्थी लोकेश बंछोर के घर से मोबाइल का पावर बैंक चोरी कर ले गया इसके बाद पुलिस ने चोर की तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने गौतम ठाकुर (21 वर्ष ) निवासी कोहका को पकड़कर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। चौकी प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि वहीं एक अन्य चोरी के प्रकरण में आरोपी नौसाद उर्फ बिल्लू (35 वर्ष ) निवासी कैम्प-1 की तलाश करने पर परेशान होकर न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। इसके बाद पुलिस ने रिमांड लेकर आरोपी के कब्जे से दो चांदी के गोल सिक्का, एक चांदी की चाबी, दो चांदी के चौकोर सिक्का, एक चांदी का गोल सिक्का बरामद किया है।

## टाउनशिप में नियमितिकरण के लिए शिविर लगाने पर प्रबंधन ने रखा अपना पक्ष

**भिलाई, 15 फरवरी।** अभी हाल ही में विभिन्न समाचार पत्रों में इस आशय की खबर छपी है कि भिलाई टाउनशिप में दुकानों एवं मकानों में जो अनाधिकृत अतिरिक्त निर्माण किया गया है, उसके नियमितिकरण के लिए भिलाई नगर निगम द्वारा टाउनशिप में शिविर लगाया जा रहा है। उक्त संबंध में सूचित किया जाता है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा टाउनशिप की उसके स्वामित्व की संपत्ति लोक परिसर अधिनियम 1971 के अन्तर्गत लोक परिसर हैं जिसका आवेदन, प्रबंधन एवं संचालन, भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा, आबंटन की नियम एवं शर्तो के अन्तर्गत किया जाता है। जिसमें यह स्पष्ट शर्त है कि आबंटी द्वारा अनाधिकृत निर्माण वर्जित है एवं आबंटन की नियम एवं शर्तो की अवहेलना, अनाधिकृत निर्माण इत्यादि होने पर आवेदन/लीज निरस्त किया जाता है एवं तत्संबंध में आबंटी के विरूद्ध कार्यवाही लगातार किया जा रहा है। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में आबंटी के विरूद्ध आबंटन की शर्तों के अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है और प्रबंधन की अनुमति के बिना किसी भी अथॉरिटी द्वारा जारी आदेश, प्रबंधन पर बन्धनकारी नहीं है। अतः सेल बीएसपी सभी आबंटियों को सूचित करता है कि आबंटी, द्वारा सेल-बीएसपी के सहमति के बिना नियमितिकरण का आवेदन नहीं किया जा सकता है, बीएसपी ऐसे सभी आबंटियों के विरूद्ध लीज/लाइसेंस के नियम एवं शर्तो के अन्तर्गत कार्यवाही करने के लिये पूर्णतयाः स्वतंत्र हैं। आबंटी नियमितिकरण की कार्यवाही अपने जोखिम एवं लागत पर करेंगे। आबंटियों द्वारा की गई ऐसी कोई भी नियमितिकरण की कार्यवाही से बीएसपी पर बन्धनकारी नहीं है।

## राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन



भिलाई, 15 फरवरी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से लोक उद्यम विभाग (डीपीई) की एक पहल के रूप में स्वैच्छिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए परामर्श, पुनर्प्रशिक्षण और पुनः तैनाती (सीआरआर) योजना पर भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा आधे दिन की कार्यशाला का आयोजन विगत दिनों किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एम एम गद्रे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ नितिन अग्रवाल, संयुक्त निदेशक, लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार उपस्थित थे। इसके साथ ही मुख्य महाप्रबंधक (एचआरडी एवं बीई) संजय धर भी उपस्थित थे। एनएसडीसी के गणमान्य व्यक्तियों में कैप्टन सुबंधु शर्मा, क्षेत्रीय प्रमुख उत्तर, लॉजिस्टिक सेक्टर स्किल काउंसिल, कृष्ण नंद झा, एजीएम, दूरसंचार एसएससी, सुश्री तमन्ना चौधरी, प्रबंधक, एनएसडीसी, सुश्री नम्रता कपूर, प्रबंधक-कंटेन्ट फ्यूचर स्किल, नेजामुद्दीन अहमद, प्रबंधक, प्रबंधन एसएससी मौजूद थे। मुख्य महाप्रबंधक संजय धर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यपालक निदेशक एम एम गद्रे ने सभा को संबोधित किया। डॉ नितिन अग्रवाल संयुक्त निदेशक (डीपीई), भारत सरकार ने सीआरआर योजना के बारे में एनएसडीसी के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण के बाद सभाओं को सीआरआर योजना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक सुश्री निशा बाउल ने किया। वरिष्ठ प्रबंधक तुषार रॉय चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बार एवं रॉड मिल ने लगातार दो दिनों तक बनाया दैनिक उत्पादन का नया कीर्तिमान

**भिलाई, 15 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल ने 11 फरवरी 2023 को 16 एमएम टीएमटी बार में 3512 टन का उत्पादन कर किसी भी सेक्शन के रोलिंग में नया दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया है। इसके पूर्व यह कीर्तिमान विगत 26 जनवरी 2023 को 16 एमएम टीएमटी बार में 3481 टन का रोलिंग कर बनाया गया था। इसके साथ ही दूसरे दिन भी बीआरएम ने अपने पिछले 11 फरवरी 2023 को स्थापित 16 एमएम टीएमटी बार में 3512 टन रोलिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए 12 फरवरी 2023 को 16 एमएम टीएमटी बार में 3692 टन का उत्पादन कर किसी भी सेक्शन के रोलिंग में पुनः नया दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया है। विदित हो कि मुख्य महाप्रबंधक श्री मुकेश गुप्ता के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में टीम बीआरएम ने अपने पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ उत्पादन का दैनिक कीर्तिमान स्थापित किया।

इसके साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने बीआरएम बिरादरी सहित उनके सहयोगी विभागों को बधाई दी।

## अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए निगम लगा रहा शिविर

**भिलाई, 15 फरवरी।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए शिविर के आयोजन किए जा रहे हैं तथा शिविर के माध्यम से अनाधिकृत विकास एवं अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए आवेदन जमा कराए जा रहे है। बीएसपी क्षेत्र से भी अवैध निर्माण एवं अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण को लेकर आवेदन का संग्रहण किया जा रहा है। इसके लिए सेक्टर 5 के 7-एम चौक में शिविर लगाकर 18 आवेदन प्राप्त किए गए। इसके साथ ही अनधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए पूछताछ करने लगभग 200 से अधिक लोग पहुंचे, आर्किटेक्ट ने इनका विवरण अपने पास रखा है। सेक्टर 5 के 7-एम चौक में दिनांक 14 फरवरी मंगलवार एवं 15 फरवरी बुधवार को भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 11:00 बजे से नियत किया गया है। अनाधिकृत निर्माण को लेकर शिविर में लोग बड़ी संख्या में



पहुंच रहे हैं। इसी प्रकार से आज जोन क्रमांक एक नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत आनंद नगर में भी शिविर का आयोजन अनधिकृत विकास के नियमितीकरण को लेकर लगाया गया था, जिसमें 11 आवेदन लिए गए तथा बाकी लोगो को इसकी जानकारी दी गई। अनाधिकृत विकास के नियमितीकरण के लिए निगम आयुक्त रोहित व्यास ने सभी जोन आयुक्त को टारगेट प्रदान किया है तथा सर्वे और शिविर लगाने के साथ ही अनाधिकृत विकास करने वालों को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण, मिली हुई स्वीकृति के विपरीत निर्माण, आवासीय प्रयोजन में व्यावसायिक निर्माण या बिना स्वीकृति के निर्माण का निगम क्षेत्र में सघन सर्वे किया जा रहा है।

## हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा अभियान में क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने महिला कांग्रेस की हौसला अफजाई की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 15 फरवरी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वाहन पर मंत्री मो अकबर भैया जी क्रेडा सदस्य श्री कन्हैया लाल अग्रवाल जी,जिला कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा जी,के मार्गदर्शन में जिला कांग्रेस प्रवक्ता *राजकुमार तिवारी जी के उपस्थिति में,हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के प्रभारी श्री अशोक सिंह ठाकुर जी वार्ड नौ के पार्षद संतोष यादव जी वार्ड 08 के प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता कीर्ता तिवारी जी के सहयोग उपस्थिति में * कवर्धा विधानसभा नगर पालिका अंतर्गत *शहर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रानू दुबे के नेतृत्व में शहर महिला कांग्रेस कार्यताओ के सहयोग से पार्टी के आदेशित कार्यक्रम हाथ से हाथ जोड़ो अभियान लगातार वार्डो में जाकर कांग्रेस के युवा नेता श्री राहुल गांधी जी के संदेश को पहुंचाने, एवम् केंद्र सरकार की आठ साल की नाकामी बढ़ती महंगाई को लेकर शहर महिला कांग्रेस इस अभियान को शहर के सभी वार्डो में पहुंच रही है।

इसी कड़ी में आज यह अभियान यात्रा वार्ड




क्रमांक आठ से शुरू कर वार्ड नौ में संपन्न हुई,आज के इस यात्रा में प्रमुख रूप से कवर्धा के *प्रथम कांग्रेस जिलाध्यक्ष,वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन के क्रेडा सदस्य मंत्री अकबर के कंधे से कन्धा मिलाकर चलने वाले ऊर्जा वान वरिष्ठ कांग्रेसी श्री कन्हैया लाल अग्रवाल जी कार्यक्रम में पहुंच कर शहर महिला कांग्रेस को बधाई दी साथ ही महिलाओं की हौसला आफजाई की और इस यात्रा को अंतिम 26 मार्च तक करने की आदेशित कर इस यात्रा में भी चलते हुए वार्ड के लोगो से हाथ से हाथ मिलाकर राहुल गांधी जी की संदेश, व मंत्री विधायक मो अकबर भैया जी द्वारा किए गए विकास कार्यों को प्रसारित करते हुए कांग्रेस पार्टी जिंदा बाद का नारा लगाया,साथ ही इस यात्रा में जिला कांग्रेस प्रवक्ता श्री राजकुमार तिवारी जी भी मंत्री अकबर के कार्यों को लोगो के बीच जानकारी दी एवम् वार्ड के प्रत्येक लोगो से मिलकर उनकी भी बात सुनी,साथ ही राहुल गांधी जी की संदेश पर्चा को देते हुए हाथ से हाथ मिलाया आज के इस यात्रा अभियान के शुरू होने से पहले वार्ड 06 निवासी संतोषी मानिकपुरी ने कार्यक्रम में आकर शहर महिला में जुड़ कर कांग्रेस पार्टी के लिए काम करने की इच्छा जताई तब शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू दुबे ने तिरंगा गमछा डालते हुए उनकी स्वागत की कार्यक्रम संपन्न करते हुए शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह यात्रा आप सभी की सहयोग से 26 मार्च तक पूरी करनी है और अगली यात्रा वार्ड 10 और 11 में 20 फरवरी को संपन्न करेंगे,साथ ही सभी महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं से महाशिवरात्रि में होने वाले महाकाल यात्रा में शामिल होने की अपील की.आज के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में वार्ड 05 के पार्षद नेतराम धुर्वे वार्ड 07 पार्षद प्रतिनिधि मुकेश सिन्हा राजीव युवा मितान क्लब 05 के अध्यक्ष दिनेश बर्वे,उमेश साहु,सेवा दल कांग्रेस शहर अध्यक्ष पदुम सेन,विजय चंद्रवंशी, वार्ड कार्यकर्ता लालजी पारधी,शहर महिला कांग्रेस से *नारायणी टोंडर,रचना कोसले,रोशनी मरावी,फूलवती डहरिया,त्रिवेणी मानिकपुरी,चंद्रिका रजक ,मुस्कान देशलहरे,ओ बी सी महिला जिला अध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,लता नाविक,चंदा जोशी, पंच बाई,सुमित्रा,उमा यादव,अनिता यादव, फेकन् बाई, रानी साहु,कौशील्या साहु,संतोषी,सुशीला,आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### पार्क में शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण 16 को

**राजनांदगांव 15 फरवरी।** जी.ई. रोड गुरूद्वारा के पास स्थित शिवाजी पार्क में नगर निगम द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है। जिसका 16 फरवरी को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी द्वारा अनावरण किया जायेगा। प्रतिमा अनावरण के संबंध में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने बताया कि छत्रपति शिवाजी धर्म रक्षक समिति राजनांदगांव द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गयी थी, मांग अनुसार नगर निगम द्वारा जी.ई.रोड. गुरूद्वारा के पास स्थित छत्रपति शिवाजी पार्क में शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित किया गया है, शिवाजी की प्रतिमा का 16 फरवरी गुरूवार को दोपहर 1 बजे नगर निगम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी अनावरण करेगे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री माननीय डॉ. शिव डहरिया जी करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री माननीय श्री उमेश पटेल जी, छ.ग. खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन जी तथा भिलाई के विधायक श्री देवेन्द्र यादव जी उपस्थित रहेगे। उन्होंने पार्षदों,नामांकित पार्षदों गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों व पत्रकार बंधुओं से छत्रपति शिवाजी पार्क में आयोजित प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में दिनांक 16 फरवरी को दोपहर 1 बजे उपस्थिति की अपील की है।

### शैलजा बंद कराएं भूपेश बघेल का छद्म युद्धःरंजना साहू

**रायपुर 15 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व विधायक रंजना साहू ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा से उम्मीद की है कि वे छत्तीसगढ़ में छद्म युद्ध बंद कर देंगी और बिना डरे सामने से वार करेंगी। उन्होंने कहा कि बाकी फैसला तो जनता को करना है। जनता को छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी मुख्यमंत्री से अब कोई उम्मीद नहीं बची है। भाजपा प्रवक्ता रंजना साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल में इतनी हिम्मत नहीं है कि वे आमने सामने की लड़ाई लड़ सकें। इसलिए डर कर पीछे से वार करते हैं। बस्तर जैसे आदिवासी क्षेत्रों में नक्सलियों को आगे करके लड़ाई कर रहे हैं तो मैदानी क्षेत्र में अपने अधिकारियों को सामने कर हमारे कार्यकर्ताओं पर राजनीतिक मामला बनाकर जिला बदर की कार्रवाई की अनुशंसा करा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रभारी से कहा कि वैसे आपको तो छत्तीसगढ़ पहुंचते ही भूपेश बघेल के मायावी युद्ध का अनुभव हो ही गया है।

### शहरों में भी चल रहा है जंगलराज: देवलाल ठाकुर

**रायपुर 15 फरवरी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने बिगड़ी कानून व्यवस्था और कांग्रेसियों द्वारा सरेआम हवाई फायरिंग को लेकर मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा है कि भूपेश बघेल की बात खुद कांग्रेस के नेता ही नहीं मान रहे हैं। जंगल में ही नहीं, शहरों में भी जंगलराज हो गया है। कांग्रेस के नेता खुलेआम गोलियां चला रहे हैं। जब कांग्रेस के नेता ही मुख्यमंत्री की बात नहीं मानते तो डीजीपी कैसे मानेंगे और कैसे नक्सलियों से लोगों को सुरक्षा दिलवाएंगे? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल डीजीपी से कह रहे हैं कि नक्सलियों से सुरक्षा प्रदान करें लेकिन आज सुरक्षा नियमों की धज्जियां तो कांग्रेस पार्टी के लोग ही उड़ा रहे हैं। खुलेआम हवाई फायर कर कांग्रेस के लोगों ने बता दिया कि जंगलराज अब जंगल तक ही नहीं रह गया। भूपेश बघेल के राज में यह शहरों में भी आ गया है। अब भूपेश बघेल को सोचना होगा कि आखिर उनके आदेश का पालन उनके ही कार्यकर्ता नहीं कर रहे हैं, उनके ही लोग नहीं कर रहे हैं तो उनके आदेश का पालन कौन करेगा और कैसे नक्सलियों से छत्तीसगढ़ के लोगों की रक्षा होगी।

### शराब से होने वाली मौतों के मामले में छत्तीसगढ़ चौथे स्थान पर : कौशिक

**रायपुर 15 फरवरी।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि शांति का टापू छत्तीसगढ़ अब अपराधगढ, चाकूपुर एवं आंतकगढ के नाम से प्रचलित हो चुका है। आम आदमी भयभीत है, आम लोगों से लेकर व्यापारी व नेता तक की हत्या करके अपराधी बेखौफ घुम रहे है। प्रदेश में अपराध रूकने का नाम नहीं ले रही है नशाखोरी दिनों दिन बढ़ते जा रही है शराब, जुआ, सट्टा कांग्रेस सरकार के शह और पुलिस प्रशासन के संरक्षण में चल रहा है। नशाखोरी बढ़ती है तो अपराध बढ़ते है लेकिन कांग्रेस में अपराध रोकने वाला कोई नहीं, कांग्रेस सरकार में किसी को अपराध पर लगाम लगाने से कोई मतलब नहीं वे केवल नशे के अवैध कारोबार को बढ़ावा देकर प्रदेश में भय और आंतक का माहौल पैदा कर रही है। जिससे अपराध लगतार बढ़ता जा रहा है। उन्होनें कहा कि जिस तरह से अमानविय तरिके से बस्तर जिले में सरेआम दर्दनाक हत्या हुई है उससे स्पष्ट है छत्तीसगढ प्रदेश में अब आपसी मेल-जोल रहा ही नहीं है, प्रदेश मे अब कोई आम आदमी किसी अनजान से बात नहीं कर सकता। नशे का कारोबार चारों ओर फैला हुआ है सट्टा-जुआ पुलिस की कमाई का जरिया बना हुआ तो। शराब पीने से होनें वाले मौतों के मामले में छत्तीसगढ़ चौथें स्थान पर है। आखिर प्रदेश को किसकी नजर लग गयी है? प्रदेश में पुलिस प्रदेश सरकार के खौफ के कारण एक तरह से मानो हथियार डाल चुकी है इसी कारण प्रदेश में लगातार अपराध की घटनाएं हो रही है। कहीं शराब के नशें में ईट भट्ठे पर सो जाने से मौत हो रही तो कहीं शराब के नशें में आपसी विवाद के कारण हत्या हो जा रही है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि जिस तरह से हर संभाग के हर जिलों में अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही है इस पर अंकुश पहल नहीं हो रहा है। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस को बेहतर पुलिसिंग के लिये सरकार लगातार सम्मानित कर रही है ऐसे संस्थाओं को एक बार छत्तीसगढ़ में हो रहे अपराधों के जमीनी हालात का अध्ययन जरूर करना चाहिए।

# किसान, मजदूर और व्यापारी हर वर्ग के लोगों में खुशी का माहौल: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर, 15 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से आज शाम राजधानी स्थित उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ सिन्धी पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को इस दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा भगवान श्री झूलेलाल सांई के जन्मोत्सव कार्यक्रम 'चंड्र जी रात' में मुख्य अतिथि के बतौर शामिल होने का आमंत्रण दिया। यह कार्यक्रम 22 मार्च 2023 को रात्रि 9 बजे से राजधानी के शंकर नगर स्थित बी.टी.आई. ग्राउण्ड में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भगवान श्री झूलेलाल सांई के जन्मोत्सव कार्यक्रम में आमंत्रण के लिए प्रतिनिधिमंडल को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार हर वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। यहां उनके हित में संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के परिणाम स्वरूप किसान, मजदूर और व्यापारी, हर वर्ग के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू होने के बाद हर साल धान का उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। पिछले साल 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी और अब इस साल सभी पिछली रिकार्ड तोड़ते हुए 107 लाख मीट्रिक टन से अधिक की खरीदी की गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अवगत कराया कि राज्य में धान खरीदी का कार्य सफलता पूर्वक संचालित हुआ। इसके लिए शासन-प्रशासन की ओर से बेहतर प्रबंध किए गए थे, जिससे किसानों को धान बेचने में काफी सहूलियत हुई। इस तरह राज्य में धान खरीदी सुव्यस्थित ढंग से संपन्न कर किसानों को इस साल 22 हजार करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान किया गया है। इस साल देश भर में धान बेचने वाले किसानों में छत्तीसगढ़ के किसानों की संख्या सबसे ज्यादा रही, जो एक कीर्तिमान है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि राज्य में किसानों के साथ-साथ राइस मिलर्स और व्यापारी वर्ग के हित में भी अहम निर्णय लिए गए। हमें अपने वादे को पूरा करते हुए कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि 40 रूपए से बढ़ाकर 120 रूपए कर दी हैं। इससे धान के उठाव सहित कस्टम मिलिंग में काफी तेजी आई है। कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन की वजह से ही धान खरीदी और प्रोसेसिंग के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस साल राज्य में 249 नई राईस मिले स्थापित हुई है।



# चखना संचालक कर रहे मनमानी आबकारी विभाग का खुला संरक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 15 फरवरी।** सूत्रो के हवाले से खबर इन दिनो स्थानीय चखना दूकानो मे बगैर नियम कानून के तहत संचालन किया जा रहा है 500 मीटर की दूरी का बगैर ख्याल रखे जिसकी लाठी उसकी भैंस वाली कहावत सिध्द कर कूछ लोग दिखा रहे है कोई राजनीतिक दबाव डाल कर कोई सेटिंग का खेल कर या कोई भैय्या बोले है बोल कर क्या इन सब चीजो से आबकारी विभाग अनजाना है आये दिन रोड जाम भट्ठी के रास्ते मे रोज कोई ना कोई घटनाक्रम एक्सीडेंट ये रोज की बात हो गई है इसी चखने के खेल मे सरकार की पिछ्ले कूछ समय कीरकीरी हूई थी फिर भी उससे सबक ना लेते हुए उसी रास्ते पर चखने संचालक कूछ लोग तो भट्ठी करीब संचालन कर रहे जबकी सत्ता सरकार का एक भी आम कार्यकर्ता का दूकान नही है उन्हे किसी प्रकार का कोई काम नही दिया जाता सेटिंग बाजो द्वारा निर्धारित दर फिक्स है सम्बन्धित विभाग को ऐसा बताया जाता है पूर्ववर्ती बीजेपी की सरकार मे सिर्फ उनके कार्यकर्ताओ को मजबूत होने के लिऐ उन्हे महत्व मिलता था यहा तो सिर्फपूर्ववर्ती सरकार के नुमाइंदे ही कर रहे है सब गोल माला की राजनीतिक मे उलझन डाल कर रखे है लोग देखते है गैरो पर करम अपने पर सितम वाली कहावत कहा तक सिध्द होता है कूछ लोग सरकार विरोधी पार्टी से जूडे रहे चूनाव भी लडे उनके आका और हार गये वो अब ऐसे लोग सत्ता सुख भोग रहे है कल इनके आका फिर अगर चुनाव लडते है तो ऐसे लोग फिर सरकार के खिलाफ हो जायेगे ऐसे लोगो की ही धूम है आज के दौर मे छूरा गोभो राज करो साथ दो अनाथ हो जाओ इस कृपा द्रिसटी को बदलना होगा नही तो लोगो को आमजनमनास को बदलते परिवेश मे बदलते जरूर देखेंगे लोग आखिर आबकारी विभाग क्यो मौन साधे हुए है इस मनमानी को किसका संरक्षण जिससे सत्ता सरकार का कूछ लोग बदनामी चाह्ते है कर्मचारीओ मैनेजर की भी चखने मे मिलीभगत से इन्कार नही किया जा सकता।



### निगम सभागृह में जन चौपाल,अधिकारियों ने सुनी लोगों की समस्या, 10 आवेदन प्राप्त

**राजनांदगांव 15 फरवरी।** नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में आज मंगलवार दोपहर 1:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जन चौपाल में निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देश पर विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जन चौपाल में राशन कार्ड, साफ सफाई, पाईप लाईन विस्तार, दुकान आबंटन, सडक चौडिकरण, अवैध निर्माण, निर्माण कार्य संबंधी 10 आवेदन प्राप्त हुये। नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने जिलाधीश श्री डी.सिंह एवं आयुक्त डॉ चतुर्वेदी के निर्देश पर इस मंगलवार भी नगर निगम के सभागृह में दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक जन चौपाल लगाया गया। जिसमें 10 आवेदन प्राप्त हुये, जिनमें राशन कार्ड के 1, साफसफाई के 1, दुकान आबंटन के 1, पाईप लाईन विस्तार के 1, अवैध निर्माण के 1, सडक चौडीकरण के 1, निर्माण कार्य के 1 एवं नाली निर्माण के 3 इस प्रकार कुल 10 आवेदन प्राप्त हुये जिसका अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा।



# राजनांदगांव के जिला पंचायत क्षेत्र क्रं-6 के सदस्य विप्लव साहू का निर्वाचन शून्य करने का निर्णय स्वागतेय:कांग्रेस

**राजनांदगांव 15 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद भाई प्रकरण में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे याचिकाकर्ता दयालु वर्मा ने प्रेसवार्ता कर राजनांदगांव जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के सदस्य विप्लव चूरनदास साहू के निर्वाचन को न्यायालय संचालक पंचायत संचानालय छत्तीसगढ़ ने शून्य घोषित कर उस पद को रिक्त मानते उक्त रिक्त पद की पूर्ति हेतु नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही करने संबंधी कलेक्टर राजनांदगांव जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन को प्रेषित पत्र सहित तथ्यों का खुलासा किया। त्रिस्तरीय पंचायती राज के तहत जिला पंचायत राजनांदगांव के सदस्यों के लिए जो निर्वाचन वर्ष 2020 में संपन्न हुए थे जिसके अंतर्गत क्षेत्र क्र 6 के विजयी प्रत्याशी विप्लव चूरन दास साहू के द्वारा अपने निर्वाचन के नाम निर्देशन पत्र के साथ संलग्न शपथ पत्र प्रारूप 4घ में पंचायत एवं शासकीय भूमि या भवन पर अतिक्रमण करने संबंधी तथ्य को छुपाते हुए नामांकन पत्र में निरंक की जानकारी प्रस्तुत की गई थी जबकि विप्लव साहू द्वारा खैरागढ़ शहर के शासकीय नजूल भूमि के प्लॉट नंबर 333 क्षेत्रफल 9800 वर्ग फुट में से 15.613 वर्ग मीटर पर वर्ष 2004 से अनाधिकृत रूप से अतिक्रमण कर पैथोलॉजी का व्यवसाय किया जा रहा है और तथ्य को छुपाकर वे निर्वाचित हुए थे इस संबंध में पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 122 के तहत याचिका प्रस्तुत की गई थी याचिका में उक्त तथ्य के संबंध में विचारण न्यायालय ने जिला निर्वाचन राजनांदगांव से तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्राप्त किया था जिसके अनुसार भी निर्वाचित सदस्य के अतिक्रमण की पुष्टि की गई थी । न्यायालय संचालक पंचायत ने याचिका में वर्णित तथ्य अनुसार याचिकाकर्ता के याचिका को स्वीकार करते हुए छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 122 (3) के साथ पठित छत्तीसगढ़ पंचायत (निर्वाचन अर्जीयां, भ्रष्टाचार और सदस्यता के लिए निरहर्ता) नियम 1995 के तहत विप्लव चूरन दास साहू का जिला पंचायत के निर्वाचन को शून्य घोषित करने का आदेश 25 जनवरी 2023 को पारित किया है।

**लोकतंत्र की जीत- शाहिद भाई :** प्रकरण में प्रारंभ से ही नजर रखे हुए प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री शाहिद ने कहा कि विप्लव साहू के द्वारा निर्वाचन के बाद मतदान के लिए सौदेबाजी के साथ-साथ मैं तो बिकने के लिए तैयार था कांग्रेस ने मुझे नहीं खरीदी जैसे शर्मनाक आरोप लगाकर लोकतंत्र को कलंकित किया था ऐसे लोगों को निर्वाचित जनप्रतिनिधि रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है और उसे पद से हटाए जाने का निर्णय लोकतंत्र की जीत है।

**स्वस्थ पंचायती राज व्यवस्था के लिए पारित निर्णय- दुबेः** प्रकरण के अधिवक्ता कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा की महात्मा गांधी जी पंचायती राज अवधारणा को फलीभूत करने के लिए निर्वाचन नियमावली के विपरीत कार्य करने एवं शपथ पत्र में गलत जानकारी प्रस्तुत करने वालों को जहां यह एक सबक है वही स्वस्थ पंचायती राज व्यवस्था के लिए यह निर्णय हैं

**भावना आहत होने पर किया याचिका दाखिल- दयालु वर्मा :** क्षेत्र क्रमांक 6 के मतदाता दयालु वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से विप्लव साहू ने धोखाधड़ी कर चुनाव लड़ा और प्रशासन एवं आम जनता को भी गुमराह किया जिससे मेरी भावना आहत हुई थी जिसके कारण मैंने याचिका प्रस्तुत की और प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई के कुशल मार्गदर्शन एवं अधिवक्ता रुपेश दुबे के सहयोग से यह सफलता मिली है जिससे मुझे आत्मिक सुख की अनुभूति हो रही है।

### इंश्योरेन्स देखो ने सीरीज़ ए फंडिंग में जुटाई 150 मिलियन डॉलर की राशि

**रायपुर 15 फरवरी।** भारत की प्रमुख इंश्योरटेक प्लेयर इंश्योरेन्स देखो ने बताया कि कंपनी ने सीरीज़ ए में 150 मिलियन डॉलर की राशि जुटाई है, जिसमें इक्विटी और डेब्ट का मिश्रण शामिल है। यह एक भारतीय इंश्योरटेक कंपनी द्वारा अब तक का सबसे बड़ा सीरीज़ ए राउण्ड है। इस इक्विटी राउण्ड का नेतृत्व गोल्डमैन सैशेस असेट मैनेजमेन्ट एवं टीवीएस कैपिटल फंड्स ने किया। इन्वेस्टकोर्प, अवतार वेंचर्स एवं लीपफ्रॉग इन्वेस्टमेन्ट्स में भी इस फंडिंग में हिस्सा लिया। इंश्योरेन्स देखों की स्थापना साल 2016 में अंकित अग्रवाल और ईश बब्बर द्वारा की गई थी। अपनी शुरूआत के बाद से कंपनी ने उल्लेखनीय विकास दर्ज किया है और मार्च 2023 तक रु 3500 करोड़ की सालाना प्रीमियम रन रेट हासिल करने का लक्ष्य रखा है। नई जुटाई गई इस राशि का उपयोग इंश्योरेन्स देखो के प्रोडक्ट एवं टेक्नोलॉजी फंक्शन्स का पैमाना बढ़ाने, नए बाज़ारों में विस्तार, हेल्थ एवं लाईफ कैटेगरी में नए आधुनिक उत्पादों के लॉन्च, कंपनी के एमएसएमई इंश्योरेन्स कारोबार के विकास, डरशिप टीम को सशक्त बनाने तथा इनओर्गेनिक विकास के अवसर उत्पन्न करने के लिए किया जाएगा।



### बीबीसी पर पड़ा आईटी का छापा केन्द्र सरकार की बौखलाहट : इदरीस गांधी

**रायपुर 15 फरवरी।** छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने बीबीसी जैसे विश्वसनीय मीडिया संस्थान पर आईटी का छापा पड़ने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इस कार्यवाही को निष्पक्ष और स्वतंत्र मीडिया पर सरकारी हमला करार दिया है। श्री गांधी ने कहा कि बीबीसी देश का ही नही विश्व का भरोसेमंद और निष्पक्ष मीडिया हाउस माना जाता है. वर्तमान समय में जब अधिकांश मीडिया गोदी हो चुका है तब भी बीबीसी ने निष्पक्षता और साहस के साथ सरकार के जनविरोधी फैसलों के खिलाफ आवाज उठाई है लेकिन आज बीबीसी के दिल्ली-मुंबई आफिस पर पड़ा केन्द्र के आईटी विभाग का छापा यह दर्शाता है कि नरेन्द्र मोदी सरकार किस तरह मीडिया को दबाना या धमकाना चाहती है! श्री गांधी ने अपनी ही पार्टी के स्टैण्ड को सही ठहराते हुए दोहराया कि यह देश में अघोषित आपातकाल जैसा है. बीबीसी ने कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई थी जिसमें गुजरात दंगों की असली तस्वीर पेश की गई थी नतीजन इससे बौखलाकर इस डॉक्यूमेंट्री को लगभग प्रतिबंधित कर दिया गया और अब आईटी का छापा डालकर बीबीसी को डराया–धमकाया जा रहा है. इतना ही नही, बीबीसी के पहले दैनिक भास्कर पर भी छापा डाला गया था हालांकि वहां से खाली हाथ ही लौटना पड़ा. कांग्रेस पार्टी ने हमेशा मीडिया की स्वतंत्रता का सम्मान किया है और इसकी रक्षा के लिए वह हमेशा देश के चौथे स्तंभ के साथ खड़ी रहेगी।



# मुख्यमंत्री मितान योजना का निगम क्षेत्र के सभी लोगों को मिल रहा अच्छा लाभ

■ **अब तक निगम सीमाक्षेत्र में मितान घर घर जाकर 3 हजार 5 सौ से अधिक आय, जाति, निवास, जन्म-विवाह प्रमाण पत्र एवं गोमास्ता लायसेंस बनाकर किये वितरण**

**राजनांदगांव 15 फरवरी।** छत्तीसगढ सरकार की जन कल्याणकारी योजना के तहत 14545 में फोन करने पर मितान की टीम घर बैठे जन्म, मृत्यु, शादी प्रमाण पत्र के साथ ही जाति प्रमाण पत्र, आय, निवास प्रमाण पत्र, गुमास्ता लाइसेंस, बच्चों का आधार कार्ड, भूमि उपयोग की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिसके तहत राजनांदगांव निगम सीमाक्षेत्र में अब तक 3 हजार 5 सौ से अधिक प्रमाण पत्र बनाकर मितान के माध्यम से हितग्राहियों के घर तक पहुचाया गया। जिससे लाभ लेकर हितग्राही प्रसन्नता व्यक्त कर रहे है। निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत 14545 पर फोन करने पर मितान घर पहुच कर आवश्यक दस्तावेंज लेकर प्रमाण पत्र बनाकर घर तक पहुचा रहे है, अब तक 3 हजार 5 सौ से अधिक प्रमाण पत्र निगम सीमाक्षेत्र में मितान के माध्यम से हितग्राहियों के घर तक पहुचाया गया है। जिनमें 0 से 5 वर्ष तक के 852 बच्चों का आधार कार्ड बनाकर पहुचाया गया है, आधार कार्ड में 98 मोबाईल नम्बर अपडेट किया गया है। इसी प्रकार 976 जन्म प्रमाण पत्र, 3 जन्म प्रमाण पत्र सुधार, 331 मृत्यु प्रमाण पत्र, 211 निवास प्रमाण पत्र, 451 आय प्रमाण पत्र, 189 विवाह प्रमाण पत्र, 2 विवाह प्रमाण पत्र सुधार, 188 अन्य पिछडा वर्ग प्रमाण पत्र, 48 अनुसूचित जाति-जन जाति प्रमाण पत्र, 5 पेन कार्ड एवं 145 गोमास्ता लायसेंस बनाकर मितान के माध्यम से घर तक पहुचाया गया है। मितान योजना का घर बैठे लाभ लेकर लाभार्थी योजना की सहराना कर रहे है। चौखडिया पारा निवासी मनोज राठौर ने अपनी दुकान का गोमास्ता लायसेंस घर बैठे पाकर खुशी व्यक्त करते हुये कहा कि पूर्व में गोमास्ता लायसेंस बनाने नगर निगम में जाकर आवेदन एवं दस्तावेज जमा करना पडता था उसके पश्चात लायसेंस बनने पर जाकर लायसेंस लेना पडता था, कई बार देर से बनने पर बार बार जाना पडता था, किन्तु मितान योजना से 14545 पर कॉल करने पर मितान घर में आकर दस्तावेंज एकत्र किये और लायसेंस बनाकर घर तक पहुचा दिये। जिससे हमारे आने जाने का समय बचा और घर बैठे लायसेंस मिल गया। उन्होंने कहा कि यह योजना बहुत लाभदायक है और यह योजना हमेशा के लिये बनी रहना चाहिये, ताकि सभी नागरिकों को इसका लाभ मिलता रहे।

इसी प्रकार मनोहर यादव ने आय प्रमाण पत्र बनने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुये कहा कि मुझे अपनी पुत्री निकिता यादव के लिये आय प्रमाण पत्र बनवाना था, जिसके लिये मैने 14545 पर कॉल किया, कॉल करते ही मितान घर आकर आवश्यक दस्तावेंज ले गये और दुसरे दिन ही आय प्रमाण पत्र बनाकर घर पहुचा दिये, जिससे मेरी पुत्री को शाला प्रवेश में सुविधा हुई। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना सुविधापूर्ण एवं बहुत अच्छी है और इस योजना का लाभ हर व्यक्ति को लेना चाहिये। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री मितान योजना का लाभ लोग घर बैठे ले रहे है और आवश्यक प्रमाण पत्र जैसे जन्म, मृत्यु, विवाह, आय, जाति, गोमास्ता लायसेंस, आदि बन कर उनके घर तक पहुच रहे है। इसी प्रकार मितान योजना के तहत बच्चों के आधार कार्ड बनाने की योजना को भी शामिल की गयी है जिसका लाभ भी लोगों को घर बैठे मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी की सोच कि प्रदेश घर व्यक्ति को हर योजना का लाभ घर बैठे मिले। उनकी सोच का प्रतिफल हर व्यक्ति को मिल रहा है। उन्होंने 14545 नम्बर पर कॉल करके घर बैठके मितान योजना का लाभ लेने की अपील की है।

### कोलियारी में मानस प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे जिप सभापति



**अंवरी 15 फरवरी।** कलयुग तरण उपाय ना कोई, रामभजन रामायण दोई, मानस के इस प्रसंग को अंतर्मन में सजोकर धमतरी जिला पंचायत सभापति गोविंद साहू बतौर मुख्य अतिथि त्रि दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता में समापन समारोह में शामिल हुए और कहा कि आज भागमभाग की दौड़ है सब अपने अपने कामों के पीछे इतने मशगूल हो गए हैं की भागवत भक्ति का समय आज किसी के पास नही है गांव में इस प्रकार का आयोजन निश्चित ही कलयुग में मानव कल्याण के लिए आवश्यक है क्युकी हम खाली हाथ आए हैं और खाली हाथ जायेंगे अगर कुछ हमारा साथ जाएगा तो वो कर्म है और कर्म सही तो सब सही है, विशिष्ठ अतिथि के रूप में ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा केअध्यक्ष मुकेश कोसरे ने रामायण को मानव जीवन के लिए प्रेरक बताते हुए कहा की रामायण प्रेम, भक्ति, और कर्तव्य का महाग्रंथ है जो मानव को मानव के प्रति आचरण करना, पिता के पुत्र के प्रती, मां का बेटे के लिए कर्तव्य की महत्ता है इस आयोजन में नव युवक मित्र समिति के संरक्षक इंद्रजीत साहू , ईश्वर साहू, डॉ गैंदलाल साहू, सयोजक खेमन साहू, रामेश्वर निर्मलकर, अध्यक्ष गुलशन साहू, टामेंद्र, राकेश, गिरधर, योगेंद्र, भावरलाल, सूर्या, रतन, दिपाशु,प्रमेंद्र, गौरव, सत्या, रवि, कुणाल,परमेश्वर, मोंटी देवेंद्र, सुमित, सहित युवा साथी निर्णयकगण डी आर सोन, मनमोहन साहू, बिसोहा साहू, टेमन साहू, रामलाल साहू, के साथ साथ समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा मंच संचालन एन आर यादव शिक्षक व डॉ राजू साहू ने किया।

### बेटी बचाओ मंच भाटागांव ने वैलेंटाइन भगाओ संस्कृति बचाओ अभियान के अंतर्गत मनाया कन्या जन्मोत्सव

**रायपुर 15 फरवरी।** भाठागांव बेटी बचाओ मंच ने चंद्रेश तथा सोनम रैकवार के यहां बेटी जन्म का स्वागत करते हुए कन्या जन्मोत्सव हर्ष व उल्लास के साथ मनाया । नव कन्या बेटी वैभवी के प्रगति विहार कॉलोनी अमलेश्वर स्थित उनके निवास में मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा , भाठागांव प्रभारी नीलम खान, अध्यक्ष नमिता राठौर, सचिव कामिनी पाल तथा शीतला मिश्रा ने बेटी के परिजनों का पुष्प माला से स्वागत किया । पदाधिकारियों ने बेटी वैभवी को दुर्गा शक्ति सम्मान, माता सोनम को बेटी गौरव सम्मान तथा पिता चंद्रेश को बेटी संरक्षण सम्मान से सम्मानित किया । उक्त अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने वैलेंटाइन जैसे पाश्चात्य बुराई का विरोध करने तथा देश की संस्कृति की रक्षा करने की अपील की ।



### भाजपा नेताओं के सुनियोजित हत्याकांड के विरोध में 17 को पूरा छत्तीसगढ़ जाम

**रायपुर 15 फरवरी।** प्रदेश में कांग्रेस सरकार की शह पर षडयंत्र पूर्वक, सुनियोजित तरीके से लक्ष्य करके भारतीय जनता पार्टी के नेता, कार्यकर्ताओं की हत्या किए जाने के विरोध में भाजपा द्वारा 16 फरवरी को बस्तर मुख्यालय जगदलपुर में रैली निकालकर आईजी कार्यालय के सामने धरना और प्रदर्शन किया जाएगा। 17 फरवरी को बस्तर के 12 विधानसभा क्षेत्र छोड़कर प्रदेश के सभी 78 विधानसभा क्षेत्र में मंडल स्तर पर दोपहर 2 बजे से शाम 40 बजे तक प्रदेश की 400 से अधिक सड़कें जाम की जाएंगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की लगातार हत्या हो रही है। सरकार कोई संज्ञान नहीं ले रही है। भाजपा के बलिदानी कार्यकर्ताओं की शहादत पर ओछी राजनीति की जा रही है। सरकार में बैठे लोग भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की बढ़ती वारदातों पर परदा इसलिए डाल रहे हैं क्योंकि पटकथा इन्हीं की लिखी हुई है। राजनीतिक षड्यंत्र के दौर में लगातार रक्तपात के मामलों में बलिदान देने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह षड्यंत्र की राजनीति चुनाव प्रभावित करने के लिए की जा रही है। साफतौर पर षड्यंत्र की बू आ रही है। लेकिन भाजपा के कार्यकर्ता इसका डटकर मुकाबला कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस द्वारा षडयंत्र पूर्वक जिस तरह से सुनियोजित तरीके से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को निशाने पर लिया जा रहा है, उनकी हत्या हो रही है, इससे पूरा प्रदेश अशांत है , आम जनता में भय व्याप्त है ,राज्य की राजधानी तक सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा षडयंत्र पूर्वक लोकतंत्र की आवाज दबाने का यह प्रयास भारतीय जनता पार्टी सफल नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार और उनके अधिकारी समझ लें कि जब-जब लोकतंत्र के हरण का प्रयास हुआ, लोकतंत्र को दबाने की कोशिश की गई तब तब जनता ने इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया और आतताई सत्ता को उखाड़ फेंका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी अपने इतिहास से सबक नहीं लेती। वह पहले जिस तानाशाही और षड्यंत्रकारी राजनीति के कारण धराशायी हुई है।

## पं. शुक्ल व पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी

# पंडित श्यामाचरण शुक्ल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता:त्रिपाठी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 फरवरी।** अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सिंचाई परियोजनाओं के जनक पंडित श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर 14 फरवरी मंगलवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगोष्ठी सभा आयोजित कर उनके द्वारा किए गए योगदानों को पुण्य स्मरण कर विनम्र श्रद्धांजिल दी गई।

संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस के प्रभारी श्री अरूण सिसौदिया जी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन में अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित की। इससे पूर्व पंडित श्यामाचरण शुक्ल जी के तैलचित्र पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी एवं कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत की।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने पंडित श्यामाचरण शुक्ल जी को नमन करते हुए कहा कि शुक्ल जी सरल सहज व्यक्तित्व के धनी होने के साथ एक कर्मठ राजनेता थे। उन्होंने अविभाजित मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के लोगों एवं किसानों की बेहतरी के लिए अनेकों जनोपयोगी कार्य किए वे सिंचाई परियोजनाओं को काफी महत्व देते रहे वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपने परिवार के सदस्य की तरह समझते थे, उनके किए हुए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा।

वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया ने पंडित श्यामाचरण शुक्ल जी को नमन करते हुए कहा कि श्री शुक्ल की सोच में छत्तीसगढ़ के प्रति पूरी लगन और निष्ठा थी, किसानों की खुशहाली के लिए हमेशा तत्पर रहे उसी का परिणाम है कि गंगरेल एवं खरखरा एवं अन्य सैकडों सिंचाई योजनाएं छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक क्रियान्वित की गई। वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अपने परिवार के सदस्य के रूप में मनाते थे। अविभाजित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के विकास में उनकी अहम भूमिका को भूलाया नहीं जा सकता।

दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने पंडित शुक्ल को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में शुक्ल पूरा परिवार का अहम योगदान रहा। पंडित शुक्ल शिक्षा और सिंचाई के क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाई रही। उनके व्यक्तित्व इतना बड़ा था वे पूरे देश में जाने जाते थे।

संगोष्ठी सभा प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस महामंत्री झम्मन देवांगन, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, मामराज अग्रवाल, पार्षद पूर्णिमा नागदेवे, प्रमोद बागड़ी, सुरेन्द्र देवांगन ने संबोधित किया। संगोष्ठी सभा पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने पुलवामा हमले में देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले सभी वीर जवानों को दो मिनट मौन श्रद्धांजलि अर्पित की। इस संगोष्ठी सभा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष राजू खान, अतुल शर्मा, नारायण सोनी, एल्डमेन हेमू सोनी, प्रभात गुप्ता, आरबी मिश्रा, केशव पटेल, राजेश पटेल, शाबिर जिंदारान, दुर्गेश ढीवर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे। संगोष्ठी सभा में उपस्थित कांग्रेसजनों का योगेन्द्र प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया।

संपादकीय

## कांग्रेस का नया अभियान 24 के लिए

चुनाव के लिए राजनीतिक दल कई तरह की रणनीति बनाते हैं, ताकि चुनाव जीतकर अपनी सरकार बनना तय किया जा सके। कांग्रेस दो लोकसभा चुनाव हार चुकी है, तीसरी हार से वह बहुत ही कमजोर हो जाएगी। उसके अस्तित्व का सवाल खडा हो जाएगा। इसलिए वह एड़ी चोटी का जोर लगाकर तीसरी बार मोदी को हराने की रणनीति पर काम कर रही है। अडानी के खिलाफ हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आई तो कांग्रेस ने इसे बड़ा मौका मान कर अडानी की आड़ मे ंमोदी के खिलाफ मोर्चो खोल दिया। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी अडानी के खिलफ बोलते रहे हैं। हिंडनवर्ग की रिपोर्ट आई तो कांग्रेस ने संसद के भीतर अडानी के अमीर होने व उन्हें मिलने वाले कामों की आड़ में पीएम मोदी पर आरोप लगाने की रणनीतर्ि बनाई। राहुल गांधी ने कांग्रेस की रणनीति के तहत ही संसद में पीएम मोदी से कई सवाल के बहाने आरोप लगाए। यहां तक कांग्रेस समझ रही थी कि उसने पीएम मोदी को घेर लिया है, अब तो भाजपा व मौदी को संसद मे ंजवाब देना पड़ेगा लेकिन पीएम मोदी ने संसद में राहुल गींधी के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया क्योंकि राहुल गाधी ने नियम के तहत नोटिस देकर उन आरोप नहीं लगाए थे। उन्होंने राष्ट्रपति के अभभिाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने की जगर अडाी पर बोला। सवाल पीएम मोदी  से पूछे। राहुल गांधी व कांग्रेस की इसी चूक का फायदा भाजपा ने उठाया। राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। जिसमें राहुल गांधी से कहा गया है कि संसद मे ंजो कुछ उन्होंने कहा है किस आधार पर कहा है, इसका सबूत पेश करें। संसद में कहते वक्त जब भाजपा सांसदों ने उन्हें टोका था कि वब बिना सबूत के पीएम मोदी पर आरोप लगा रहे है तो उन्होंने कहा था सबूत भी देंगे। नोटिस जारी होने के बाद अब राहुलगांधी को संसद मं सबूत देने होंगे। सबूत नहीं देते हैं तो उनसे कहा जाएगा कि वह माफी मांगें। माफी नहीं मांकते हैं तो उनकी संसस सदस्यता जाएगी। हो सकता है कि राहुल गांधी कांग्रेस की रणनीति के तहत माफी न मांगे और जब उनकी संसद की सदस्यत खत्म की जाएगी तो वह फिर एक बार लोगों के बीच जाएंगे कि संसद में न बोलने देने के लिए  उनकी संसत की सदस्यता तक समाप्त कर दी गई। कांग्रेस की आगे की रणनीति राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म किए जाने को लेकर देश भर में पीएम मोदी व भाजपा के खिलाफ फिर एक माहौल बनाया है। कांग्रेस की रणनीति तो अ्च्छी है लकिन भाजपा ने भी तो कोई जवाबी रणनीति बनाई होगी। भाजपा विदेशी साजिश के तहत मोदी को बदमान करने की बात कह सकती है। राहुल गांधी पर सवाल उठा सकती है कि क्या राहुल गांदी को संसद के नियम पता हीं है, क्या उन्हें पता नहीं है कि बिना नोटिस के किसी पर आरोप लगाने पर विशेषाधिकार हनन का मामल बनता है। संसद में राहुल गांधी का विशेषाधिकार है तो पीएम मोदी का विशेषाधकिार भी है। वह संसद में नियम तोड़ेगे तो संसद के नियमों के अनुसार उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। आज सोशल मीडिया का जमाना है, भाजपा पूरी कोशिश करेगी कि वह जनता को बताए क राहुल गांधी की सदस्यता उनकी गलती के कारण गई है  या एक योजना के तहत ऐसी स्थिति बनाई गई कि राहुल गांधी की संसद सदस्यात चली जाए। और कांग्रेस इसके लिए भाजपा व पीएम मोदी को दोषी बताकर उनके खिलाफ माहौल बनाए। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी कह ही चुके हैं कि संसद के भीतर उन्हें बोलने नहीं दिया जाता है। उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उनकी संसद सदस्याता खत्म की जाती है तो वह फिर से देश के लोगों के बीच जाकर उनकी सहानुभूति लेने की कोशिश करेंगे  कि  देखो पहले तो मुझे ससंद में बोलने नहीं दिया जाता था, अब तो मुझें संसदे से ही हटा दिया गया है। हाल ही उनके बयान से उनकी रणनीति की झलक मिलती है।  जिसमें उनेहंने कहा है कि उन्होंने पीएम मोदी को अपशब्द नहीं बोला है,पीएम मोदी ने उनका अपमान किया है। हटाना तो वह था जो पीएम मोदी ने कहा था, हटाया वह गया जो मैंने कहा है। यानी ज्यादती को उनको साथ हो रही है। उन्होंने अडानी के खिलाफ आवाज उठाई तो उनके खिलाफ संसद में कार्रवाई की गई है। चौकीदार चोर है ्अभियान तो फेल हो गया था देखे इस बार राहुल गांधी कांग्रेस का मोदी अडानी भाई भाई का अभियान कितना सफल होता है।

### आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप लम्बे समय से रुके कार्यों को समाप्त करने में सफल हो सकते हैं। किसी खास व्यक्ति से आपको सहयोग या मुलाकात हो सकती है। आपके दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। आपको करियर से संबंधित नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। कुछ योजनाओं में आप बदलाव कर सकते हैं व कल के लिए कोई योजना बना सकते हैं।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे। साथ ही जो विद्यार्थी उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए दिन फेवरेबल है। आपको शिक्षकों से पढ़ाई में पूरी तरह मदद भी मिलेगी। आप पूरे दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपको किसी धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपको किसी खास काम में सफलता हासिल होगी। आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जायेंगे। आप किसी समारोह में जाने की योजना बना सकते हैं। आपका जीवनसाथी आपकी ईमानदारी से प्रभावित होंगे। छात्रों के लिए दिन अन्य दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगा। साथ ही वह अपनी दिशा को निर्धारित करने में कामयाब हो सकते हैं। कारोबारियों को लाभ मिल सकता है। कार्यों में दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा । आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे होंगे। आप बच्चों के साथ कहीं पिकनिक मनाने जा सकते हैं। साथ ही आप अपने किसी रिश्तेदार को भी साथ ले जा सकते हैं। इसके अलावा आपको किसी पर अपनी बात मनवाने का दवाब नहीं डालना चाहिए। कुछ साथियों से आपका मनमुटाव हो सकता है।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की या कोई अन्य योजना बना सकते हैं। हालांकि आपकी आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। आपको किसी काम से अलग से भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है। किसी अजनबी व्यक्ति से सावधानी से बात करें। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बनाने में आप सफल होने।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। रूके हुए कामों में आपको किसी मित्र की मदद मिलेगी। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आयेगी, जिन्हें पूरा करने में आप सफल होंगे। पहले किये गये अच्छे कामों का आपको फायदा मिलेगा। आप करियर में आगे बढ़ेंगे। काम को लेकर कुछ नए विचार आपके दिमाग में आयेंगे। आप कोई नई योजना बना सकते हैं।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। कारोबारियों को बड़ा फायदा हो सकता है। आपकी समझदारी आपको हर प्रकार की मुसीबतों से दूर रखने में सहायता करेगी। पारिवारिक काम की वजह से भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है, इससे आपको थकान महसूस होगी। परिवार में नन्हें मेहमान के आने की सम्भावना है।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक आपके घर में खुशी का माहौल बनेगा। साथ ही रिश्तेदारों का घर पर आना-जाना उत्तम रहेगा। प्रेमी के लिए दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों को करियर में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। दूसरे लोगों की मदद करने का आपको मौका मिल सकता है। परिवार के साथ बातचीत करके आप अपनी परेशानियों को सुलझाने की कोशिश कर सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। बाहर जाते समय रास्ते में किसी करीबी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। ऑफिस में आपका कॉन्फिडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे। अगर नये काम की शुरूआत करने की सोच रहे हैं, तो आगे चलकर आपको काफी फायदा होगा। आपको अचानक धन लाभ भी हो सकता है। प्रेमी किसी स्थान पर घूमने की योजना बनायेंगे।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। साथ ही आप उनके साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति पर आपको भरोसा करने से बचना चाहिए। प्रेमी के लिए दिन सामान्य रहेगा। आपको फालतू की बातें करने से बचना चाहिए। आपकी सारी मुश्किलें दूर होंगी। स्वास्थ्य बेहतर होगा।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप अपनी काबिलियत से काम को सरलता पूर्वक पूरा कर लेंगे। धन लाभ में इजाफा होगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा। स्वास्थ्य के मामले में आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। करियर में आगे बढ़ने का कोई अच्छा मौका मिलेगा। नए लोगों से मुलाकात आपके भविष्य के लिए लाभदायक होगी। आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। परिवार के साथ बेहतर समय बितायेंगे। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ज, दे, दो, चा, ची)**-आज आप अपनी ऊर्जा का अच्छे कामों सदुपयोग करेंगे । सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। घर में जश्न का माहौल बन सकता है। साथ ही कोई मांगलिक कार्य होने की संभावना है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव ला सकते हैं।

# 'विश्वगुरु भारत' में गुरुओं की स्थिति

चिंतन

निर्मल रानी



गुरु,शिक्षक अथवा अध्यापक का नाम सामने आते ही प्रत्येक विद्यार्थी का शीश उनके आदर में सम्मान से झुक जाता है। आज दुनिया का कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी बड़े से बड़े व अति महत्वपूर्ण पद पर विराजमान क्यों न हो उसके जीवन में शिक्षा और ज्ञान की ज्योत जलाने वाला और कोई नहीं बल्कि केवल शिक्षक ही है। यह सच है कि वर्तमान दौर में अन्य क्षेत्रों की ही तरह शिक्षा क्षेत्र का भी ह्रास हुआ है। मंहगाई,आर्थिक व सांसारिक ज़रूरतों आदि ने गुरुओं को भी अपनी आय से भी अधिक धन कमाने के लिये बाध्य किया है। किसी समय में अध्यापकों द्वारा निजी रूप में पढ़ाई जाने वाली ट्यूशन में शामिल होने वाले बच्चों को कमज़ोर छात्र के रूप में देखा जाता था। धनवान परन्तु पढ़ाई में कमज़ोर बच्चे ही ट्यूशन का सहारा लिया करते थे। परन्तु अब तो ट्युशन मानो अनिवार्य सा हो गया है। स्वयं निजी स्कूल्स के संचालक व प्रिंसिपल स्कूल की कक्षाओं में ही स्कूल समय के अलावा बाक़ायदा ट्युशन की क्लास लगाते हैं। सीधे तौर पर यदि कहा जाये तो गोया शिक्षा को भी क्रय-विक्रय की वस्तु बना दिया गया है।

उधर दशकों से सरकारों का रवैय्या भी शिक्षकों के प्रति निराशाजनक व ग़ैर ज़िम्मेदाराना ही रहा है। हमेशा से हम देखते आये हैं कि देश में होने वाले लोकसभा,विधान सभा अथवा स्थानीय ज़िला परिषदीय या नगरीय कोई भी चुनाव हों,ताज़ातरीन कोविड या इसके पूर्व के टीकाकरण अभियान हों,जनगणना जैसा दर दर घूमने वाले जटिल कार्य हों  या अब नई नई स्कीम्स के तहत बच्चों के स्कूल्स में ही जलपान या भोजन का प्रबंध, या प्रधानमंत्री की कार्यक्रम 'मन की बात ' को स्कूली बच्चों तक पहुँचाने का व्यवस्थित काम, अक्सर इन जैसे अनेक कार्यों में सरकार शिक्षकों को उलझाये रखती है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर होता है जो आगे चलकर इन्हीं बच्चों के भविष्य को भी प्रभावित करता है। दूसरी तरफ़सरकार के आदेश मानने को बाध्य अध्यापकों  का अनैच्छिक रूप से किसी भी ऐसे काम में लगाने से उनका मनोबल भी



गिरता है। परन्तु यह देश का दुर्भाग्य है कि शिक्षण की डिग्रियां प्राप्त गोविंद (ईश्वर ) तुल्य गुरु को सरकार के अशिक्षित व राजनैतिक पूर्वाग्रही नेताओं व मंत्रियों द्वारा बनाये गये व बनाये जाने वाले क़ायदे क़ानूनों व निर्देशों का पालन करना पड़ता है। कई बार विभिन्न राज्यों में इन्हीं गोविंद (ईश्वर ) तुल्य आंदोलनकारी गुरुओं को पुलिस की लाठियां खाते भी देखा गया है। गुरु के रुतबे व इसकी महिमा को इस बात से भी समझा जा सकता है कि भारत रत्न ए पी जे अब्दुल कलाम साहब स्वयं यह चाहते थे कि उन्हें पूर्व राष्ट्रपति,मिसाईलमैन या वैज्ञानिक नहीं बल्कि 'अण?णा यूनिवर्सिटी का प्रोफ़ेसर' कहकर बुलाया जाये। कलाम साहब ने जहाँ राष्ट्रपति पद छोड़ने के अगले ही दिन छात्रों की क्लास ली वहीँ उनकी ज़िंदिगी का आख़िरी दिन भी बच्चों की क्लास में ही गुज़रा। लिहाज़ा शिक्षा व छात्रों के प्रति समर्पित सोच रखने के लिये राजनेताओं को कलाम साहब जैसा नहीं तो कम से कम ईमानदार व गंभीर तो होना ही पड़ेगा।

दिल्ली की केजरीवाल सरकार में और आम आदमी पार्टी के नेताओं में तमाम कमियां हो सकती हैं परन्तु शिक्षा के क्षेत्र में केजरीवाल सरकार ने जिस तरह के चमत्कारिक कार्य किये हैं उसकी अनदेखी करना पूर्वाग्रही या पक्षपाती होने के सिवा और कुछ नहीं। दिल्ली के सरकारी स्कूल्स को निजी स्कूल्स के बराबर ला खड़ा करना और कहीं कहीं तो उनसे भी बेहतर भवन,अध्यापक,प्रशिक्षक,मूलभूत सुविधाएँ आदि देकर दिल्ली सरकार ने पूरे विश्व में एक आदर्श स्थापित किया है।दुनिया के अनेक देशों के नेता,मंत्री व अन्य प्रतिनिधि दिल्ली के शिक्षा मॉडल व सरकार के शिक्षा प्रबंधन को देखने व समझने के लिये दिल्ली आ चुके हैं।

दिल्ली में शिक्षा के ढांचे को प्रभावी बनाने के लिये स्कूल भवन से लेकर,प्रयोगशालायें,खेल ग्राउंड,प्रशिक्षित योग्य व समर्पित शिक्षक स्टाफ़ आदि सभी ज़रूरी चीज़ों का प्रबंध किया गया है। ग़रीब बच्चों को मुफ़्त शिक्षा का भी प्रबंध है। और अब पंजाब में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद यहाँ भी शिक्षा के स्तर को भी दिल्ली की ही तर्ज़ पर और अधिक सुदृढ़ किये जाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। पिछले दिनों पंजाब राज्य के स्कूल्स के 36 प्रिंसिपल्स सिंगापुर से प्रशिक्षित होकर वापस आ चुके हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यह घोषणा भी की है कि भविष्य में राज्य के शिक्षकों से बच्चों को पढ़ने के अतिरिक्त कोई भी दूसरा काम नहीं लिया जायेगा।

आज देश के प्रत्येक राज्यों को कम से कम शिक्षा के क्षेत्र में आम आदमी पार्टी की सरकारों से सीख लेने की ज़रुरत है। इसके लिये स्पष्ट नीति,पक्के इरादे के साथ साथ शिक्षा को प्राथमिकता के तौर पर महत्व देने की भी ज़रुरत है। आये दिन सरकारी स्कूल्स के बंद करने,शिक्षकों से दर दर भटकने वाले काम कराने, निजी स्कूल्स को बढ़ावा देने,सरकारी स्कूल्स को अभावग्रस्त रखने, रिक्त स्थानों पर शिक्षकों की भर्ती न करने आदि जैसे भ्रष्ट फ़ैसलों या शिक्षा व शिक्षित लोगों से भयभीत होने से तो सरकार व नेताओं की तुच्छ मानसिकता का ही पता चलता है। कुछ राज्यों से यदि शिक्षा व सिलेबस संबंधी कुछ समाचार आते भी हैं तो वह भी स्कूलों में गीता पढ़ाने,कर्मकांडी पुरोहित का पाठ पढ़ाने,सूर्य नमस्कार करने जैसे विवादपूर्ण समाचार सुनाई देते हैं। जोकि शुद्ध रूप से शिक्षा की आड़ में भी साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलने के सिवा और कुछ भी नहीं। ज़रुरत है देश के बच्चों को शिक्षा का अधिकार देने की,उन्हें सांसारिक,वैज्ञानिक व भविष्य निर्माण सम्बन्धी शिक्षा देने के साथ साथ आत्म निर्भर बनाने वाली ऐसी शिक्षा देने की जो बच्चों के कैरियर निर्माण के साथ साथ देश को भी आगे ले जाने में सहायक हो। प्रोफ़ेसर कलाम साहब का ही यह कथन भी था कि शिक्षकों को अधिक से अधिक वेतन दिया जाना चाहिये और उनसे केवल शिक्षण सम्बन्धी अधिक से अधिक काम भी लिया जाना चाहिए। परन्तु सवाल यह है कि स्वयं को 'विश्वगुरु की रेस में अग्रणी बताने वाले भारत' में गुरुओं की वास्तविक स्थिति और सरकारों की शिक्षा,शिक्षक व शिक्षण संस्थाओं के प्रति उदासीनता को देखकर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कल्पना आख़िर कैसे की जाये ?

# पशु चिकित्सा को चिकित्सा की जरूरत

**सूदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन को पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाना बहुत जरूरी है। इसके साथ ही नये पशु अस्पतालों का निर्माण और उनमें आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता,हर पशु का बीमा, खण्ड स्तर पर पशु धन मेलों का आयोजन और पालकों को हरसंभव मदद मुहैया करवाकर उन्हें दूध का सही दाम मिलना जरूरी है।दुग्ध क्रांति सफल हो भी कैसे, क्योंकि प्रदेश के लगभग सात हजार गांव, ढ़ाणी, कस्बों और शहरों में से केवल आधे से भी कम गांव में पशु अस्पताल खोले गए हैं। प्रदेश का बहुत बड़ा क्षेत्र अब भी ऐसा है जहां पशु चिकित्सा हेतु कोई पशु अस्पताल नहीं है। इसके अतिरिक्त यदि रात्रि समय कोई पशु बीमार पड़े तो उसका इलाज कहां करवाएं, यह पशु पालकों की गंभीर समस्या है।**

गंभीर समस्या

प्रियंका सौरभ



हरियाणा सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए पशु धन किसान क्रेडिट कार्ड योजना पशु खरीदने की बनाई गई योजना सराहनीय है। मगर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आजकल घरों की बजाय अधिकतर गाय सडकों, गली और गांवों में आवारा घूमती दिखाई दे रही हैं।इसका प्रमुख कारण है गोवंश की कृषि कार्यों में उपयोगिता कम होना और सरकार द्वारा पशु मेलों पर रोक लगाना। प्रदेश में दुग्ध क्रांति लाए जाने को लेकर सरकारें करोड़ों रुपयों का बजट खर्च करने के बावजूद फिलहाल सफल नहीं हो पाई हैं। नतीजतन आज भी लोग कैमिकल युक्त पैकेट बंद दूध व दूध से बने पदार्थ घरों में उपयोग करने के लिए मजबूर हैं। पशु पालकों को दूध का सही दाम कभी मिला नहीं। पशुपालन लगातार महंगा होता जा रहा है। दुधारू पशुओं के बांझ बनने पर लोग उन्हें आवारा घूमने के लिए छोड़ देते हैं।सरकार ने सूअर पालन के साथ भेड़ बकरी पालन और गायों के लिए गोशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन ये कदम प्रयाप्त नहीं हैं। दुग्ध क्रांति सफल हो भी कैसे, क्योंकि प्रदेश के लगभग सात हजार गांव, ढ़ाणी, कस्बों और शहरों में से केवल आधे से भी कम गांव में पशु अस्पताल खोले गए हैं। प्रदेश का बहुत बड़ा क्षेत्र अब भी ऐसा है जहां पशु चिकित्सा हेतु कोई पशु अस्पताल नहीं है। इसके अतिरिक्त यदि रात्रि समय कोई पशु बीमार पड़े तो उसका इलाज कहां करवाएं, यह पशु पालकों की गंभीर समस्या है। पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों और वीएलडीए के पद खाली पड़े हैं जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। ऐसे में पशु पालकों को सही सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।सर्पदंश और बिजली करंट से किसी दुधारु पशु की मौत पर चिकित्सक पशु पालक को आर्थिक मदद मिलने की संस्तुति करते हैं।

अगर किसी गर्भवती दुधारु पशु की मौत गंभीर बीमारी से होने पर पशु चिकित्सक ऐसी कोई रिपोर्ट तैयार नहीं करते हैं, ऐसे में पशु पालकों को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। वर्तमान दौर में सरकार की ओर से पशु पालकों को ऐसी कोई भी सुविधा फिलहाल उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है।वैटरनरी सर्जन को चूंकि नोन प्रैक्टिस अलाउंस मूल वेतन में जोड़कर दिया जाता है इसलिए उनका वेतन लाखों में है जबकि वीएलडीए सहित अन्य कर्मचारियों को मिलने वाला वेतनमान ऊंट के मुंह में जीरा डालने वाली बात है। पशु पालकों को जब भी ऐसे स्टाफ को अपने बीमार मवेशियों की जांच करने के लिए घर बुलाना पड़ता है, तब उन्हें अपनी जेब ढीली करनी पड़ती है। पशु चिकित्सालयों में बहुत कम दवाइयां उपलब्ध रहने की वजह से पशु पालकों को मेडिकल स्टोरों से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। एक तो दवाईयों की खरीददारी, ऊपर से स्टाफ को भी पैसे देने पड़ते हैं। ऐसे में पशु पालकों को सरकार की तरफ से कौनसी सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे दुग्ध क्रांति प्रदेश में लाई जा सके।  राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भधारण योजना के तहत पशु पालकों को घर-द्वार पर ही निशुल्क गर्भधारण की सुविधा दी गई है। इसके तहत पशुओं को टैग लगाए जाते हैं। कहने का मतलब है कि दुधारु पशुओं के कानों में यह टैग लगाकर उनका ऑनलाइन पंजीकरण भी किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता और उत्तम नस्ल की संतति करके दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सके। प्रत्येक जिला के पशु पालकों को प्रजनन योग्य गाय और भैंस को उत्तम नस्ल के वीर्य गुणों की मदद से निशुल्क गर्भधारण की सुविधा दिए जाने का लक्ष्य सरकार ने रखा है।

सरकार द्वारा वीएलडी डिप्लोमा कोर्स हेतु निजी संस्थानों को मान्यता प्रदान की जा रही है जहां से प्रति वर्ष हजारों डिप्लोमा धारक कोर्स करके निकलते हैं लेकिन इन डिप्लोमा धारकों के डिप्लोमा के पंजीकरण और संचालन हेतु कोई परिषद का गठन न होने से इनको बड़ी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सूदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन को पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए यह बहुत जरूरी है। इसके साथ ही नये पशु अस्पतालों का निर्माण और उनमें आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति, आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता,हर पशु का बीमा, खण्ड स्तर पर पशु धन मेलों का आयोजन और पालकों को हरसंभव मदद मुहैया करवाकर उन्हें दूध का सही दाम मिलना जरूरी है। किसानों, पशुपालकों की सुविधाओं के लिए पूर्व वर्षों में कृषि मेलों का आयोजन किया जाता था। मेलों में पशु पालकों को सब्सिडी पर दुधारू पशु दिए जाते थे। पशु चिकित्सालयों में औजार, कृषि बीज, दवाइयां और उर्वरक दिए जाते थे। वर्तमान समय में ऐसा बहुत कम देखने को मिल रहा है। पशु चिकित्सालयों में पशुपालकों को सुविधाएं नहीं मिलने की वजह से लोग पशुपालन से विमुख हो रहे हैं। हरियाणा जैसे राज्य, जहां बेरोजगारी की बड़ी समस्या है, में पशुपालन रोजगार का बड़ा साधन है। इसलिए इस बार के बजट में इसके लिए अलग प्रावधान होना चाहिए।

## सेहत — आलू के जूस को अपनी डाइट में करें शामिल, मिलेंगे ये 5 प्रमुख लाभ

आलू का जूस पोटैशियम, कैल्शियम, आयरन, फॉस्फोरस और कॉपर सहित कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। यह जूस इम्यूनिटी बढ़ाने, अर्थराइटिस का प्रभाव कम करने, लीवर को डिटॉक्स करने और अल्सर से राहत दिलाने जैसे कई लाभ दे सकता है। ऐसे में इसे डाइट में शामिल करना फायदेमंद हो सकता है। आइए आज हम आपको आलू के जूस के सेवन से मिलने वाले पांच प्रमुख फायदे बताते हैं।

### इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार

आलू के जूस में मौजूद विटामिन- सी की पर्याप्त मात्रा इम्यूनिटी बढ़ाने के साथ कई तरह के संक्रमण और बीमारियों से शरीर को सुरक्षित रखने में मदद कर सकती है। विटामिन- सी शरीर में कोलेजन का उत्पादन बढ़ाने में भी मदद कर सकता है और हानिकारक मुक्त कणों से शरीर की रक्षा कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह शरीर में व्हाइट ब्लड सेल्स के उत्पादन को बढ़ाने में भी सहायक माना जाता है।

### पेट के अल्सर से कर सकता है बचाव

हाई एसिड, शराब के अधिक सेवन और तनाव आदि के कारण पेट में अल्सर हो सकता है। ऐसे में आलू का जूस एक एंटी-बैक्टीरियल प्रोबायोटिक ड्रिंक की तरह काम करके पेट में अल्सर होने की संभावना को काफी कम करने में मदद कर सकता है। अध्ययनों के अनुसार, आलू का जूस पेट की सूजन को कम करने और पेट के कई संक्रमणों को खत्म करने में मदद कर सकता है।

### हड्डियों को दे सकता है मजबूती

आलू के जूस में उच्च मात्रा में मैंगनीज मौजूद होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में सहायता करता है। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद कैल्शियम ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की बीमारी) के जोखिम कम करने में मदद कर सकता है और हड्डियों को काफी मजबूत भी बना सकता है। आलू के जूस में एलेगिक एसिड भी होता है, जो हड्डी के फ्रैक्चर का खतरा कम करने में भी मदद करता है।

### हाई कोलेस्ट्रॉल का खतरा होगा कम

हाई कोलेस्ट्रॉल का अनियंत्रित स्तर हृदय रोग का खतरा बढ़ा सकता है। ऐसे में इसे नियंत्रित रखना जरूरी है। एक शोध के अनुसार, आलू के जूस में मौजूद विटामिन-ए, विटामिन- बी कॉम्पलेक्स और विटामिन- सी हाई कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम कर सकते हैं। यह फाइबर से भी भरपूर होता है, जो शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

### कैंसर से बचाव करने में है सहायक

आलू के जूस में मौजूद एंटी-कैंसर प्रभाव शरीर की स्वस्थ और सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाए बिना कोशिका के माइटोकॉन्ड्रिया पर हमला करके 40 से अधिक प्रकार की कैंसर कोशिकाओं को खत्म कर सकता है। दरअसल, यह प्रभाव कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकता है और शरीर को कई तरह के कैंसर से सुरक्षित रख सकता है। ऐसे में आपका अपनी डाइट में आलू के जूस को शामिल करना काफी लाभदायक साबित हो सकता है।

# पूर्वोत्तर में चुनाव : कैसी इबारत लिखेगी जनता

ऋतुपर्ण दवे

साल 2023 भारत के लिए चुनाव के लिहाज से बेहद अलग होगा। 9 राज्यों के चुनाव होने हैं।

तीन राज्यों में घोषणा के साथ शंखनाद हो चुका है। पूर्वोत्तर के राज्य त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड में चुनावी ऐलान के साथ राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है। जिन तीनों राज्यों में चुनाव हैं; सभी में 60-60 सीटें हैं।  विधानसभा के लिहाज से नगालैंड का 12 मार्च, मेघालय का 15 मार्च और त्रिपुरा का 22 मार्च को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। वहीं त्रिपुरा में 16 फरवरी को जबकि नगालैंड-मेघालय में 27 फरवरी को एक-एक चरण में मतदान होगा। नतीजे 2 मार्च को आएंगे। त्रिपुरा में अब 50 साल से ज्यादा पुराने धुर विरोधी यानी सीपीएम जो 35 साल और कांग्रेस जो 18 साल सत्ता में रहने के बाद अब गठबंधन को मजबूर हैं।

वहीं 2018 में शून्य से शिखर तक पहुंची भाजपा की राहें भी उतनी आसान नहीं दिखती क्योंकि जिस इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा यानी आईपीएफटी के साथ गठबंधन कर सत्ता में पहुंची थी उसकी मंशा पर भरोसा नहीं है। एक ओर जहां बीजेपी-आईपीएफटी गठबंधन जारी रहने की बात हो रही है, लेकिन एक अन्य क्षेत्रीय पार्टी 'टिपरा मोथा' ने 2021 में 'त्रिपुरा ट्राइबल ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल' (टीटीओडीसी) चुनाव में 'ग्रेटर टिपरालैंड' की मांग के साथ सफलतापूर्वक जीत हासिल कर अपनी अहमियत दिखा दी, जिससे सियासी जमीन काफी मजबूत हुई।

अब, आईपीएफटी टिपरालैंड नाम से अलग राज्य की मांग कर सियासी ताकत बढ़ा रहा है। दोनों की मांग कमोबेश एक सी हैं इसीलिए कवायद दोनों को एकजुट रखने की है, लेकिन टिपरा मोथा प्रमुख प्रद्योत देब बर्मा की त्रिपुरा की राजनीति में नया विकल्प बनने की चाहत संबंधी कुछ इशारों से भाजपा की चिंता बढ़ गई है। त्रिपुरा का सियासी दंगल बेहद दिलचस्प होता दिख रहा है। मेघालय में 2018 में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) 20 और भाजपा ने 2 सीट जीत गठबंधन सरकार बनी। कांग्रेस 21 सीट जीत सबसे बड़ी पार्टी बनकर भी सत्ता तक नहीं पहुंच सकी। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी यानी यूडीपी को 8, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी पीडीएफ को 2 सीटें मिली। एनपीपी के कोनराड संगमा मुख्यमंत्री बने, लेकिन चुनाव पूर्व जोरदार राजनीतिक उथल-पुथल जारी है।

अब एनपीपी-भाजपा के बीच दरार की बातें सुनाई दे रही हैं। थोड़ा पहले एनपीपी के दो, तृणमूल कांग्रेस के एक और एक निर्दलीय यानी 4 विधायक भाजपा में चले गए जबकि कांग्रेस के 12 विधायकों ने तृणमूल का दामन थामा तो कुछ एनपीपी में चले गए जिससे 2 कांग्रेसी विधायक ही बचे हैं उनके भी दलबदल की चर्चा है। इससे सियासी समीकरण गड़बड़ा गया। संभावना है कि एनपीपी और भाजपा दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ें। यहां भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के अलावा तमाम क्षेत्रीय दल भी ताल ठोक रहे हैं। फिलहाल नेशनल पीपुल्स पार्टी, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी, पीपुल्स डेमोक्रेटिक फ्रंट, हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, गारो नेशनल काउंसिल, खुन हैन्नीवट्रेप राष्ट्रीय जागृति आंदोलन, नार्थ ईस्ट सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, मेघालय डेमोक्रेटिक पार्टी भी चुनाव में सक्रिय है। यहां 36 सीटों में महिलाओं की जनसंख्या पुरु षों से अधिक है, लेकिन राजनीति में महिलाओं की मौजूदगी ना के बराबर है। हो सकता है इस बार यह भी मुद्दा बने।

नगालैंड में तो अनोखी सरकार है। विपक्ष है ही नहीं। सभी ने मिलकर सरकार बना डाली और चलाई, लेकिन वहां की मूल समस्या पर प्रभावी कुछ न होना अब चुनावी रण में चिंता का विषय है। वैसे भी अपनी अलग तरह की राजनीति को लेकर नागालैंड सुर्खियों में रहता है। इसके बावजूद पक्ष-विपक्ष दोनों मतदाताओं के लिए खास हैं क्योंकि विपक्ष है ही नहीं! इस बार मतदाताओं के विवेक की अग्निपरीक्षा है। नई सरकार के लिए नये-पुराने गठबंधन की फिक्र सभी को सता रही है। जहां भाजपा एनडीपीपी के साथ गठबंधन करेगी तो राष्ट्रीय जनता दल ने कई सीटों पर चुनावी संभावनाओं को टटोल भाजपा की चिंता बढ़ा दी। वहीं अपने खोए जनाधार को मजबूत करने खातिर कांग्रेस भी पीछे नहीं है।  2013 में 8 और 2018 में एक भी सीटें नहीं जीतने वाली कांग्रेस नई उम्मीदों को टटोल रही है।

नगालैंड में लोग नागा शांति समाधान के पक्षधर हैं। कांग्रेस इसी का फायदा उठाना चाहती है और चुनावी वायदों में बिजली, सड़क, उद्योग, नौकरियों पर फोकस के साथ समान विचारधारा व धर्मनिरपेक्ष गठबंधन पर नजरें टिकाए है। इस ईसाई बहुल राज्य में मजबूत हिंदू विरोधी रु ख तो नागा शांति वार्ता में देरी भी अहम मुद्दे हो सकते हैं। चुनावी ऐलान के साथ ही वहां राजनीतिक हलचल जबरदस्त हैं।

## एक नजर

### थाना प्रभारी ने कोटवार गायता पुजारी ग्राम पटेल की ली बैठक, दी महत्वपूर्ण जानकारी



**फरसगांव, 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** फरसगांव थाना के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले कोटवार, गायता, पुजारी, ग्राम पटेलो के लिए 12 फरवरी रविवार को थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई थी । इस बैठक में कुल 95 कोटवार/गायता/पुजारी/पटेल उपस्थित हुए । फरसगांव थाना प्रभारी भापेंद्र साहू द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस को सहयोग प्रदान करने के संबंध में निर्देश दिए गए ।साथ ही ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी, फेरी वालो द्वारा किये जाने वाले ठगी, सभी प्रकार के ठगी से बचने जागरूक किया गया साथ ही अपराध से बचने को कहा गया , अपने अपने क्षेत्र में महिला एवं बच्चों के विरूद्ध घटित होने वाले अपराध के बारे में पुलिस को जानकारी देने को कहा गया ताकि समय रहते अपराधो को रोका जा सके. साथ ही धर्मान्तरण संबंधी विवाद, गांव में होने वाले लड़ाई झगड़े से बचने के सम्बंध में बताकर जागरूक किया गया।

### साप्ताहिक बाजार में सूचना शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का दी जानकारी




**कांकेर 15 फरवरी ।** राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से जनसंपर्क विभाग द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में जिला जनसंपर्क कार्यालय कांकेर द्वारा जिले के हाट-बाजारों में सूचना शिविर का आयोजन किया जाकर राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है तथा शिविर में शासन के योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित छायाचित्र भी लगाई गई । कांकेर विकासखंड के ग्राम पंचायत पीढ़ापाल के साप्ताहिक बाजार में आज छायाचित्र प्रदर्शनी लगाया गया, जिसका अवलोकन ग्रामीणों द्वारा की गई। जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पडोटी, जनपद सदस्य हेमलता कवाची, सरपंच हीराबाई पडोटी, उपसरपंच बृजलाल उईके, पंच गोमती नाग, चंद्रिका सलाम, रिंकी हिचामी, चैनू राम, गौठान समिति के अध्यक्ष हलालु राम पडोटी, सचिव मुकेश कुमार नाग सहित दयाराम, रामेश्वर शोरी, हीरालाल वट्टी, सियाराम नेताम, बरातू राम भास्कर, राम सलाम, मोहन कावड़े, राम कोर्राम सहित विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों ने शिविर का अवलोकन कर प्रदेश सरकार के कामकाज और उपलब्धियों की जानकारी लिया।

## वन विभाग की उड़न दस्ता टीम की कार्रवाई,लंबे समय से चल रहा था अवैध फर्नीचर मार्ट







# कतियाररास वार्ड क्रमांक-3 में डेढ़ लाख का अवैध चिरान जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 15 फरवरी।** जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा परिक्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 कतियाररास मोहल्ले में बसाहट के बीच अवैध रूप से एक घर में चल रहे फर्नीचर मार्ट में दबिश देकर मंगलवार को वन विभाग की उड़न दस्ता टीम ने घर में अवैध रूप से रखे करीब डेढ़ लाख रूपए का सागौन चिरान फारा जब्त करने में सफलता हासिल की है।

वन विभाग के अधिकारियों को मुखबिर से यह सूचना मिली थी कि कतियाररास में विनोद ठाकुर नाम का एक व्यक्ति लंबे समय से अपने घर में अवैध रूप से सागौन चिरान मंगाकर फर्नीचर बनाने का काम कर रहा है एवं वर्तमान में भी बड़े पैमाने पर लकड़ी छुपाकर रखा हुआ है। सूचना प्राप्त होने के उपरांत डीएफओ सागर जाधव एवं एसडीओ अशोक सोनवानी के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश का पालन करते हुए दंतेवाड़ा वन विभाग की उड़न दस्ता टीम ने मंगलवार दोपहर 12 बजे कतियाररास के उक्त घर में दबिश देकर सघन जांच की तो घर के अंदर एवं बाड़े में छुपाकर रखे गए बड़े पैमाने पर सागौन चिरान फारा मिला जिसे छापेमार टीम ने जब्त कर लिया। दंतेवाड़ा एसडीओ अशोक सोनवीन ने बताया कि जब्त सागौन चिरान करीब 1.305 घनमीटर है जिसे वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीकृत कर पीओआर नंबर-15454/04, चालान क्रमांक 37/1824 काटा गया है। अवैध सागौन चिरान की अनुमानित बाजार मूल्य करीब डेढ़ लाख रूपए बताई गई है। जब्त चिरान को वन मंडल काष्ठागार लाकर आगे की कारवाई की जा रही है। जब्त चिरान में चौखट, पल्ला समेत एक अधबने दीवान फर्नीचर भी शामिल है। वन अधिकारियों ने यह भी बताया कि आरोपी विनोद ठाकुर पहले किसी फर्नीचर मार्ट में बढ़ई का काम किया करता था। बाद में फर्नीचर मार्ट में काम छोड़कर खुद ही घर में अवैध चिरान मंगवाकर फर्नीचर बनाने के काम में जूट गया था। करीब 5 वर्षो से भी ज्यादा समय से आरोपी इस अवैध धंधे में लगा हुआ था लेकिन पकड़ में नहीं आ रहा था। पुख्ता सूचना के बाद कल रंगे हाथ इसके घर से हमने लकडी बरामद किया है। आरोपी विनोद के विरूद्ध वन अधिनियम के तहत कारवाई हो रही है। छापेमार टीम में भूषण लाल नेताम(सहा0प0अधि0) मनोज प्रभाकर(वनरक्षक) चिंगड़ूराम सोरी (वनरक्षक) ललित नाग (वनपाल) एवं शिव प्रसाद मिश्रा (वनरक्षक) शामिल रहे।

## एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक जावंगा में संभाग स्तरीय टेकफेस्ट का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 15 फरवरी।** बस्तर संभाग स्तरीय टेकफेस्ट युवा उत्सव का आयोजन एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक एजुकेशन सिटी जावंगा दंतेवाड़ा में हुआ। गीदम विकासखंड के जावंगा एजुकेशन सिटी स्थित एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक दिवसीय टेकफेस्ट युवा उत्सव आयोजित किया गया। इसमें बस्तर संभाग में संचालित सभी तकनीकी महाविद्यालयों के मध्य सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं कला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के निकिता साहू ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, वाद विवाद प्रतियोगिता विपक्ष में साहिल कुमार ने प्रथम स्थान, पक्ष में बबीता बघेल ने द्वितीय स्थान, तात्कालिक भाषण में संजना नायडू ने द्वितीय स्थान, मेंहदी में पीहू यादव ने द्वितीय स्थान,



चित्रकला में संजू बैरागी ने द्वितीय स्थान एवं रंगोली में बिंदिया यादव ने द्वितीय स्थान हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता में एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक टीम विजय रहा एवं कन्या पॉलिटेक्निक जगदलपुर की टीम द्वितीय स्थान बनाने में सफल रही। शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक जगदलपुर के ललिता भारती ने वाद विवाद पक्ष एवं तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवं हुसनेआरा खान ने रंगोली में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोएड शासकीय पॉलीटेक्निक जगदलपुर के काकोली बाला ने रंगोली में प्रथम स्थान एवं चित्रकला प्रतियोगिता में हेमंत सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल गायन प्रतियोगिता में कन्या पॉलिटेक्निक जगदलपुर के नूपुर मंडल ने प्रथम स्थान एवं एनएमडीसी डीएव्ही पालीटेक्निक दंतेवाड़ा के शाहबाज अंसारी ने द्वितीय स्थान बनाने में सफल रहे। समूह गायन में कन्या पॉलिटेक्निक जगदलपुर के दल प्रथम स्थान एवं एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा के दल द्वितीय स्थान पर रहे। बौद्धिक के निर्णायक के रूप में आस्था विद्या मंदिर के व्याख्याता अमुजुरी विश्वनाथ एवं उमा शंकर, सांस्कृतिक प्रतियोगिता के लिए संगीत शिक्षक मुकेश कश्यप एवं गिरिजाशंकर देवांगन, कला प्रतियोगिता के लिए ममता दुबे, भारती मानिकपुरी ने निष्पक्षता से निर्णय दिया। झाड़ा सिन्हा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय जगदलपुर में आयोजित समूह नृत्य प्रतियोगिता में एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।टेकफेस्ट युवा उत्सव प्रतियोगिता में एनएमडीसी डीएव्ही पालीटेक्निक दंतेवाड़ा ने पुनः खेल प्रतियोगिता की तरह अच्छा प्रदर्शन बरकरार रखा। विश्वविद्यालय की ओर से प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को अंतर जोन प्रतियोगिता हेतु चयनित किया गया है। विजेताओं को प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर, कार्यक्रम संयोजक राघवेंद्र दीवान एवं सर्व शिक्षक शिक्षिका शुभकामनाए व बधाई दी।

## समाचार संक्षेप

### सिविक एक्शन कार्यक्रम में ग्रामीणों को उपयोगी सामान वितरित



**बीजापुर 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** बीजापुर ब्लॉक के अतिसवेंदनशील क्षेत्र गंगालूर इलाके में तैनात 85 बटा0सीआरपीएफ द्वारा अपने परिचालनिक क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया । श्री. जैकब वी. तुसिंग कमांण्डेन्ट 85 वीं वाहिनी के निर्देशन में मुफ्त चिकित्सा शिविर तथा अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री जिसमें मच्छरदानी,रेडियों ,तथा पानी के फिल्टर आदि के वितरण किया गया। चिकित्सा शिविर में गगांलूर एवं आस -पास के गॉव कोटियापारा , गायतापारा , मंजरपारा , दिवानपारा ,दुवालीपारा, बडडेपारा, बुर्जी, एवं पुसनार आदि के लगभग 200 ग्रामीणों नें मुफ्त स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया। इस अवसर पर डॉ0 ए0आर0 अरशद एवं डॉ0 बिस्मी एस0 मोहम्मद चिकित्साधिकारी 85 बटा0 सीआरपीएफ, डॉ0 शिरीश , डॉ0 यूधिष्ठिर साहु ,बी0आर0 ओयाम(फार्मा0) , सत्यपाल मॉझी , (फार्मा0) एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता सी0एच0सी0 गंगालूर के द्वारा मुफ्त चिकित्सा जॉच कि गई और आवश्यकतानुसार दवाईयों का वितरण किया गया। इस चिकित्सा शिविर मे भाग लेने वाले अधिकांश मरीजों खास कर बच्चों में गम्भीर कुपोषण की समस्या, पेट की गम्भीर बीमारी गैस्ट्राइटिस , यूटीआई, बदन में दर्द ,स्तनपान कराने वाली मॉ एवं व्यस्क महिलाओं में खून की कमी जैसे गम्भीर बिमारियों का निदान हेतु सभी मरीजों को प्रयाप्त मात्रा में दवाई एवं विटामिन टानिक दिया गया । चिकित्सा शिविर के समापन के दौरान श्री जैकब वी. तुसिंग कमाण्डेन्ट 85 बटा0 सीआरपीएफ ने सभी ग्रामीणों को आश्रवस्त किया कि इस तरह के मुफ्त चिकित्सा शिविर तथा अन्य दैनिक जरूरी चीजों के वितरण का आयोजन समय समय पर किया जाता रहेगा।

### यातायात पुलिस ने 15 प्रकरणों में 6 हजार जुर्माना वसूला

**बीजापुर 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** यातायात प्रभारी श्री संजय सुर्यवंशी द्वारा कुल 15 प्रकरणों में 6 हजार रूपए की वसूली की गई। जिससे 3 सवारी दो पहिया वाहन चालक, बिना नंबर के गाड़ी सहित ओव्हर लोड माल वाहक, सवारी गाड़ी शामिल है। श्री संजय सूर्यवंशी ने बताया कि निकटवर्ती जिला कांकेर में स्कूली बच्चों के वाहन दुर्घटना को मद्देनजर रखते हुऐ वाहन चालकों, आटो चालकों को गाड़ी की रफ्तार में कंट्रोल रखने धीमी गति से गाड़ी चलाने, सीट बेल्ट, हेलमेट का उपयोग करते हुए यातायात के नियमों का पालन कर स्वयं को सुरक्षित रखने एवं अन्य वाहन चालकों, पैदल चलने वालों को सुरक्षा को ध्यान में रखने हेतु जागरूक किया गया।



### मंडावी ने किया कंवर समाज का भवन का भूमिपूजन



**बीजापुर 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । बीजापुर के वार्ड क्रमांक 7 शांति नगर में मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी ने कंवर समाज को आबंटित भूमि का पूजन किया। भूमि आवंटन और भवन के लिए भूमि पूजन से कंवर समाज ने प्रदेश के मुखिया और क्षेत्रीय विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया है ।कंवर समाज प्रमुखों ने बताया की छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल के प्रथम आगमन पर समाज प्रमुखों द्वारा सामाजिक गतिविधियों के संचालन के लिए भवन व भूमि की मांग की थी। उन्होंने कम दर पर भूमि उपलब्ध कराने का वादा किया था जिसके बाद प्रशासन ने प्रक्रिया शुरू कर दी थी। प्रदेश के मुखिया के द्वितीय प्रवास पर उन्होंने स्वयं 15 लाख रुपए भवन निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति दी ।कंवर समाज के प्रमुखों ने बताया की 14 फरवरी को क्षेत्रीय विधायक विक्रम मंडावी ने कंवर समाज के पारंपरिक पुरखा देव पूजन के साथ भूमि का पूजन किया। इस दौरान विधायक विक्रम मंडावी ने कहा की सामाजिक भवन निर्माण किसी भी तरह की कमी नही आयेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया की और जरूरत पड़ने पर और मदद की जाएगी ।

### बीईओ ने कहा 23 फरवरी तक जमा कर सकते है शपथ पत्र किसी का वेतन नही रोका जाएगा

## ओपीएस बवाल कटेकल्याण एसोसिएशन के ज्ञापन का दिखा असर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कटेकल्याण 15 फरवरी।** पुरानी पेंशन का मामला ठंडा ही नही हो रहा है शिक्षकों का विरोध लगातार जारी है विभिन बिंदुओं को लेकर शिक्षकों संगठनों ने पूरे राज्य में मोर्चा खोलकर रखा है ताजा मामला कटेकल्याण ब्लॉक से जुड़ा हुवा है छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक संरक्षक बी तिरुपति महामंत्री विजय नेताम ब्लॉक सचिव भरत दुबे ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कटेकल्याण द्वारा पुरानी पेंशन हेतु नोट्राइज शपथ पत्र जमा करने की अंतिम तिथि आदेश जारी कर 17 फरवरी



2023 निर्धारित कर दी गयी थी व जमा न करने की इस्थिति में वेतन रोकने की कार्यवाही की बात कही जा रही है जिसके चलते शिक्षकों में आक्रोश की इस्थिति है जबकि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर वित्त निर्देश 3/2023 पत्र क्रमांक 48/एफ 2016-04-03289/वित्त/नियम/चार,नवा रायपुर अटल नगर,दिनाँक 25/01/2023 द्वारा जारी आदेश में एक माह का समय सहमति/असहमति हेतु प्रदान किया गया है वैसे भी शिक्षक एल.बी.संवर्ग के मामले में कुछ बिंदुओं को लेकर भ्रंम की इस्थिति निर्मित है जिसके सम्बंध में संगठनों द्वारा उच्च कार्यालय से लगातार पत्रचार किया जा रहा है। उक्त मामले में संगठन ने खंड शिक्षा अधिकारी से चर्चा किया खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा संगठन को आश्वस्त किया कि किसी भी कर्मचारी का वेतन नही रोका जाएगा व कर्मचारी 23 फरवरी तक अपना शपथ पत्र कार्यालय में जमा कर सकते है।

## श्रीनिवास मद्दी ने शहीद भाजपा कार्यकर्ता के घर पहुंच बढ़ाया परिवार का हौसला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 15 फ़रवरी ।** विगत दिवस पूर्व नक्सलियों ने दंतेवाड़ा जिले में बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए ग्राम पंचायत हितामेटा के पूर्व सरपंच एवं भाजपा बारसूर मण्डल के पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष रामधर अलामी की हत्या कर दी थी । आज भाजपा दंतेवाड़ा जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी ने नक्सल हमले में शहीद हुए पूर्व सरपंच के गृह ग्राम पहुँच निवासस्थल पर परिवार के सदस्यो से भाजपा जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी समेत पदाधिकारियों के साथ मुलाक़ात की । श्री मद्दी ने पीड़ित परिवार का हौसला बढ़ाया और उनकी बात फोन के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह से करवाई । डॉ रमन सिंह ने कहा की रामधर अलामी भाजपा के शहीद कार्यकर्ता है उनके समेत पूरे भाजपा के समस्त कार्यकर्ता इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ है तथा स्व अलामी की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी 7 जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी ने परिवार के सदस्यो से कहा की नक्सलियों के द्वारा रामधर अलामी की बर्बरता पूर्वक नृशंस हत्या करना कायराना करतूत का परिचय है इस दुःख की घड़ी में पूरी भाजपा पार्टी परिवार के सदस्यो के साथ है और हमेशा रहेगी । श्री मद्दी ने कहा की स्व अलामी की शहादत पार्टी के लिये छती है, भाजपा ने अपने कर्मठ,जुझारू,वफादार और समर्पित सिपाही रामधर को खोया है जिसकी शहादत को व्यर्थ नहीं जाने दिया जायेगा । इस दौरान जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास मद्दी, जिलाध्यक्ष चैतराम अटामी, प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, महामंत्री संतोष गुप्ता,पुतान सिंह कुशवाहा,नगर पंचायत अध्यक्ष बारसूर उमेश्वर पुजारी,जिला मंत्री जस्वीर नेगी, मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर भारद्वाज उपस्थित रहे ।

# जिला सहकारी बैंक में वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 15 फरवरी।** 6 फीसदी के हिसाब से ही पुराने कर्ज पटा पाएंगे किसान हजारो किसानो को राहत, बैंक के प्राधिकृत अधिकारी माननीय श्री शंकर ध्रुवा के प्रयासो से सफलता बकाया राशि को दस किस्तो में जमा करने की सुविधा दी गई है।पूर्ववर्ती जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक द्वारा वितरित कालातीत ऋणो के लिए एकमुश्त समझौता योजना 2023 लागू की गई है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर के प्राधिकृत अधिकारी श्री शंकर ध्रुवा के प्रयासो से लागू हुई वन टाईम सेटलमेंट योजना से किसान आसानी से पुराने कर्ज को पटा पाएंगे। किसानो को 6 फीसदी के हिसाब से ही पुराने कर्ज का ब्याज पटाना होगा अगर ऋण एक किस्त में भुगतान नही कर सकता, तो समझौते के तहत 15 दिनो में कम से कम 25 प्रतिशत राशि एवं शेष राशि 10 माह के भीतर 10 समान किस्तो में जमा करना होगां ।

**चक्रवृद्धि ब्याज के साथ बढ़ती जा रही थी, ऋण राशि -**

गौरतलब है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में 2014 से जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक संविलियन हो गया । वही ग्रामीण विकास बैंक में जगदलपुर, जिला सहकारी बैंक के अंतर्गत जगदलपुर, बस्तर, कोण्डागांव, नारायणपुर, कांकेर, चारामा, भानुप्रतापुर, पखांजूर, दन्तेवाडा, सुकमा एवं बीजापुर में 2188 किसानो के ऋण बकाया है। यह ऋण चक्रवृद्धि ब्याज के साथ हर साल बढ़ने से किसानो पर बोझ भी बढ रहा था इसके चलते 2188 किसान ना तो सोसाइटी से खाद खरीद पा रहे है और न ही सोसाइटी में अपना धान बेच पा रहे है। किसानो को डर है कि सोसाइटी में धान बेचेगें तो उनके ऋण का पैसा कट जाएगा। किसानो से अपील है किवे योजना का लाभ ले तथा ऋण अदायगी करें। अधिक जानकारी के लिए समीप के शाखा प्रबंधक से संपर्क करें ।

# हिन्दू स्वाभिमान जागरण संत पदयात्रा पहुंचीं बीजापुर, भव्य स्वागत के साथ जयकारों से गूंजा शहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 15 फरवरी।** भद्रकाली के मां भद्रकाली मंदिर में शनिवार के हवन और हनुमान चालीसा के साथ शुरू हुई इस यात्रा का नेतृत्व स्वामी प्रेम स्वरूपानंद जी महाराज ने किया। शहर प्रमुख मार्ग से गुजरने के दौरान लोगों ने आरती और पुष्पवर्षा के साथ पदयात्रा का स्वागत किया। नगर में पदयात्रा और संतों के आगमन ने पूरे शहर के माहौल को भक्तिमय बना दिया। पूरा शहर नमःशिवाय के जयकारों से गुंजायमान हो गया।

इस अवसर पर संत समाज द्वारा शहर में एक बैठक का आयोजन भी किया गया और इस बैठक में ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा में कहा गया कि

मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्र समानता -को चरितार्थ करने के लिए छत्तीसगढ़ प्रांत के चारों



दिशाओं से हिन्दू स्वाभिमान जागरण एवं सामाजिक समरसता हेतु पूज्य संत समाज चार पवित्र स्थानों से पद यात्रा पर निकल रहे हैं। यह यात्रा प्रान्त के 33 जिलो से होकर गुजरेगी। जिसका उद्देश्य गिरिकंदराओ, वनों, ग्रामों, झुग्गी बस्तिओं एवं नगरों में निवास करने वाले हिन्दू समाज बन्धुओं के बीच संगत (सत्संग) और पंगत को माध्यम बनाकर, एकात्म एकरस संगठित हिन्दू समाज का प्रकटीकरण कर, हिन्दूभाव (स्वाभिमान) जागरण करना है। जो कि जाति-पाति भाषा पंथ क्षेत्र एवं राजनैतिक भेद भावों से उपर उठकर राष्ट निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभायेंगें। बैठक में उपस्थित पूज्य संतो ने हिन्दू समाज, पंथ व समाज प्रमुखों एवं सभी संगठनों से आह्वान किया है कि समाज में बढ़ती हुई विषमता, भेदभाव, जनसंख्या असंतुलन, धर्मान्तरण, गौ तस्करी, भूमि व लव जिहाद एवं धार्मिक, सांस्कृतिक आक्रमण, आदि समस्याओं के समाधान व जागरण हेतु संतो के नेतृत्व में कदम से कदम मिलाकर साथ चलने की अपील की। यात्रा का अगला पड़ाव बीजापुर के पश्चात् दंतेवाड़ा है।यात्रा प्रमुख सुधीर गौतम ने बताया प्रदेश के चरों धाम माँ महामाया,माँ बमलेश्वरी,माँ चंद्रहासिनी, माँ दंतेश्वरी के मंदिरों से संतो का पद यात्रा निकाला जाएगा, जिसका समापन रायपुर में होने वाला धर्म सभा में 19 मार्च को होगा। लगभग 551 किलोमीटर की तय कर यह पदयात्रा 18 मार्च को रायपुर पहुंचेगी। प्रदेश भ्रमण के बाद 19 मार्च को संत महासभा रायपुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश भर के संतों के अलावा दूसरे राज्य के संत भी शिरकत करेंगे।

## एक नजर



### युवराज जायसवाल ने साथियों सहित लोधिया में श्रीमद भागवत कथा श्रवण कर आशीर्वाद लिया

**खरसिया, 15 फरवरी।** गहीरमुडा से पधारे श्रीमद भागवत कथा के परम पूज्य श्रद्धेय दिव्य आनंद महाराज जी के श्रीमुख वाणी से ग्राम लोधिया में श्रीमद भागवत कथा का 8 फरवरी से 16 फ़रवरी तक चलने वाले भागवत कथा में छठवें दिवस को अमृत रूपी वर्षा के रूप में प्रवाहित हो रहा है ।क्षेत्र वासी बड़े ही श्रद्धा, भक्ति व भावना से कथा श्रवण कर रहे हैं इसी कड़ी में कथा श्रवण करने पहुंचे युवा हस्ताक्षर युवराज जायसवाल, भाजपा नेता जयप्रकाश डनसेना, कांग्रेस नेता धरम साहू, दुर्गेश मेहर, टिकेश्वर पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, ओंकेश्वर झरिया, सुनील यादव, दीपक झरिया, भोलाशंकर मेहरा एवम् अन्य युवा कांग्रेस साथियों सहित कथा श्रवण किए।

### चित्रकोट महोत्सव के लिए जिले के लोक नृत्य टीम रवाना

**कांकेर 15 फरवरी ।** चित्रकोट महोत्सव-2023 का संभाग स्तरीय आयोजन चित्रकोट जगदलपुर बस्तर में किया जा रहा है। जिला क्रीड़ा अधिकारी आबिद खान ने बताया कि कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के निर्देशन तथा आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर एवं जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन के मार्गदर्शन में कांकेर जिले से संभाग स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता एवं खेल प्रतियोगिता हेतु टीमें रवाना की गई। लोक नृत्य हेतु जिले से एक सांस्कृतिक दल एवं कबड्डी तथा व्हालीबाल प्रतियोगिता के लिए बालक-बालिका की एक-एक टीम शामिल है, जिसमें दल प्रबंधक शरद यादव एवं सहायक दल प्रबंधक श्रीमती तारा पोर्टल, उमेश साहू, नर्मत नाग, कुश मेश्राम, भीखम यादव, कुमारी माधुरी साहू, कुमारी पूर्णिमा नेताम एवं कमलेश्वर ईश्वरी कोच व मैनेजर सहित 64 सदस्य प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

### योग प्रशिक्षण शिविर लोगों ने लाभ उठाया

**रायगढ़, 15 फरवरी।** संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के मार्गदर्शन एवं आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर, महापल्ली के प्रभारी चिकित्सक डॉ.सुभाष चंद्र झा के संयोजन में आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, महापल्ली के पांच निकटस्थ ग्राम लोइंग, कोसमपाली, सकरबोगा, साल्हेओना एवं बनोरा में 19 जनवरी से 13 फरवरी तक पांच दिवसीय निः शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। लगातार 25 दिन पांच ग्रामों में योग शिविर में कुल 1203 हितग्राही लाभान्वित हुए जिसमें लोइंग में 191, कोसमपाली में 264, सकरबोगा में 259, साल्हेओना में 221 तथा बनोरा में 268 हितग्राही लाभान्वित हुए।

योग प्रशिक्षिका कुमारी वर्षा प्रधान एवं आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर महापल्ली के प्रभारी चिकित्सक डॉ.सुभाष चंद्र झा द्वारा योगाभ्यास कराया गया। अंत में ध्यान, संकल्प तथा शांति पाठ के द्वारा सत्रों का समापन किया गया। शिविर स्थल पर ग्रामीणों को योगाभ्यास से संबंधित ब्रोशर एवं पाम्पलेट निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर के उपरांत महिलाओं, बच्चों सहित बुजुर्गों ने योग भली-भांति सीख कर जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, महापल्ली के कर्मचारी, सुश्री गंगा सिदार, विश्वबंधू सोनी, श्रीमती मीना महंत, श्री शैलेष, श्री बसंत गुप्ता एवं श्री विनोद का विशेष योगदान रहा।

# नागा साधुओं ने निकाली पेशवाई

## आलौकिक श्रृंगार के साथ अस्त्र-सस्त्र का किया प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजिम,15 फरवरी। राजिम माघी पुन्नी मेला में पहुंचे पंचनामा जुना अखड़ा से नागा संत-सन्यासियों द्वारा भगवान दत्तात्रेय का आह्वान करते हुए पेशवाई निकाली गई। यह पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से शस्त्र पूजन कर आरंभ किया गया। दत्तात्रेय मंदिर में नागा साधु अपने आराध्य भगवान दत्तात्रेय का पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर दत्तात्रेय मंदिर के सर्वराकार रामकुमार गोस्वामी, किशोर गोस्वामी, हर्ष गोस्वामी, बलराम गोस्वामी, शिवराज देवांगन, संतोष शर्मा, योगेश शुक्ला, भावना गोस्वामी, अनीता गोस्वामी, सुहासिनी गोस्वामी, कमलाबाई सविता गोस्वामी आदि नागा साधुओं की सेवा में लगे रहे। पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से प्रारंभ होकर सुंदरलाल शर्मा चौक, गायत्री मन्दिर मार्ग, व्हीआईपी मार्ग, मेला मैदान होते हुए लोमष ऋषि आश्रम स्थित अपने पंडाल में पहुंचे, जहां विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भगवान दत्तात्रेय को स्थापित किया गया। पेशवाई में छत्तीसगढ़ साधु समाज अध्यक्ष उमेशानन्द गिरि महाराज, राजिम मेला अध्यक्ष दिगंबर जनकपुरी, थानापति कमलेशानंद सरस्वती, जमातिया महंत रामगिरि, थानापति बिसम्भर भारती, थानापति सनत पुरी, थानापति रविगिरी, सत्यानन्द, पुजारी रामेश्वर पुरी, कोतवाल गणपति पुरी, सुशांत पुरी, मन्नुगिरी सहित बड़ी संख्या में नागा साधु शामिल थे। पेशवाई के दौरान नागा साधु अपने आखाड़ो का विभिन्न करतब दिखाते व शस्त्र प्रदर्शन करते हुए निकले। उक्त अखाड़ों को देखने एवं नागा-साधुओं का आशीर्वाद प्राप्त करने सड़कों के किनारे श्रध्दालुओं की भीड़ भक्ति भाव व रोमांच के साथ उमड़ पड़ी। वहीं जनता उन पर फूल बरसा कर अपनी श्रध्दा व्यक्त की। दिगंबर जनकपुरी महाराज ने बताया कि पेशवाई निकालने का अर्थ यह होता है कि अब मेला शुरू हो गया है। अखाड़ा में भगवान दत्तात्रेय के प्रतिबिंब को प्रवेश कराते हैं। दत्तात्रेय मंदिर से भगवान दत्तात्रेय की प्रतिबिंब को पालकी में विराजित कर लाया जाता है।

इस पेशवाई यात्रा में नागा-साधु, सन्यासियां अपने पारंपरिक आलौकिक श्रृंगार के साथ अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान साधु संतों से उपस्थित जनसमूह की सुरक्षा तथा व्यवस्था को मदेनजर रखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आया, ताकि व्यवस्था में किसी प्रकार को कोई व्यवधान न पड़े और ना ही आने वाले दर्शनार्थी किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना करने पड़े।

# नवा छत्तीसगढ़ गढे बर, भाई भूपेश बघेल जुटे है राजिम ऐकर उदाहरण हे:महंत

## तहूँ होबे राख, महू होहूँ राख, राखबे तो राख :महन्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 15 फरवरी।** राजिम माघी पुन्नी मेला के संत समागम समारोह में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत पहुंचे। डॉ महंत ने भगवान श्री राजीवलोचन, भगवान कुलेश्वर महादेव व महानदी की पूजा आरती कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा ऐसी परंपरा और कहावत है कि त्रिवेणी संगम पर नहाने वालों के सारे पाप धुल जाते हैं और इसी को फलीभूत करते हुए हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पैरी सोढ़ूल एवं महानदी के संगम स्थल पर पुन्नी मेला का छत्तीसगढ़िया ढंग से आयोजन किया है इसके लिए भूपेश बघेल की जितनी प्रशंसा किया जाए कम है आज यहां आने पर पंडित श्यामाचरण शुक्ला जिनकी आज जयंती है जो म.प्र. के प्रथम मुख्यमंत्री रहे । छत्तीसगढ़ की मांग करने वाले हमारे प्रमुख संत कवि पवन दीवान की याद हमें आती है उनके बगैर हम छत्तीसगढ़ की कल्पना नहीं कर सकते उनकी एक मशहूर कविता ,तहूँ होवे राख महू होहूँ राख रागबे तो राख, वह आज भी लोगों के जबान पर प्रचलित है इनके बिना छत्तीसगढ़ की कल्पना करना संभव नहीं है इन्हीं के उठाए आंदोलन के चलते आज छत्तीसगढ़ का यह स्वरूप देखने को मिल रहा है संत लोग जो हमें धन देते हैं उसकी कल्पना आप लोग नहीं कर सकते ज्ञान, ध्यान का धन से बड़ा कोई धन नहीं होता जिसके लिए हम सभी यहां पहुंचते हैं और आज उसका रसास्वादन करेंगे। छत्तीसगढ़ वास्तविक रूप से नवा छत्तीसगढ़ के रूप में भूपेश बघेल ने जो यहां कार्य किया है वह देखने को मिलता है यहां पूरी तरह से छत्तीसगढ़िया कार्यक्रम नजर आते हैं वे हमारे पुराने दिनों को याद दिलाते आते हैं। इस अवसर पर उन्होंने गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के द्वारा इस मेला कार्यक्रम को विशाल रूप देने पर प्रशन्नता व्यक्त किया ।इस अवसर पर ताम्रध्वज साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुरूप हम राजिम मेला का आयोजन कर रहे हैं और हमारी मंशा है कि पूरी तरह छत्तीसगढ़िया कार्यक्रम यहां प्रस्तुत किया और छत्तीसगढ़िया को ही अवसर मिले जिसमें हम काफी हद तक सफल भी हैं भूपेश बघेल ने जो सपना देखा है आज वह यहां फलीभूत होते नजर आ रहा है ।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अमितेश शुक्ला ने कहा कि जो हमने मुख्यमंत्री से मांग किया था कि 15 दिनों तक राजिम क्षेत्र के आसपास शराबबंदी लागू किया जाए उसे लागू किया गया है इसके लिए हम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के व्यक्तिगत रूप से आभारी हैं ।इस अवसर पर धनेंद्र साहू ने कहा कि राजिम मेला की विशेषता यह है कि यहां पुराने परंपरा और रीति-रिवाज से मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसका दूर-दूर से पहुंचे लोग आनंद उठा रहे हैं इस अवसर पर विधायक सिहावा श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि क्षेत्र में काफी विकास किया है और हम इसके लिए भूपेश बघेल के व्यक्तिगत रूप से आभारी है कार्यक्रम के अंत में विभिन्न पहुंचे हुए अतिथियों का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जाए

### दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 24 एवं 25 फरवरी को

**रायगढ़, 15 फरवरी।** किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान (अग्रणी)महाविद्यालय रायगढ़ में शासन की अवधारणा के अनुरूप प्राध्यापक वर्ग की बौद्धिक दक्षता बढ़ाने एवं विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से ऑफलाईन/ऑनलाईन माध्यम से 24 एवं 25 फरवरी 2023 को स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के तत्वाधान में छायावादोत्तर हिन्दी कविता में रचनात्मक प्रतिबद्धता और सार्थकता विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में अमेरिका और नार्वे सहित देश के उत्तरप्रदेश, दिल्ली, उड़ीसा, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों से कार्यक्रम में प्रतिष्ठित विद्वान, कुलपति तथा पद्मश्री सम्मान प्राप्त साहित्यकार पद्मश्री श्री निवास उद्गाता (ओडिशा), पद्मश्री लीलाधर जगूड़ी (देहरादून) और पद्मश्री हलधर नाग (ओडिशा) का आगमन हो रहा है। यह रायगढ़ जिले एवं विश्वविद्यालय का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय आयोजन है।

इस अवसर पर पुस्तक विमोचन, साहित्यकारों का सम्मान भी किया जाएगा।

# सरकारी स्कूल में पढ़कर बनेंगे अधिकारी:कवासी लखमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 15 फरवरी ।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल पावारस सुकमा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रगति के मार्ग में कदम बढ़ा रहा है। जहां गत वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, वहीं इस वर्ष अपने वार्षिक उत्सव के अवसर पर संस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।

सोमवार को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पावारस सुकमा द्वारा सुकमा ऑडोटोरियम में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि श्री कवासी लखमा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री छत्तीसगढ़ शासन शामिल हुए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर, राजकीय गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्री प्राइमरी कक्षा के बच्चों ने अपने नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया वही मिडिल व हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने गीत, संगीत, नृत्य से लगातार दर्शकों को बांधे रखा। ऑडोटोरियम में बच्चों द्वारा लगाई गई छाया चित्र प्रदर्शनी का सभी अतिथियों ने अवलोकन किया।इस अवसर पर श्री हरिश कवासी अध्यक्ष जिला पंचायत सुकमा, श्री राजू साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुकमा, श्रीमती आयशा हुसैन उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुकमा, श्री करनदेव सदस्य जीव जन्तु बोर्ड, श्री राजेश नारा योग आयोग सदस्य, श्री मनोज देव अध्यक्ष पालक समिति सेजेस पावारास सुकमा, डिप्टी कलेक्टर श्री श्रीकांत कोर्राम, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण सहित पालकगण उपस्थित थे।कवासी लखमा ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भी शामिल है। जिसमें जिले के बच्चों का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। साथ ही बच्चों को स्कूल में उन्हें उत्कृष्ट बनाने पर जोर दिया जाता है। उन्होंने सेजेस के सभी बच्चों को वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं के साथ ही उनके उज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद दिया। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप अब वो दिन दूर नही जब हमारे अपने बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़कर अधिकारी बनेंगे और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

# नक्सलगढ़ सुकमा में 3 इनामी सहित 33 नक्सलियों ने किया सरेंडर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 15 फरवरी।** जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन पूना नर्कोम अभियान और छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति का सकारात्मक प्रभाव अब दिखने लगा है. मंगलवार को 3 इनामी सहित 33 नक्सलियों ने पुलिस के सामने हाजिर होकर नक्सलवाद से तौबा किया है. सुकमा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि नक्सलवाद के खात्मे के लिए लगातार अंदरूनी क्षेत्रों में सुरक्षा बल के नए कैंप स्थापित किए जा रहे हैं. नए कैंप के खुलने से क्षेत्र में विकास तेजी से हो रहा है.÷पहले ग्रामीण पुलिस से बनाकर रखते थे दूरी÷ सुकमा पुलिस अधीक्षक के मुताबिक ÷अंदरूनी क्षेत्र के ग्रामीण पुलिस से हमेशा से ही दूरी बनाए रखते थे. लेकिन कैंप के जरिए सुरक्षा बल के जवान उनके नजदीक पहुंचकर उनकी समस्याओं का भी समाधान करने में जुटे हुए हैं. बीते दिनों अति नक्सल प्रभावित कहे जाने वाले डब्बामरका व तोंडामरका नवीन कैंप स्थापित किया गया. हर कैंप स्थापना के तीसरे ही दिन पुलिस का प्रभाव क्षेत्र में दिखने लगा. जिसको देखते हुए पुलिस ने नवीन कैंप डब्बा मरका में जनदर्शन शिविर का आयोजन किया. इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए. जिन्हें सीआरपीएफ के डॉक्टरों की टीम के द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और दवाइयां भी दी गई. साथ ही मौसमी बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक उपाय और सावधानियां भी बताई गई। सुविधाओं और विकास की दी जानकारी तो बढ़ा भरोसा ÷पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अंदरूनी क्षेत्रों में कैंप खुलने से होने वाली सुविधाओं और विकास कार्यों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई. यही कारण है कि अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को अपने बीच पाकर तीन इनामी नक्सली सहित 33 नक्सलियों ने नक्सल विचारधारा को त्याग कर समाज की मुख्यधारा में जुड़कर आत्मसमर्पण किया. आत्मा समर्पित सभी नक्सली किस्ताराम थाना क्षेत्र में गठित विभिन्न नक्सल गतिविधियों में शामिल रहे हैं. सभी आत्म समर्पित नक्सली को शासन की पुनर्वास नीति के तहत जल्द ही सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी.÷ इन नक्सलियों ने किया है आत्मसमर्पण दिरदो मुड़ा- डीएकेएमएस अध्यक्ष (1 लाख इनामी) हिड़मा- सीएनएम अध्यक्ष (1 लाख इनामी) वंजाम हिड़मा- मिलिशिया कमांडर (1 लाख इनामी) वेट्टी भीमा- डीएकेएमएस सदस्य माड़वी हूंगी- केएएमएस सदस्या वेट्टी हिड़मा- कमांडर वंजाम हड़मा- सदस्य वेट्टी गंगा- सदस्य वेट्टी जोगा- मिलिशिया सदस्य माड़वी मुक्का, मिलिशिया सदस्य दूधी देवा- मिलिशिया सदस्य माड़वी नंदा- मिलिशिया सदस्यकलमू हिड़मा- मिलिशिया सदस्य मड़कम सुक्का- मिलिशिया सदस्य वंजाम मासे- सदस्य माड़वी मुड़े- सदस्य दूधी बीड़े- ष्टहरू सदस्य वेट्टी भीमे- सदस्य वेट्टी हिड़मा- मिलिशिया सदस्य दिरदो जोगा- जंगल कमेटी सदस्य वेट्टी हड़मा- मिलिशिया सदस्य दिरदो हड़मा- ष्टहरू सदस्य वेट्टी रामा- मिलिशिया सदस्य माड़वी हिड़मा- मिलिशिया सदस्य ओयाम लखमा - मिलिशिया सदस्य मड़कम लखमा- मिलिशिया सदस्य वेट्टी मुया- सदस्य ओयाम सुक्का- मिलिशिया सदस्य मड़कम देवा- मिलिशिया सदस्य वेट्टी लच्छु- मिलिशिया सदस्प मड़कम हड़मा- मिलिशिया सदस्य पोड़ियम देवा- मिलिशिया सदस्य दूधी गंगा- मिलिशिया सदस्य ।

# जर्जर स्कूल की परेशानी से बच्चों को अब मिल सकेगी निजात

## जिला कलेक्टर ने स्वीकृत की राशि

**पत्थलगांव, 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जर्जर स्कूल की परेशानी से अब बच्चो को राहत मिलने वाली है, जिला कलेक्टर रवि मित्तल ने जर्जर स्कूल की मरम्मत के लिए सात लाख पैतिस हजार रूपये की राशि स्वीकृत कर दी है। दरअसल लुडेग का शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिछले लंबे समय से पूर्णतः जर्जर हो चुका था, जिसके कारण अनेक बार यहा के बच्चो ने विरोध कर स्कूल का त्याग भी कर दिया था, परंतु उसके बाद भी जर्जर स्कूल की मरम्मत के लिए कही से राशि स्वीकृत नही हो पा रही थी, जिसे देखते हुये राष्ट्रीय मानव अधिकार के सदस्य रितिक गर्ग ने जिला कलेक्टर की टी.एल बैठक मे आवेदन देकर बच्चो की इस गंभीर समस्या से अवगत कराया गया था, जिस पर संज्ञान लेते हुये जिला कलेक्टर रवि मित्तल ने लुडेग के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की भवन मरम्मत के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को कार्य एजेंसी बनाकर सात लाख पैतिस हजार रूपये प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। यह राशि की घोषणा होते ही स्कूल मे अध्ययनरत बच्चे काफी प्रसन्न नजर आये। साथ ही अध्ययनरत बच्चो के अभिभावको ने भी जिला कलेक्टर के साथ साथ राष्ट्रीय मानव अधिकार के सदस्य रितिक गर्ग का आभार व्यक्त किया।



## समाचार संक्षेप

### शिक्षा के बजट के दुरुपयोग का कारण है शैक्षणिक संस्थानो में अव्यवस्था

**सुकमा, 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के अधिकांश छात्रावास आश्रमों, पोटाकेबिनों ये ही दुर्दशा अभी भी है, शिक्षा विभाग केवल खानापूर्ति करने के आलावा कोई काम नही, इसका जिम्मेदार कौन है? शिभागीय अधिकारी इस पर क्यो गभीर नही है, शिक्षा पर कहा खर्च हो रहा है क्या कागजो मे ही खर्च हो रहा हैगभीर समस्या है कोर्रा पोटाकेबिन के छोटे छोटे बच्चे तलाबों मे नहाने जाना खतरे से काली नही है, इसका जिम्मेदार कौन?जिला प्रशासन की अनदेखी का कारण गरीब आदिवासी बच्चो का भविष्य व जान से खेल रहा है, सुकमा मुख्यलाय से लगे हाईवे रोड के निकट वाले शैक्षणिक संस्थानो का बेहाल है, तो कल्पना कर सकते है बाकी अन्दरूनी मे संचालित हो रहै इन आश्रमो का क्या हालात होगा, विगत दिनो मे क ई घटनाएं हो चुका है, छात्र मजबूरी मे जगल झाडियो मे शौच करने जाना पडता है, प्रशासन की गैरजिम्मेदाराना कृत्यों के कारण बच्चो को परेशानियो से जूझ रहे है, इन शैक्षणिक संस्थानो मे मूलभूत समस्याओ को लेकर ऑल इंडिया स्टूडेन्टस् फेडरेशन ने जिला प्रशासन को अवगत कराया गया था, मामले को गभीरता से नही लिया गया।

### गांजा तस्करी के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

**सुकमा, 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



सुकमा जिले में पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किरण गंगा राम चव्हाण, एवं ओम चंदेल के मार्गदर्शन साथ ही पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तोंगपाल तोमेश वर्मा के पर्यवेक्षण में मादक पदार्थ की अवैध तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत, बीते दिनों तोंगपाल पुलिस को मुखबीर से मिली सूचना पर अवैध रूप से प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा सहित बिना नंबर के होंडा मोटरसाइकिल वाहन में मादक पदार्थ की तस्करी पाए जाने से 01 आरोपी सारंग नामदेव, पिता दिनेश नामदेव, उम्र 21 बर्ष, जाति दर्जी, निवासी बड़ीखरी, थाना एवं जिला मंडला (मध्यप्रदेश) के कब्जे से 02 बैग में 02 पैकेट में कुल 10.046 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 80,368.00 रुपये (अस्सी हजार तीन सौ अडसठ रुपये) आँकी गयी। जिसके पश्चात आरोपी के खिलाफ थाना तोंगपाल थाना प्रभारी विजय पटेल के मार्गदर्शन पर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर, विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया।इस कार्यवाही में थाना प्रभारी तोंगपाल विजय पटेल, सउनि दुलेश्वर मानिकपुरी, आर. फागुराम वेट्टी, आसमन मांझी, राजेन्द्र राठौर, अजय सिन्हा, छोटू मौर्य, उमेश मरकाम, उदय कृपाल, का विशेष योगदान रहा।

### कुंजाम परिवार का मिलन समारोह का आयोजन पंचायत रोकेल लेसकेपारा में हुआ

**सुकमा, 15 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मिलन समारोह मे कुंजाम परिवार जिले के अलावा उडीसा ,बस्तर, दन्तेवाडा से भी उपस्थित हुए, इस अवसर पर कुंजाम परिवार के प्रमुख हुर्रा दादो पेन के पेन पुजारी समलवार(होमलवार) से अर्जून कुंजाम,सुकराम कुंजाम,जोगा कुंजाम, हिरोली से कोसा कुंजाम सहित उपस्थित हुए पेन पुजारी को परम्पारिक ढोल बाजे के साथ स्वागत किया गया। परिवार कुटमा का रीति नीति परम्परा को विस्तार से चर्चा किया गया, पेन पुरखा का नियम आदिकाल से चले आ रहा है उसे नियमानुसार सेवा अर्जी करने की चर्चाऐं हुआ। इस आयोजन मे प्रमुख रूप से पूर्व विधायक मनीष कुंजाम, सोमारू कुंजाम, आयता कुंजाम, लच्छू कुंजाम, उर्रा कुंजाम, हिड़मा कुंजाम, आयतू कुंजाम , राजू कुंजाम ,हिड़मा राम कुंजाम, महेश कुंजाम, चमन कुंजाम, सहित कुंजाम परिवार उपस्थित रहे।

### विधायक ने अपने पिता स्व. श्यामाचरण शुक्ल की याद में कराया भंडारा



**राजिम।** माघी पुन्नी मेला मेला में आयोजित राजिम माता भोग भंडारा की शुरुआत प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेश शुक्ल, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू एवं पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू द्वारा भगवान राजीवलोचन एवं राजिम माता की पूजा आरती कर भोग प्रसाद लगाकर किया गया।विदित हो कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, महामंत्री दयाराम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, जिला पंचायत सदस्य के मार्गदर्शन में राजिम भक्तिन माता भोग भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय पं. श्यामाचरण शुक्ल की स्मृति में उनके सुपुत्र प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेश शुक्ल के द्वारा भंडारा कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मॉलक राम साहू, महामंत्री दयाराम साहू, समिति के अध्यक्ष लाला साहू, संरक्षक अरुण साहू, रूपेंद्र साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कृषक सेवा सहकारी संस्था के अध्यक्ष विकास तिवारी, जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूपेश साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष बैसाखू साहू, तहसील साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष बंसीलाल साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, डॉ लीलाराम साहू, महासचिव श्याम साहू, लोकनाथ साहू, उपाध्यक्ष नूतन साहू, राधेश्याम साहू, कोषाध्यक्ष भोले साहू, संयुक्त सचिव राजू साहू, सोहन साहू, तरुण साहू, सम्मानित सदस्य कुंजबिहारी साहू, बालाराम साहू, तहसील साहू संघ अभनपुर के उपाध्यक्ष श्रीमती हेमलता साहू, श्रीमती सरोज साहू, श्रीमती शांति साहू, संगठन मंत्री डॉ ओंकार साहू, नगर अध्यक्ष भवानी शंकर साहू, सचिव राजू साहू, तरुण साहू, झाडूराम साहू, किशन साहू, चमरू राम साहू, ललित साहू, संजय साहू, तरुण साहू, विष्णु साहू, युवा प्रकोष्ठ के शुभम साहू, अमित साहू, रोशन साहू, इंजीनियर होरीलाल साहू, आशीष साहू, जितेंद्र साहू, नवीन साहू, लक्ष्मण साहू, महिला प्रकोष्ठ के मनीषा साहू, शांति बाई साहू, राम बाई साहू, मीराबाई साहू, प्रेम भाई साहू, भगवंतीन बाई साहू सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय ओपन महिला एवं पुरुष शतरंज प्रतियोगिता 25 एवं 26 फरवरी को

**रायगढ़, 15 फरवरी।** जिला प्रशासन रायगढ़ एवं जिला शतरंज संघ के तत्वाधान में जिला स्तरीय ओपन महिला एवं पुरूष शतरंज प्रतियोगिता-2023 का आयोजन 25 एवं 26 फरवरी 2023 को सेंट जेवियर स्कूल, बोईरदादर रायगढ़ में किया जाएगा। वेबसाईट **https://forms.gle/fDNo2yXYANzE8Per8** लिंक में प्रवेश ले सकते है जो कि निःशुल्क है। शतरंज प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी को प्रथम पुरस्कार-5 हजार रुपये, द्वितीय-3 हजार रुपये, तृतीय-2 हजार रुपये, चतुर्थ-01 हजार रुपये तथा पांचवा से दसवां तक 500 रुपये (कुल पुरूस्कार 27 हजार एवं ट्राफी) दिया जाएगा। प्रतियोगिता के संख्या के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय स्वीस लीग पद्धति से खेली जाएगी।

## एक नजर

### कांग्रेसियों का सतत जनसंपर्क जारी



**डोंगरगढ 15 फरवरी।** प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चल रहे हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा के अंतर्गत कांग्रेस जनों द्वारा वार्ड नंबर 9 मिसियाबाडा में जनसंपर्क कर देश में बढ़ रही मंहगाई वैमनस्यता और नफ़रत की भावना के खिलाफ हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा किया गया। वार्ड के भ्रमण के दौरान ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजीव गोमास्ता नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम संध्या देशपांडे संजय श्रीवास्तव नलिनी मेश्राम किरण देउडकर ममता शिंदे अनिल मेश्राम रिम्मी भाटिया किरण मेश्राम शिशुपाल भारती हरीश भंडारी जितेंद्र भाटिया रूपचंद खोबरागडे विरेंद्र पाल गनपत रजक दुलीचंद बडोले नरेश करसे अमीन उके मतीन खान मनोज यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### द्वादश शिव ज्योतिर्लिंग झांकी का उद्घाटन 16 फरवरी को

**भाटापारा 15 फरवरी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 87 वां त्रिमूर्ति शिव जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 16 फरवरी 2023 गुरुवार को संध्या 5:30 बजे से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मुख्यालय भाग्य विधाता भवन नरसिंह विहार कॉलोनी भाटापारा में कार्यक्रम आयोजित है जिसमें अति आकर्षक एवं मनमोहक द्वादश शिव ज्योतिर्लिंग झांकी का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा किया जाएगा साथ ही महाशिवरात्रि के पावन पर्व की कथा अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से संबंद्ध राजयोग शिक्षिका बहनों के द्वारा उद्बोधन के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। साथ ही आए हुए अतिथियों के द्वारा भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अपना वक्तव्य देंगे एवं बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति होगी। अतः क्षेत्र के समस्त भाइयों एवं बहनों से विनम्र निवेदन है कि द्वादश शिव ज्योतिर्लिंग झांकी का अवलोकन करने एवं महाशिवरात्रि पावन पर्व की कथा श्रवण करने हेतु अवश्य पधारें । द्वादश शिव ज्योतिर्लिंग झांकी दिनांक 16 फरवरी एवं 17 फरवरी को संध्या 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक एवं 18 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन पूरे दिन झांकी का अवलोकन किया जा सकता है। उक्त जानकारी.राजयोग शिक्षिका बी के मंजू बहन, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा ने दी है।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 17 को ग्राम कोरा में

**धमतरी 15 फरवरी।** शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति से वाकिफ होने कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में भखारा तहसील के ग्राम कोर्रा में 17 फरवरी और धमतरी तहसील के ग्राम देवपुर में 24 फरवरी को शिविर आयोजित किया जाएगा।



**तिल्दा नेवरा 15 फरवरी।** हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के अंतर्गत काग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेवरा महामाया मंदिर में पूजा अर्चना कर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में काग्रेस नेता पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी सहित अनेक नेता स्थानीय कार्यकर्ताओ ने जोश के साथ अभियान में समलित हुए। काग्रेस नेता ओ ने कहा की बलौदा बाजार विधान सभा क्षेत्र में काग्रेस भारी उत्साह में दिख रही है।

# अनुपस्थित लवन सीएमओ को शो काज नोटिस

## कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा,समय सीमा के भीतर कार्य करने के दिए निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 15 जनवरी।** कलेक्टर रजत बंसल ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यों की काम काज की समीक्षा किए। जिसमें उन्होनें मुख्यमंत्री के घोषणाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारीयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होनें आज राज्य शासन योजना अंतर्गत गौठानों के क्रियान्वयन हेतु विद्युत कनेक्शन, रीपा की प्रगति के आधार पर जिले में मछली पालन,मुर्गी पालन पर विशेष जोर देते हुए आजीविका गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अनुशंसा पर जिले में नदी किनारे निवासरत धीवर समाज के सदस्य जो मछली पालन सम्बंधित अन्य एवं गतिविधियां करतें हुए उन्हें नाव प्रदान करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। इसके लिए हितग्राहियों चिह्नांकन करनें की प्रकिया प्रारंभ करनें कहा गया है। हितग्राहियों के चयन में धीवर समाज को प्राथमिकता एवं समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग लेने कहा गया है। इसके साथ ही गिरौदपुरी में बाबा गुरू घासीदास जी की जन्म स्थली का विकास कार्य जल्द आरंभ करनें कहा है। आने वाले दिनों में मेला का आयोजन होना है।उसमे आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए पेयजल की समुचित,व्यवस्था, अस्थाई शौचालय निर्माण और मेला में आने वाले सभी श्रद्धालुओं हेतु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उक्त बैठक में जिलें में खराब सड़कों के लिए स्वीकृत हुए कार्यो को समय सीमा के भीतर पूर्ण करनें के करनें के निर्देश सभी सम्बंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारियों दिए है। जिसमें मोहरा से सुहेला रोड और केशला से करहीबाजार रोड का मरम्मत कार्य साथ ही मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली ग्रामीण सड़को पर गति अवरोधक बनाने की अनुशंसा की ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही कलेक्टर रजत बंसल ने सीएसआर गतिविधियों को बढ़ाने कहा है। जिसमें 31 मार्च तक 2 करोड़ की राशि का विकास कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए है.अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा तिल्दाबांधा तालाब में समूचित पानी पहुंचाने और जिले के औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण आम नागरिकों हेतु स्वास्थ्य सुविधाएं, वृक्षारोपण,गार्डन निर्माण और लाभकारी योजनाओं की जानकारी देने जैसे गतिविधियों का आयोजन के साथ सीएसआर कार्य का सत्यापन कराने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए है। बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। हाट बाजार क्लीनिक योजना में शेड निर्माण कार्य और कसडोल तहसील के अंतर्गत विभिन्न गांवों में वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में एसडीएम कसडोल,डीएफओ एवं सहायक आयुक्त को लंबित आवेदनो पर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए है ताकि वन अधिकार पट्टाधारियों की आय में वृद्धि की जा सके।

# विधायक ने अजाविप्रा मद से दिलाई करोड़ों की स्वीकृति

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 15 फरवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुसार क्षेत्रीय विधायक अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर शोभाराम बघेल ने विकास की गति को बढ़ाते हुए अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022 -23 मे राजनांदगांव व खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यो की स्वीकृति दिलाई है जिसमें विकासखंड डोंगरगढ़ के ग्राम ढारा मे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य क्षेत्रफल 6. 50 लाख ,छिपा दौड़की सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख, मोहारा मे सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख, रीवागहन मंच निर्माण कार्य 2.50 लाख, मिनीमाता मूर्ति की स्थापना कार्य 2 लाख, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ बाउंड्री वाल निर्माण कार्य 5 लाख, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ शहर में एंबुलेंस रखरखाव हेतु 1 लाख , इसी प्रकार राजनांदगांव के अंतर्गत ग्राम घुमका मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एंबुलेंस रखरखाव हेतु 1 लाख , सतनामी समाज के लिए बर्तन विक्रय हेतु 1 लाख, सहसपुर दल्ली -भरका टोला व महरूम खुर्द कबड्डी मेट क्रय हेतु 2 - 2 लाख , बीरेझर जिम सामग्री क्रय हेतु 3 लाख, ग्राम कलेवा सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य 10 लाख , बोटेपार सीसी रोड निर्माण कार्य 3 लाख, मंच निर्माण कार्य 2 लाख , ग्राम बांसुला सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 6.50 लाख , रेगा कटेरा बखत सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख ,धौरा भाटा - बुंदेली खुर्द सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख, सिंगपुर महोबा सीसी रोड निर्माण कार्य 5 लाख आदि विधायक श्री बघेल द्वारा क्षेत्र में प्राधिकरण मद से दोनों जिलों में करोड़ों की स्वीकृति मिलने पर जनता में काफी हर्ष देखने को मिल रहा है ।

### पंचम दीवान कन्या शाला में विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन हुआ



**भाटापारा 15 फरवरी।** जिले के सबसे बड़ी कन्या शाला,पंचम दीवान शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला को स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिन्दी पंचम दीवान शास.कन्या उच्च.माध्यमिक विद्यालय के रूप परिवर्तित करते हुये शासन के निर्देशानुसार विभिन्न निर्माण कार्यो की भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर, विशेष अतिथि वैभव केशरवानी अध्यक्ष शाला विकास समिति समिति के सदस्य पार्षद एवम सभापति दीपक निर्मलकर, नंदनी ध्रुव, संस्था के प्राचार्य शैलेन्द्र नामदेव आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन एस.के.यादव एवम स्वागत मनीष देवांगन ने किया।कार्यक्रम में विशेष रूप से एस.डी ओ.भाष्कर पाठक ने जानकारी दी कि,वर्तमान में शाला परिसर में सी सी रोड,सायकल शेड,मुख्य आकर्षक गेट,एवम सभी कमरों की जीर्णोद्धार किया जाएगा।कार्यक्रम में इंजीनियर वंदे, संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता आर.आर.यदु,नारायण निर्मलकर, एस.एल.वर्मा, सरिता सिंग,खुशबू ठाकुर, रेखापाल,मंजू वर्मा,सुमित वर्मा,तारिणी ध्रुव गंगा आदि थे।

### जगतगुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती का भव्य स्वागत हुआ



**भाटापारा 15 फरवरी।** पुरी पीठ के जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महराज मंगलवार दोपहर भाटापारा रेल्वे स्टेशन से जम्मू तवी एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुए वे कवर्धा के कार्यक्रम के बाद यहां पहुंचे ।शंकराचार्य जी के शहर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया भक्तजनो ने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया पीठ परिषद के जिलाध्यक्ष विजय शर्मा के अलावा बडी संख्या मे लोग इस दौरान मौजूद रहे ,शंकराचार्य जी कुछ समय भाटापारा मे रूकने के बाद रेल मार्ग से रवाना हुए।

### तीन दिवसीय मानस महोत्वस,सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**दल्लीराजहरा 15 फरवरी।** सर्व समाज समन्वय समिति बाजार चौक घोटीया जिला- बालोद के तत्वधान में त्रिदिवसीय सस्वर मानस महोत्सव व संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस सस्वर मानस महोत्सव समापन के मुख्य अतिथि भाजपा डौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने इतने अच्छे आयोजन के लिए समिति के सभी सदस्य को ससम्मान श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद दिया ओर जीवन में मानव कल्याण के लिए सदेव अग्रसर रहने की बात कही।इस दौरान विशेष अतिथि के रूप में आए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष बालोद व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे ने श्री राम के प्रेरणात्रोत जीवन पर प्रकाश डाला।इस अयोजन के समापन में समिति के अध्यक्ष भोज कुमार साहू ,उपाध्यक्ष ललित पटेल,लाभा राम साहू, नानक दास,चिन्ताराम,रमेश यादव, हेमंत,चेतन, गोकरण बादि उपस्थित थे।

### पोहा मिल मे आगजनी, दस लाख का सामान जलकर नष्ट



**भाटापारा 15 फरवरी।** ग्राम खोखली स्थित धीरज इंडस्ट्रीज पोहा मिल में आग लगने से लगभग दस लाख रूपये के नुकसान होना बताया गया है ।इस आशय की रिपोर्ट पोहा मिल संचालक ने ग्रामीण थाना मे दर्ज करायी पुलिस ने मामला दर्जकर आगजनी की विवेचना प्रारंभ कर दी है टी.आई. विनोद मण्डावी ने जानकारी देते हुए बताया कि धीरज पोहा मिल मे सोसवार रात अचानक हुई आगजनी कि घटना मे मिल मशीनरी का सामान जल गये आगजनी कि घटना कैसे हुई यह अभी अज्ञात है विवेचना की जा रही है ।इस आगजनी के दौरान मिल के कीमती मशीन व अन्य सामान जलने से भारी नुकसान हुआ है।

### भारतीय जनता पार्टी की बैठक में सम्मिलित हुई भाजपा प्रदेश मंत्री

**कसडोल 15 फरवरी।** बलौदाबाजार जिला टुण्डरा नगर पंचायत में आज दिनांक 12/02/2023 दिन रविवार को भारतीय जनता पार्टी , मंडल टुण्डरा का आवश्यक बैठक आहूत किया गया था ! आज के इस बैठक में पूर्व में सम्पन्न हुए विभिन्न कार्यो की समीक्षा के साथ संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा कर किया गया। साथ ही प्रदेश की आम जनता के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रहे धोखा व घोटाले को भी लेकर प्रदेश की निकम्मी सरकार के विरुद्ध आवाज बुलंद करने की अपील की गई। आज के इस बैठक में डॉ सनम जांगड़े जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक बिलाईगढ़ एवं श्याम बाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा मुख्यरूप से उपस्थित रहे। साथ ही पुनीराम पटेल जिला उपाध्यक्ष बलौदाबाजार, राजकुमार जायसवाल जिलाध्यक्ष पि.व. मोर्चा बलौदाबाजार, जिला उपाध्यक्ष बलौदाबाजार नामदेव पटेल आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक:**
**202302092200042/202302092200042**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2022-2023

**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ ( हे. ) ]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-दानिश अब्रार,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दानिश अब्रार पिता मंजूर अहमद हुसैन निवासी पटेल वार्ड नम्बर 17 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के दादा अलताफ हुसैन आ. धाकर हुसैन का मृत्यु दिनांक 14.08.1974 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28.02.2023 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/02/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**


# शक्ल, अक्ल और कद है बराबर,करचिया के जुड़वाँ भाइयों की कहानी भी है दिलचस्प

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग 15 फरवरी।** आज तक आपने फिल्मों में दो जुड़वाँ भाइयों के हमशक्ल होने के किस्से देखे होंगे।आज हम आपको ऐसे हमशक्ल भाइयों से अवगत करवाने जा रहे है। जिनकी शक्ल तो एक है लेकिन भगवान ने उनका कद,अक्ल और शरीर की बनावट भी ऐसा बनाया हो। मानो वे दोनों एक ही इंसान है। करचिया के रहने वाले ये दो भाई छायासंत और छायाबंत हूबहू एक दूसरे के हमशक्ल नजर आते है। गॉव के लोग या परिवार के लोग भी कई बार असमंजस की स्थिति में पड़ जाते है कि छायासंत कौन है और छायाबंत कौन।उम्र में छायाबंत अपने छोटे भाई छायासंत से 5 मिनट बड़ा है।13 फरवरी 2003 को जन्मे इन दोनों भाइयों को पाने के लिए माँ-बाप ने कई देवीधाम में माथा टेका। तो कई जगह हवन पूजन करवाकर संतान प्राप्ति के लिए व्रत भी रखा। माँ बाप के नित्य पूजा पाठ का प्रतिफल ऐसा रहा कि करचिया के विक्रम बिसी और मालती बिसी के घर जुड़वाँ पुत्रों का जन्म हुआ।बचपन से ही एक दूसरे के हमशक्ल भाइयों को आज भी गॉव वाले पहचानने में धोखा खा जाते है। वहीं दोनों जुड़वाँ भाइयों के बीच प्यार भी ऐसा है कि दोनों भाई कम दोस्त ज्यादा नजर आते है। इसी का परिणाम है कि दोनों भाई आज भी ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बने हुए है।



**आपसी सहमति से ही लेते है निर्णय-:** छायासंत और छायाबंत में इतना प्यार है कि दोनों जुड़वाँ भाई हर बात को एक दूसरे से बिना शेयर किये रह नहीं पाते। या ज़ब भी कोई निर्णय लेना होता है तो दोनों आपस में चर्चा कर उन बातों को अपने माँ-बाप को बताते है। जन्म से ही एक साथ पले बड़े दो भाइयों में इतना ज्यादा लगाव देखने को मिलता है कि दोनों गॉव में भी एक साथ घूमते है, जबकि बाहर घूमने जाने या अन्य गॉव जाने पर भी दोनों एक दूसरे के साथ ही कही भी बाहर जाते है।

**तबीयत खराब होने पर बड़े भी रह गया था भूखा-:** छायासंत अपने बड़े भाई छायाबंत के विषय में बताता है कि बचपन में ज़ब दोनों दसवीं क्लास में पढ़ते थे, उस दौरान उसका तबीयत ख़राब हो गया था.. और माँ बाप भी घर से बाहर गए थे, उसी दौरान तीन किलोमीटर की दूरी तय कर भाई उसको इलाज के लिए देवभोग लेकर गया था। वहीं इलाज करवाकर लाने के बाद बड़ा भाई उसी के पास दिन भर बैठा रहा। बड़े ने तब तक कुछ नहीं खाया, ज़ब तक छोटे का तबीयत ठीक नहीं हुआ। उस दौरान दोनों भाइयों ने देर शाम साथ भोजन किया था।


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**
**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

**क्रमांक:- पुअ / कोण्डा / एसी / एम / 650-B /2023 कोण्डागांव, दिनांक: 09/02/2023**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें दो लिफाफे पद्धति से पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोण्डागांव के कार्यालय में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर के भवन निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाए गये प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र ''अ'' में लोक निर्माण विभाग के एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदार (डी श्रेणी एवं अधिक) से दो लिफाफा पद्धति में (निविदा दर तथा अमानत राशि लिफाफा) पंजीकृत पावती युक्त डाक पोस्ट से कार्यालयीन समय में आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 13.03.2023
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 14.03.2023(15: बजे तक)
3. निविदा खोले जाने की तिथि - 14.03.2023(16: बजे तक)

| क्र. | कार्य का नाम एवं कार्यस्थत | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जिला कोण्डागांव अंतर्गत सीआरपीएफ 188 वी वाहिनी मुख्यालय के अधिकारियों हेतु रेसिडेंसियल ज्वाइंट कमाण्ड सेंटर निर्माण कार्य | 1975000/- | 59250/- |

नोट:- निविदा प्रपत्र क्रय हेतु 0055 पुलिस मिसलेनियस 800 अन्य प्राप्तियां मद में राशि रू. 750.00 का चालान जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र प्रदाय किया जावेगा। निविदा संबंधी अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं।

**पुलिस अधीक्षक**
**जिला कोण्डागांव**

**जी-98484/3**


# रोजाना भारी वाहनों का दबाव, बायपास सड़क निर्माण की सख्त जरूरत:नवीन

**डोंगरगढ़ 15 फरवरी।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य व प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष डुमेंद्र लोधी जिला उपाध्यक्ष अनिल सिन्हा जिला महासचिव अमित कुमार सिन्हा बिट्टू अग्रवाल शेखर यादव सोम निषाद कुनाल डोंगरे गौतम सवांकर त्रियांस धमगेश्वर हिमांशु बांसोड़ दिवाकर वाल्दे प्रवीण वाल्दे ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपा नवीन अग्रवाल ने बताया कि रेलवे क्रासिंग बंद होने के बाद कालेज से मंदिर रोड़ की सूरत ही बदल गई है। क्योंकि इस पैदल रोड़ पर भारी वाहन सरपट दौड़ रहे है। ऊपर से साल में दो बार नवरात्र पर्व का दबाव इसी रोड़ पर ही है। इसके बावजूद प्रशासन ने अब तक इसके कायाकल्प करने के लिए कोई प्रस्ताव ही तैयार नहीं किया है। ऐसे में हमेशा पब्लिक व वाहनों के दबाव में यह सड़क पूरे तरीके से बदहाल हो चुकी है। बता दे कि रेलवे क्रासिंग बंद होने के बाद से वाहनों कि आवाजाही सतबहिनी मंदिर रोड़ से मेला ग्राउंड, नीचे मंदिर, रणचंडी मंदिर होकर पुराना कालेज के पास निकल रही है। जबकि क्रासिंग बंद होने से पहले इस रोड़ का उपयोग दर्शनार्थी पैदल आवाजाही के लिए करते थे। लेकिन अब सकरे सड़क में बड़े बड़े भारी वाहन दौड़ रहे है। मां बम्लेश्वरी देवी के पैदल व टू तथा फोर व्हीलर से आने वालें दर्शनार्थी इसी रोड़ का हमेशा उपयोग करते है। भारी वाहन चलने से रोड़ की दुर्दशा हो गई है। इसके बाद भी अब तक सड़क की दशा को सुधारने के लिए पहल नहीं की गई है। भारी वाहनों को रोकने के लिए लोहे के एंगल लगाएं गए थे लेकिन कुछ ही दिनों में इसे भी निकाल दिया गया। अब सड़क धूल के गुबार में है। सीएम पहुंचें तो की गई थी लिपा पोती, कुछ दिन में फिर वहीं स्थिति।



धर्मनगरी में जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में शहर पहुंचे थे तब अफ़सरों ने अपनी नाकामी को छिपाने के लिए कालेज से मेला ग्राउंड तक पेंचवर्क मरम्मत कर लिपा पोती कर लाखों रुपये फूंक दिए। मरम्मत के नाम पर बजरी गिट्टी व डस्ट डाला गया। लेकिन कुछ दिन बाद सड़क अपनी पुरानी स्थिति में आ गई। फिर से धूल की गुबार और जगह जगह गड्ढे ही नजर आ रहे है। सड़क को नए सिरे से नवनिर्माण की जरूरत है। लेकिन अफ़सर व जनप्रतिनिधि ध्यान ही नहीं दे रहे।

**धूल ऐसी की पेड़ो के पत्ते के रंग भी बदल गए, घर से निकलना मुश्किल-** भारी वाहनों के चलते इस रोड़ में हमेशा धूल का गुबार ही उड़ता है। सड़क किनारों में स्थित पेड़ो के हरे-भरे पत्तों के रंग भी बदल गए है। सभी पेड़ पौधे धूल से सराबोर ही नजर आ रहे है।भारी वाहनों के चलने से हमेशा धूल उड़ते रहता है जिसकी वजह से वहां रहने वालो को घर में हमेशा दरवाजा लगाकर रहना पड़ता है। दुकान खोलनें से पहले सड़क पानी छिड़कना पड़ता है ताकि कुछ हद तक धूल कम हो सके।

**मंदिर रोड़ पर हमेशा पब्लिक फिर भी प्रतिबंधित वाहनों की एंट्री-** नीचे मंदिर, रणचंडी मंदिर व कालेज आने जाने के लिए दर्शनार्थी व छात्र इसी रास्ते से पैदल आवाजाही करते है। लेकिन इसके बावजूद भारी वाहनों को रोकने के लिए कोई प्रबंध नहीं है। नीचे मंदिर पार्किंग में वाहन रखने के बाद दर्शनार्थी सड़क को पार करते है तब हादसे होने की संभावना बनी रहती है। इसके बाद भी भारी वाहनों को रोका नहीं जा रहा।

**बायपास विकल्प लेकिन इस पर भी काम नहीं, प्रपोजल अटका पड़ा हुआ है-** शहर से बाहर भारी वाहनों के निकलने के लिए बायपास का विकल्प है। परन्तु बायपास के लिए प्रस्तावित रोड़ तय कर प्रपोजल दस महीनें पहले राज्य शासन के पीडब्ल्यूडी विभाग को भेज जा चुका है। लेकिन प्रपोजल पर अब तक कोई जवाब नहीं आया है। जबकि शहर में बढ़ते हैवी ट्रेफिक के दबाव को कम करने के लिए बायपास निर्माण की सख्त आवश्यकता है। ताकि हादसों पर भी लगाम लगा सकें।


**कार्यालय नगर पंचायत बस्तर जिला बस्तर (छ.ग.)**

**क्रमांक 1740/लो.नि.वि./न.पं.2023 बस्तर, दिनांक 14/02/2023**

**मैनुअल पद्धति (द्वितीय) निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म से निम्न निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 21.02.2023 5.00 बजे तक
2 निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 22.02.2023 5.00 बजे तक
3.निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि - 28.02.2023 3.00 बजे तक
4.निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 28.02.2023 4.00 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | CC सड़क निर्माण कार्य(वार्ड क्र.-01 पुलिया के पास से लडिया घर मार्ग में 30 मीटर) | 1.00 | 2000 |
| 2 | CC सड़क निर्माण कार्य(वार्ड क्र.-07 नवागुडा हेण्डपंप के पास गंगा घर तक 100 मीटर) | 1.47 | 2000 |
| 3 | CC सड़क निर्माण कार्य(वार्ड क्र.-09 फरसापारा स्कूल से डामर रोड 100 मीटर) | 3.34 | 3500 |
| 4 | CC सड़क निर्माण कार्य(वार्ड क्र.-11 सीताराम पार्षद घर से हेण्डपंप तक 150 मीटर) | 5.02 | 5000 |
| 5 | CC सड़क निर्माण कार्य(वार्ड क्र.-13 कैलाश पटेल घर के सामने से बैरागी घर तक 80 मीटर) | 2.68 | 3000 |
| 6 | CC सड़क निर्माण कार्य(वार्ड क्र.-13 रामानंद मिश्रा घर से मोती कश्यप गुरूजी घर तक 50 मीटर) | 1.67 | 2000 |
| 7 | CC सड़क निर्माण कार्य(वार्ड क्र.-14 आंगनबाड़ी हेण्डपंप से बागबहार स्कूल के पीछे तक 100 मीटर) | 3.34 | 3500 |
| 8 | CC सड़क निर्माण कार्य(वार्ड क्र.-14 आंगनबाड़ी तिराहा से हरचंद घर तक150 मीटर) | 5.02 | 5000 |
| 9 | CC सड़क निर्माण कार्य(वार्ड क्र.-15 पार्षद घर होते हुए डामर रोड तक150 मीटर) | 5.02 | 5000 |

उक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तुत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत बस्तर**

# भाजपा नेताओं की हत्या का मामला विधानसभा में गूंजेगा

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा – बस्तर में कानून व्यवस्था बदतर

■ भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी 2 मार्च को

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर,15 फरवरी।** नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बताया कि विधानसभा के आगामी माह शुरू होने वाले बजट सत्र में सरकार को घेरने विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी। सत्र के दौरान भाजपा नेताओं की हत्या,खनिज,शराब माफिया सहित गिरती कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की जाएगी।विधानसभा का बजट सत्र मार्च प्रथम सप्ताह से शुरू हो रहा है। इसमें कुल 14 बैठकें होंगी। पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके पश्चात इस पर चर्चा होगी। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के अनुसार भाजपा विधायक दल की बैठक 2 मार्च को बुलाई जाएगी। बैठक में बस्तर में हत्या का मामला जोर शोर से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव को देखते हुए बस्तर में सुरक्षा के चाक चौबंध प्रबंध किए जाएं। चंदेल के अनुसार राज्य में गिरती कानून व्यवस्था को लेकर भी काम रोको प्रस्ताव लाया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं मनरेगा के लिए पर्याप्त धनराशि भेजी जा रही है लेकिन राज्यांश जमा नहीं होने के कारण राज्य में 13 लाख से अधिक मकान अधूरे हैं। मनरेगा के तहत होने वाले कार्य नहीं हो पा रहे हैं जिससे किसान परेशान है।

नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह सत्र औपचारिक रूप से बुलाती है। मार्च माह के प्रथम सप्ताह में होली के बाद 10 दिन सत्र स्थगित रहेगा। प्रथम सप्ताह में बजट पेश किया जा सकता है। सरकार के पास पर्याप्त बहुमत है। इसलिए वह सत्र को ज्यादा दिन नहीं चलने देगी। किसी मुद्दे पर सरकार चर्चा करने के बचती है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार सत्र में अभी तक 500 से अधिक प्रश्न लग हैं। इसके पश्चात ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाएगा जाएगा।

प्रदर्शन...




रायपुर 15 फरवरी। नर्सिंग आफिसर्स एसोसिएशन के बैनर तले आज नर्सों की भर्ती, ग्रेड पे में बढ़ोतरी, भत्ता सहित अन्य मांगों को लेकर प्रशिक्षित नर्सों ने प्रदर्शन किया। नर्सों ने मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## एक नजर

### विधायक ने दिव्यांग महिला को व्हील चेयर की भेंट

**रायपुर 15 फरवरी।** रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र के संत रामदास वार्ड क्र.25 के म.नं.148, राम नगर, रायपुर में निवासरत् दिव्यांग महिला जिनका नाम गुड़िया, उम्र- 42 वर्ष, पति- श्री अशरफी लाल को व्हील चेयर भेंट किया। विधायक विकास उपाध्याय द्वारा लगातार विधानसभा के जरूरतमंद व्यक्तियों और समितियों को आवश्यक वस्तुएँ भेंट की जा रही हैं, इसी कड़ी में आज दिव्यांग महिला गुड़िया को विधायक जी की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधियों के माध्यम से व्हील चेयर भेंट किया गया।

### मनी लांड्रिंग मामले में सात आरोपियों की सुनवाई 4 मार्च तक बढ़ी

**रायपुर 15 फरवरी।** मनी लांड्रिंग और कोयले पर लेवी वसूली के मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपियों की सोमवार को ईडी कोर्ट में पेशी हुई। उनकी आज तक की रिमांड अवधि खत्म हो रही थी। मामले की सुनवाई न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में चल रही है। आज समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल, लक्ष्मीकांत तिवारी, एस एस नाग, संदीप नायक की सुनवाई 4 मार्च के लिए आगे बढ़ गई। वहीं दीपेश टांक की जमानत याचिका पर कल और सुनवाई होगी। और निखिल चंद्राकर ने अपने से मारपीट, बयान में जबरिया हस्ताक्षर करवाने की एफिडेविट पर भी सुनवाई होगी।

### एआईसीसी का 85वां अधिवेशन 24 से, तैयारियां जोरशोर से जारी

**रायपुर 15 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि एआईसीसी का 85वां अधिवेशन 24 से 26 फरवरी तक रायपुर में प्रस्तावित है, इस अधिवेशन की तैयारी जोरों पर है। प्रदेश प्रभारी सुश्री शैलजा इसकी समीक्षा के लिए रायपुर आ चुकी है, तैयारियों के लिए जो कमेटियां बनी है उनकी बैठक ली जा रही है, इस बैठक में विभिन्न कमेटियों के कामों का बंटवारा किया जाएगा, अभी तक जो कार्य हुये, उसकी समीक्षा की जाएगी। बताया गया कि वरिष्ठ नेता अधिवेशन कार्यक्रम स्थल का भी जायजा लेंगी। इसी अधिवेशन में वर्किंग कमेटी का चुनाव होना है, विभिन्न विभाग के ढांचे का भी निर्माण होना है, उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी विभिन्न विभागों के ढांचे का निर्माण भी किया जाएगा, आजादी के बाद. मध्य भारत के किसी शहर में पहली बार हो रहे कांग्रेस के महाधिवेशन में इतिहास बनने जा रहा है। रायपुर महाधिवेशन में कांग्रेस पार्टी का संविधान बदलेगा।

### छग में उत्तरी हवाओं ने बढ़ाई सर्दी तापमान में गिरावट से फिर लौटी ठंड

**रायपुर 15 फरवरी।** उत्तरी हवा एक बार फिर से प्रभावी हो गई है। इसके चलते न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट आ गई। इतना ही नहीं इसका प्रभाव दिन में भी पड़ा और अधिकतम तापमान एक दिन पूर्व की तुलना में डेढ़ डिग्री सेल्सियस कम रहा। मौसम विभाग के अनुसार एक-दो दिन में उत्तरी हवा का प्रभाव कमजोर पड़ने से तापमान में थोड़ी वृद्धि हो सकती है। बताया गया कि उत्तर से आने वाली हवा की गति में परिवर्तन होने की संभावना है। इसके कारण न्यूनतम तापमान में परिवर्तन होने की संभावना है। मंगलवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। इससे प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि का ट्रेंड बनने की संभावना है। हालांकि तापमानमें परिवर्तन होने की सम्भावना नही है। मौसम में उतार-चढ़ाव के बीच न्यूनतम तापमान में सीधे तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट से बीती रात कड़ाके की ठंड पड़ी। इस मौसम में पहली बार तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से तीन डिग्री कम रहा। इतना ही नहीं प्रदेश के किसी भी प्रमुख शहरों में रात का तापमान इतना कम नहीं रहा। दिन में तापमान 31 डिग्री के साथ सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस ज्यादा रिकार्ड किया गया।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने वरिष्ठ नेताओं ने बनाया प्लान

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर,15 फरवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी शैलेजा महामंत्री तारिक अनवर,कोषाध्यक्ष पवन बसंल तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में एक आवश्यक बैठक राजीव भवन में हुई।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक एवं महामंत्री रवि घोष के अनुसार कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन 24 से 26 फरवरी तक नया रायपुर में आयोजित किया गया है। इसके लिए विशाल डोम पत्रकार कक्ष तथा मंचों का निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। कांग्रेस कमेटी के ओर से कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल एवं गिरीश देवांगन अहम जिम्मेदारी दी गई है।राज्य में इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यवस्था, भोजन, स्वागत समिति बनाई गई है। जिसमें विधायकों तथा अन्य सक्रिय कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है। 1 लाख वर्गमीटर का डोम भी तैयार किया गया है। राष्ट्रीय नेताओं ने कार्यकर्ताओं के ठहरने की व्यवस्था की जानकारी ली है। 24 को पहले दिन सभी नेताओं का आगमन होगा। इसके सभी निजी होटल,धर्मशाला एवं नामी होटलों को बुक कर लिया गया है।

## शिवधाम में महाशिवरात्रि पर पूजन व रुद्राभिषेक 18 को

**रायपुर, 15 फरवरी।** ग्राम तुलसी (पाटन) स्थित शिवधाम अघोरेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि 18 फरवरी को है। शिवधाम शोध एवं संस्थान रायपुर द्वारा निर्मित शिवधाम में प्राण प्रतिष्ठित विशाल शिव लिंग के भव्य दर्शन होते हैं। भव्य शिव मंदिर का परिसर काफी बड़ा है। यहां गुरूदेव अघोरेश्वर भगवान राम एवं माँ अघोरेश्वरी काली का अद्भुत मंदिर स्थापित है। गुरूदेव एवं माता रानी की जीवंत प्रतिमा मन को आस्था व श्रद्धा से ओतप्रोत कर देती है। 18 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से पूजन तथा रूद्राभिषेक का श्रीगणेश होगा। दोपहर ढाई बजे प्रसादी वितरण किया जाएगा। प्रहर पूजन एवं विशेष अभिषेक रात्रि प्रथम प्रहर 6 बजकर तीन मिनट से 9.10 बजे, रात्रि द्वितीय प्रहर 9.10 से 12.17 बजे, रात्रि तृतीय प्रहर (हवन) 12.17 से 3.24 बजे तक तथा रात्रि चतुर्थ प्रहर



3.24 से 6.32 बजे तक किया जाएगा। भक्तगणों से निवेदन किया गया है कि वे भारतीय परिधान में आएं। शिवधाम खारून नदी के तट पर रायपुरा, महादेवघाट, अमलेश्वर सांकरा, मोतीपुर, झीट, खुड़मुड़ी होते हुए पाटन रोड पर ग्राम तुलसी में स्थित है।

## आज भारत की गिनती बौद्धिक संपदा में अग्रणी रूप से होती है: के .एल. वर्मा

**रायपुर 15 फरवरी।** विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं कलिंगा यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक सम्पदा अधिकारः शैक्षणिक विश्व में एक अवलोकन एवं निहितार्थ विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन का उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रो. के. एल. वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि कुलसाचिव, प्रो. विभागाध्यक्ष डॉ. गिरीशकांत पाण्डेय की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रोफेसर के एल. वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता एवं अच्छे शोध के लिए संयुक्त आयोजन एक अच्छा प्रयास है ।बौद्धिक संपदा को ही आगे बढ़ाते हुए व्यक्ति के ज्ञान को ही सर्वोपरि माना गया है ।आजादी के बाद से ही भारत में इस ओर विशेष ध्यान दिया गया ।जिसके कारण आज भारत की गिनती बौद्धिक संपदा में अग्रणी रूप से होता है।प्रो. गिरीशकांत पांडेय ने कहा कि सरस्वती और लक्ष्मी व्यक्ति के पास एक साथ रहे। इसलिए बौद्धिक संपदा का अधिकार और संरक्षण मिलना आवश्यक है ।इसके लिए जागरूकता और ज्ञान की आवश्यकता के लिए इस प्रकार का कॉन्फ्रेंस उपयोगी है।

इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ .मेघेश तिवारी ने बताया कि कलिंगा विश्वविद्यालय के साथ एम .ओ .यू .के बाद यह प्रथम संयुक्त आयोजन है ।विप्र कॉलेज इस प्रकार लगातार प्रयास कर रहा है ,कि छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के साथ मिलकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नियमित प्रयास किए जाएं।

इसके बाद सम्मलेन के प्रथम तकनीकी सत्र में प्रो. सी. डी. अगाशे (विभागाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला व संचालक, अध्यापक शिक्षा संस्थान, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़) द्वारा बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर व्याख्यान दिया गया । उन्होंने बताया कि आईपीआर के दायरे में प्लेगेरिज्म ,पेटेंट एवं कॉपीराइट आदि आते हैं। विश्व में जागरूकता की श्रेणी में भारत 81 नंबर पर था ।परंतु अब 40 नंबर पर है ।इस प्रकार हमारे देश में भी जागरूकता बढ़ी है।

## दिव्यांग बच्चों ने मनाया मातृ-पितृ दिवस



**रायपुर, 15 फरवरी।** दिव्यांग कल्याण समिति द्वारा बजाज कालोनी, सेक्टर1, राजेन्द्र नगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। स्कूल में बच्चों को संस्कारवान बनाने तथा भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मूक-बधिर बच्चों ने माता-पिता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी तथा पैर छूकर आशीर्वाद लिया। बच्चों ने माता-पिता का मुंह मीठा कराया। इसी मौके पर राजिम के तहसील दार बसु मित्र दीवान ने अपने पिता बेमेतरा निवासी बसु बंधु दीवान का जन्मदिन बच्चों के बीच मनाया। उन्होंने बच्चों में चाकलेट, मिठाई, का वितरण कर फल का जूस पिलाया। वसुमित्र दीवान ने कहा कि यह अवसर मेरे लिए यादगार रहेगा। इन बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित नगर निगम के अध्यक्ष व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि इन बच्चों से हमें जनसेवा करने की ताकत व प्रेरणा मिलती है। मातृ-पितृ दिवस पर समाज सेविका श्रीमती पिंकी शुक्ला बच्चों के लिए स्कूल को सिलिंग पंखा भेंट किया। श्रीमती शुक्ला ने कहा कि इन बच्चों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, मृत्युंजय शुक्ला, प्राचार्या शुक्लाजी, मोनिका गुप्ता आदि मौजूद थे।

महाशिवरात्रि उत्सव

शिवधाम अघोरेश्वर महादेव मंदिर

ग्राम-तुलसी (पाटन)

दिनांक 18 फरवरी 2023 शनिवार

पूर्वान्ह 11 बजे से पूजन-रुद्राभिषेक

दोपहर 2.30 बजे प्रसादी वितरण

प्रहर पूजन एवं विशेष अभिषेक

रात्रि प्रथम प्रहर
06:03 से 09.10 बजे
रात्रि द्वितीय प्रहर
9.10 से 12.17 बजे
रात्रि तृतीय प्रहर (हवन)
12.17. से 3.24 बजे
रात्रि चतुर्थ प्रहर
3.24. से 6.32 बजे

ॐ नमः शिवाय



नोटः कृपया भक्तगण भारतीय परिधान में आयें
विशेष पूजा अभिषेक के लिए दिनांक 14 फरवरी तक संपर्क करें

शिवधाम शोध एवं सेवा संस्थान,रायपुर

संपर्क-9826174789, 8889334400

मार्गः रायपुरा-महादेवघाट-अमलेश्वर-सांकरा-मोतीपुर-झीट-खुड़मुड़ी-तुलसी

### नगर निगम को स्वीकृत करोड़ों रुपये लैप्स होने की कगार परः मीनल चौबे

**रायपुर 15 फरवरी।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि सामान्य सभा आहूत नही किये जाने के कारण करोड़ो रूपये की राशि नगर निगम को नहीं मिल पायेगी । केन्द्र सरकार के द्वारा 15वें वित्त आयोग से प्रत्येक वर्ष शहर की जनता के लिए करोड़ो रूपये की राशि मूलभूत सुविधा के लिए दी जाती है। वर्तमान में लगभग 200 करोड़ रू नगर निगम को स्वीकृत है । जिसे जल, वायु और एस.बी.एम. के तहत अलग-अलग मदों में खर्च करने है । नियमानुसार 15वें वित्त के प्रस्तावित कार्य एम.आई.सी. से स्वीकृत होने के बाद सामान्य सभा में आते है। इसके बाद कार्यो का टेण्डर निकलता है। 15वें वित्त से केन्द्र की सरकार ने शहर की जल व्यवस्था के लिए लगभग दो वर्षो में 55 करोड़ रूपये स्वीकृत किये है। जिसमें से एक रू का भी काम नही हुआ है। जल से संबंधित कार्ययोजना 09 नवंबर की एम.आई.सी. से स्वीकृत है और इसे सामान्य सभा में लाना था उसके पश्चात ही इसका टेण्डर लगना था। जिम्मेदार लोगो की लापरवाही की वजह से या विपक्ष के सवालों से बचने के लिए सामान्य सभा का आयोजन नही किया गया। परिणामस्वरूप उपरोक्त कार्यो का टेण्डर नही हो पाया, और शहर की जनता फिर से एक बार गर्मी में पेयजल संकट से जूझेगी।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23